आज का तापमान
अधिकतम | न्यूनतम
लखनऊ 23°C | 7°C

इनसाइड न्यूज

सचिवालय के नजदीक से लेकर रिहायसी इलाकों तक फैला...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 12 दिसंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 61 | www.janexpresslive.com/epaper



धनखड़ खुद को आरएसएस का एकलव्य... 12

## प्रमुख सचिव, पशुधन पर वेटेनरी डॉक्टर्स के सनसनीखेज आरोप

- सोसायटी के सदस्यों ने सीईओ डॉ. नीरज गुप्ता के खिलाफ दर्ज कराया केस

# डेढ़ माह पहले योग्य नहीं माना, नियमों को अनदेखा कर बढ़ाया भ्रष्ट सीईओ का कार्यकाल

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

राज्य मुख्यालय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को कई बड़े अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। ताजा मामला प्रमुख सचिव पशुधन से जुड़ा है। वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी ने प्रमुख सचिव पशुधन के. रविन्द्र नायक पर करोड़ों रुपये लेकर भ्रष्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. नीरज गुप्ता का कार्यकाल 6 माह बढ़ाए जाने का आरोप लगाया है। भ्रष्टाचार में जांच के आदेश के बावजूद जांच नहीं करके विशेष सचिव पशुधन देवेंद्र कुमार पर भी शक की सुई रुक गई है। सोयायटी के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर मुख्यमंत्री से जांच के साथ प्रमुख सचिव पशुधन के. रविंद्र नायक, विशेष सचिव पशुधन देवेंद्र कुमार और डॉ. नीरज गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई कर डॉ. नीरज गुप्ता की सेवा समाप्त करने की मांग की। वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र खोखर ने बताया कि उप्र में यूपीएलडीवी उत्तर प्रदेश लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड का सोसायटी एक्ट के तहत शासन ने गठन किया था। यूपीएलडीवी के मेंबरों के चयन के लिए एक सख्त प्रक्रिया है। चयन प्रक्रिया में मापदंडों को अनदेखा करते हुए पारले एग्रो लिमिटेड में मैनेजर रहे नीरज गुप्ता को 28 नवंबर 2022 में सीईओ चुना गया, जबकि वेटेनरी विभाग से इनका दूर-दूर तक नाता नहीं था।




वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी ने प्रेसवार्ता कर मुख्यमंत्री से की जांच की मांग।



### सरकारी धन के गबन का आरोप

6 नवंबर 2024 को डॉ. नीरज गुप्ता पर कार ड्राइवर महेश कुमार पुत्र शिवकुमार सिंह ने पद का उपयोग कर सरकारी धन के गबन का आरोप लगाया। महेश कुमार के अनुसार सरकारी कार्य के लिए इस्तेमाल की जा रही गाड़ी नं. यूपी 32 एमटी 5400 की दो लॉग बुक बना रखीं थी। यही गाड़ी सफेद रंग की वरना कार मो. नौशाद विशाल खंड गोमती नगर लखनऊ की प्राइवेट नंबर प्लेट की कार है, जो ट्रेवल कंपनी बिलिंग कर रही है। फर्जी जीएसटी और फर्जी ड्राइवर दीपू नामक का टैक्सी का कॉमर्शियल कार्य हो रहा है। महेश का आरोप है कि उन्हें सरकारी सुविधा के लाभ से वंचित रखा गया। वेतन भी नहीं दिया गया।

### हटाने की बजाय बढ़ाया कार्यकाल

भ्रष्टाचार की शिकायतों के सबूत देने के बाद भी प्रमुख सचिव पशुधन ने नीरज गुप्ता को सीईओ पद से हटाने की बजाय उनका कार्यकाल छह महीने के लिए और बढ़ा दिया। पशुधन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों समेत राजनीतिक गलियारे में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि कहीं न कहीं प्रमुख सचिव ने कार्यकाल बढ़ाने के लिए मोटी रकम ली है।



"उक्त प्रकरण की जांच के लिए मंत्री जी द्वारा कमेटी गठित कर जांच दी गई है जिसकी जांच किया जा रहा है।

**-देवेन्द्र कुमार पाण्डेय**
विशेष सचिव पशुधन एवं संबंधित मामले के जांच अधिकारी उत्तर प्रदेश



"प्रकरण संज्ञान में नहीं है संबंधित मामले के कागजात देखने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

**-के. रविन्द्र नायक**
प्रमुख सचिव पशुधन उत्तर प्रदेश

### मुख्य सचिव पर उठे सवाल

भ्रष्टाचार में संलिप्त नीरज गुप्ता की जांच के लिए पशुधन मंत्री ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। जांच शुरू भी नहीं की गई और बिना जांच के कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ा दिया गया। इतना ही नहीं जिन मंत्री, विधायक ने नीरज सिंह की नियुक्ति पर सवाल उठाए लेकिन सीईओ नीरज गुप्ता पर कार्रवाई नहीं की गई। सीईओ पद के लिए निकाले विज्ञापनों की शर्तों को भी दरकिनार किया गया।

### विभागाध्यक्ष ने नीरज गुप्ता को हटाने को कहा था

पशुपालन विभागाध्यक्ष/ निदेशक डॉ. पीएन सिंह (प्रसिद्ध नारायण सिंह) ने नीरज गुप्ता के भ्रष्टाचार की जांच करने तथा पद से हटाए जाने के लिए 29 अक्टूबर को प्रमुख सचिव पशुधन के. रविन्द्र नायक तथा पशुधन मंत्री को पत्र लिखा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए पशुधन मंत्री ने विशेष सचिव पशुधन देवेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया था। हैरानी की बात ये है कि एक महीने से ज्यादा समय बीतने के बावजूद भी विशेष सचिव पशुधन ने जांच शुरू ही नहीं की।

### ऋतु सिंह ने भी की थी नीरज की शिकायत

डॉ. नीरज गुप्ता के भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर वित्त एवं लेखाधिकारी पशुधन विभाग ऋतु सिंह ने भी 15 अक्टूबर को प्रमुख सचिव पशुधन के. रविंद्र नायक से शिकायत की थी और भ्रष्टाचार से संबंधित सारे डॉक्यूमेंट भी प्रमुख सचिव पशुधन को उपलब्ध कराए थे।

### डेढ़ महीने में ही योग्य हो गए नीरज

हैरानी की बात ये है कि प्रमुख सचिव पशुधन ने 14 अक्टूबर को नीरज गुप्ता को सीईओ पद के योग्य नहीं समझा था, वहीं डेढ़ महीने में ऐसा क्या हो गया कि नीरज गुप्ता योग्य भी हो गए और उनका कार्यकाल भी छह महीने बढ़ा दिया गया। कहीं न कहीं इसमें भ्रष्टाचार की अनदेखी आहट हो रही है।

### नियमों का दरकिनार कर बढ़ाया कार्यकाल

सीईओ पद के लिए निकाले गए विज्ञापन के अनुसार यदि किसी का कार्यकाल बढ़ाया जाता है या उसे टर्मिनेट किया जाता है तो नियमानुसार 30 दिन पहले नोटिस देकर अवगत कराया जाता है। मगर डॉ. नीरज गुप्ता के साथ ऐसा नहीं किया गया। 28 नवंबर 2024 को कार्यकाल खत्म होने के अगले ही दिन 29 नवंबर को 6 महीने के लिए नीरज का कार्यकाल बढ़ा दिया गया।

### कार्यदिवस की रात फाइलों की चोरी कर ले गए नीरज

डॉ. राजेंद्र खोखर ने बताया कि डॉ. नीरज गुप्ता की नियुक्ति 28 नवंबर 2022 को दो वर्ष के लिए हुई थी। उनका कार्यकाल 28 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा था। कार्यदिवस की रात करीब साढ़े 12 बजे नीरज अपने बेटे के साथ निजी कार से पशुपालन निदेशालय आते हैं और सिक्योरिटी गार्ड से ताला खुलवाकर कई फाइलों को ले जाते हैं। फाइल ले जाने का वीडियो बना चौकीदार ने बना लिया। जिसकी शिकायत चौकीदार दीनदयाल यादव ने डॉ. रामधन त्रिपाठी संयुक्त निदेशक से की थी।

### वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी दर्ज कराया केस

वेटेनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने डॉ. नीरज गुप्ता पर भ्रष्टाचार और सरकारी पैसों के गबन किए जाने की इंस्पेक्टर प्रभारी थाना हजरत गंज को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर हजरत गंज ने रजिस्टर में क्रमांक 883 पर शिकायत दर्ज करा दी है।

### बिना जांच किए बढ़ाया कार्यकाल

डॉ. राजेंद्र खोखर ने बताया कि नीरज गुप्ता की नियुक्ति को लेकर उस दौरान कई तरह के सवाल खड़े हुए थे। मंत्री से लेकर विधायक तक ने शिकायत की थी, कई नेताओं ने भी नियुक्ति को गलत बताया था। उस दौरान पशुधन मंत्री ने भी एक्शन लिया, मगर जांच शुरू नहीं हुई और तत्कालीन प्रमुख सचिव ने नीरज गुप्ता को दो साल के लिए सीईओ का कार्यभार सौंप दिया।

### सीईओ पद के चयन के लिए हुआ था इंटरव्यू

11 नवंबर 2022 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ पद के लिए इंटरव्यू हुआ था। जिसमें केंद्र/राज्य/अर्द्ध सरकारी और प्राइवेट इंस्टीट्यूट में कार्यरत पशु चिकित्सा विद ही आवेदन कर सकते थे। इस पद के लिए 13 वर्ष न्यूनतम अनुभव मांगा था और Mvsc Genetics को वरीयता दी जानी थी। इंटरव्यू के दौरान डॉ. वीके सिंह प्रोफेसर एनिमल जेनेटिक्स एवं ब्रीडिंग एनडीयूएटी अयोध्या, डॉ. सुशांत श्रीवास्वत प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष गायनों एंड आब्सटेट्रिक्स तथा नीरज गुप्ता( पारले एग्रो लि. के पूर्व कर्मचारी शामिल हुए थे। उस दौरान तत्कालीन प्रमुख सचिव पशुधन रजनीश दुबे एवं चयन समिति के अन्य सदस्यों ने डॉ. नीरज गुप्ता का चयन किया। जो इंटरव्यू के वक्त किसी भी संस्था या कंपनी में कार्यरत नहीं थे।

### सीईओ की नियुक्ति पर उठे थे सवाल

गलत चयन को लेकर खाद्य मंत्री सतीश शर्मा, मलिहाबाद विधायक जय देवी ने नीरज गुप्ता के चयन पर सवाल उठाते हुए प्रमुख सचिव पशुधन की। आरोप है कि प्रमुख सचिव ने ही फर्जी दस्तावेजों के जरिए डॉ. नीरज गुप्ता के चयन को उचित बताया।

### डॉ. नीरज ने डाटा ऑपरेटरों को किया शोषण

डॉ. नीरज गुप्ता ने पद पर रहते हुए कई डाटा आपेटरों का आर्थिक और मानसिक शोषण किया। जिसकी शिकायत संयुक्त सचिव सत्यवान से की गई। उन्होंने पत्रावली के माध्यम से प्रमुख सचिव पशुधन को अवगत कराया मगर डॉ. नीरज गुप्ता पर कार्रवाई नहीं की गई।

### नियुक्ति के समय बेरोजगार थे नीरज गुप्ता

पशु चिकित्सा संघ आगरा के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने आरोप लगाया कि दो साल पहले जब नीरज गुप्ता को यूपीएलडीवी का सीईओ बनाया गया उस दौरान नई गोल्डमेडलिस्ट वेटेनरी डॉक्टर्स तक को अनदेखा किया गया। हैरानी की बात ये है कि नीरज गुप्ता उस दौरान पारले एग्रो लिमिटेड में कार्यकत नहीं थे। नौकरी नहीं होने के बावजूद भी उन्हें सांठगांठ करके यूपीएलडीवी का सीईओ बनाया गया। उनका कार्यकाल दो साल के लिए था जो 28 नवंबर 2024 को समाप्त हो गया था, लेकिन मिलीभगत से छह माह के लिए कार्यकाल बढ़ा दिया गया।

## पीएम मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में युवाओं में भरा जोश, कहा

# युवा का विजन ही सरकार का मिशन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के ग्रांड फिनाले में भाग लिया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हैकॉथान में शामिल हुए युवाओं को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि मैंने हमेशा लालकिले से एक बात कही है कि सबका प्रयास। आज का भारत सभी के प्रयास से ही तेज गति से आगे बढ़ रहा है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले का मुझे बहुत इंतजार था। जब भी आप जैसे युवा इनोवेटर्स के बीच आने का मौका मिलता है तो मुझे भी बहुत कुछ जानने, सीखने और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि युवा का विजन ही सरकार का मिशन है। इसलिए मेरे नौजवानों को जो भी चाहिए सरकार के रूप में हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। मैंने लाल किले से कहा है कि देश की राजनीति में एक लाख ऐसे युवाओं को लाऊंगा, जिनके परिवार से पहले कोई भी राजनीति में न रहा हो। पीएम ने कहा कि युवा इनोवेटर्स



के पास 21वीं सदी के भारत को लेकर एक अनूठा नजरिया है। जो नवाचार समाधानों की ओर ले जाता है। जब आपके सामने नई चुनौतियां आती हैं, तो आप असाधारण जवाब देते हैं। यही सबसे बड़ी और अनोखी बात है। मैंने पहले भी हैकाथॉन में भाग लिया है और आपने मुझे कभी निराश नहीं किया। आपने मेरा मनोबल बढ़ाया है। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर

### भारत की ताकत युवाशक्ति

आप सभी को पता है कि भविष्य की दुनिया ज्ञान और नवाचार से ही चलने वाली है। ऐसे में आप सभी भारत की आशा और प्रेरणा हैं। आज दुनिया कह रही है कि भारत की ताकत हमारी युवाशक्ति है। हमारा इनोवेटिव यूथ हमारी टेक पावर है। आज भारत की आकांक्षाएं हर चुनौती से निपटने के लिए अलग सोच की मांग करती हैं। हमें हर क्षेत्र में एक अभिनव दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, इसे अपनी आदत बनाना चाहिए। विशेष रूप से इस हैकाथॉन के संबंध में प्रक्रिया उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी इसका उत्पाद।

बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए, लगातार नए-नए समाधानों की आवश्यकता है। आपकी टीम के संबंधित समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिन समाधानों पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। लेकिन देश के दुश्मन भारत में हथियारों और ड्रग्स की तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। खुशी की बात है कि आप सभी ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। पीएम ने कहा कि बीते साल सालों में जितने भी हैकाथॉन हुए हैं, उनके बहुत सारे समाधान आज देश के लोगों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। कई बड़ी समस्याओं का समाधान इन हैकाथॉन ने दिया है।

# माध्यमिक स्कूलों में बदली छुट्टी लेने की प्रक्रिया, नहीं देना होगा शपथ पत्र, सीसीएल लेना भी होगा आसान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने राजकीय विद्यालयों के कर्मचारियों-शिक्षकों के लिए विभिन्न छुट्टियों की आवेदन व स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल किया गया है। इसके तहत तय किया गया है कि अब शिक्षकों-कर्मचारियों को मेडिकल समेत किसी तरह की छुट्टी के लिए स्टांप पेपर पर शपथ पत्र नहीं देना होगा। चिकित्सा प्रमाण पत्र देने के लिए अधिकृत अस्पतालों में सभी रजिस्टर मेडिकल डॉक्टर के भी प्रमाण पत्र



मान्य होंगे। विद्यालयों में छुट्टियां स्वीकृत कराने व उनका लाभ लेने के लिए शिक्षकों-कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। कई बार इसमें गड़बड़ी व लेन-देन की भी शिकायतें मिलती हैं। इसे देखते हुए शासन ने छुट्टियों की आवेदन व उन्हें स्वीकृत करने की प्रक्रिया को सरल किया है। शासन ने निर्देश दिया है कि अर्जित अवकाश, चिकित्सा अवकाश, बाल्य देखभाल अवकाश के आवेदन को दो दिन के अंदर प्रधानाचार्य, डीआईओएस को अनिवार्य रूप से भेजेंगे।

### अवकाश के मामले प्रधानाचार्य डीआईओएस को भेजेंगे

डीआईओएस इसे तीन दिन के अंदर स्वीकृत करेंगे। वहीं बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में अधिकतम 30 दिन के लिए ही मिलेगा। जबकि चुनाव, जनगणना, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी, विद्यालय की परीक्षाओं के दौरान व उससे पांच दिन पहले के बाल्य देखभाल अवकाश के मामले प्रधानाचार्य डीआईओएस को भेजेंगे। वह इस पर निर्णय लेंगे। वर्तमान में कई शिक्षक तीन व छह महीने तक एक बार में बाल्य देखभाल अवकाश ले लेते हैं।

## श्रीरामलला मंदिर के रंग मंडप का शिखर बनकर तैयार 11 जनवरी को 'प्रतिष्ठा द्वादशी' की तैयारियां तेज

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के निर्माण कार्य के पांच मंडपों में से एक रंग मंडप का शिखर पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया है। आज से ठीक एक माह बाद 11 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ %प्रतिष्ठा द्वादशी% के रूप में मनाई जाएगी। इसकी सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से चार सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसी के द्वारा सब कुछ तय किया जाना है। उल्लेखनीय है कि सप्तऋषि मंदिर, परकोटे के साथ बनने वाले शिव, सूर्य, मां दुर्गा, देवी अन्नपूर्णा गणेश और हनुमानजी आदि के मंदिरों के निर्माण में भी तेजी आई है। बीते दिनों निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र की समीक्षा बैठक के उपरांत मजदूरों की संख्या में वृद्धि की गई थी।

## यूपी: विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से, 17 को पेश हो सकता है 15 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट भी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

16 दिसंबर से शुरू हो रही विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। महाकुंभ पर केंद्रित अनुपूरक बजट का आकार 12 से 15 हजार करोड़ रुपये के बीच होने की संभावना है। सत्र के पहल दिन औपचारिक कार्य जैसे अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा और विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया होगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी, जिसके बाद उसे पारित किया जाएगा। वहीं 19 और 20 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक 20 दिसंबर को सदन आधे दिन संचालित होगा।

# जब तक मां व मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न कर लें, तब तक हर व्यक्ति अधूरा: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने बस्ती में कर्मा देवी समूह के 15वें स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत
- सीएम ने ओमनी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का किया शिलान्यास
- सीएम ने बच्चों को बहुभाषी होने पर भी दिया जोर
- दुनिया की 100 प्रतिष्ठित कंपनियों में से 20 के सीईओ भारत के युवा: योगी

जन एक्सप्रेस । बस्ती

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह भूमि भगवान राम के जन्म के हेतु का कारण है। प्रभु श्रीराम ने प्रेरणा दी कि व्यक्ति कितना भी बड़ा और यश-धनधान्य से परिपूर्ण न हो जाए, वह तब तक अधूरा है, जब तक मां और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न कर ले। मां की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखते और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाते हुए गरीब छात्र भी अच्छी व आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सके, इसके लिए दोनों भाइयों ने मां के नाम पर कर्मा देवी समूह और पिता के नाम पर फॉर्मेसी कॉलेज स्थापित किया। उनका उद्देश्य था कि इसके जरिए हजारों बच्चे कर्मपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हुए सम्मान के साथ स्वावलंबन का जीवनयापन करें। एक व्यक्ति का स्वावलंबन समाज व राष्ट्र का स्वावलंबन होता है। समारोह में कर्मा देवी समूह के संस्थापक व यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष ओम नारायण सिंह, प्रबंधक नीता सिंह, गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, हरैया विधायक अजय सिंह, पूर्व विधायक रवि सोनकर, दयाराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, ट्रस्टी डॉ. स्मृति सिंह, अंशु सिंह, यजुवेंद्र विक्रम सिंह, सृष्टि सिंह, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।






### सकारात्मक सोच की सरकार आई तो मुंडेरवा में चीनी मिल कर रही कार्य

सीएम योगी ने कहा कि सरकार व समाज मिलकर कार्य करेंगे तो अवश्य परिणाम आएगा। लगभग दो दशक पूर्व मुंडेरवा चीनी मिल के किसानों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। सकारात्मक सोच की सरकार आई तो आज मुंडेरवा में चीनी मिल आज कार्य कर रही है। एक सरकार ने इसे बेच दिया, दूसरी ने इसे खोल दिया। कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए, संसाधन आड़े नहीं आता। हमें दिग्भ्रमित नहीं होना है, बल्कि सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ना है। बस्ती अब मॉडल नगर बन चुका है। उन्होंने कहा कि यहां का तपसी धाम एकमात्र धर्मस्थल है, जहां क्रांतिकारियों की स्मृति में भंडारा होता है। इजराइल के साथ बस्ती के अंदर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हुई है। यहां होर्टिकल्चर का बेहतरीन सेंटर बनकर उभरा है। सीएम ने यहां के प्रोडक्ट, क्लाईमेट चेंज, आर्गेनिक प्रोडक्ट, प्राकृतिक खेती, क्वालिटी, निराश्रित गोआश्रय स्थल पर भी चर्चा करते हुए किसानों को सफलता का मंत्र दिया।

### मुख्यमंत्री ने बुधवार को कर्मा देवी समूह के 15वें स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की

सीएम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया। सीएम ने ओमनी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का बटन दबाकर शिलान्यास किया। सीएम ने सरोज सिंह व देवमंगल सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरोज सिंह जब मंदिर आती थी, तब कहती थीं कि एक दिन आप मुख्यमंत्री बनेंगे।

### नकारात्मक दृष्टि बनी तो नीचे होंगे और सकारात्मक दृष्टि बनाई तो छाने में समय नहीं मिलेगा

सीएम योगी ने कहा कि विकसित देशों ने योग्यता, तकनीक व परिश्रम की पराकाष्ठा को महत्व व प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाकर स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर किया। पीएम ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प रखा है। दुनिया भारत के महत्व को समझ रही है। भारत की प्रतिभा को जहां भी मौका मिला, उसने खुद को साबित किया। दुनिया की 100 प्रतिष्ठित कंपनियों में से 20 के सीईओ भारत के युवा हैं। तकनीक बहुत आगे बढ़ चुकी है, हम भी इससे पीछे नहीं भाग सकते। लेकिन हमें नैतिक निहितार्थ व सुरक्षात्मक उपायों को अपनाना पड़ेगा। यदि दृष्टि नकारात्मक बनी तो नीचे होंगे और सकारात्मक दृष्टि बनाई तो छाने में समय नहीं मिलेगा।

### मां की साधना के बिना संभव नहीं थी यह सफलता

सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति पर पांच ऋण होते हैं। मां, पिता, गुरु, मातृभूमि व देवगणों के लिए जो कुछ भी कर पाएंगे, उनकी स्मृतियों व आदर्शों को जीवन में जिस हद तक अंगीकार करने का प्रयास कर पाएंगे, यही उद्धण होने का माध्यम होता है। ओएन सिंह व देवमंगल सिंह का प्रारंभिक जीवन संघर्षों से भरा था। जब पूर्वी उप्र संसाधन के अभाव में जूझ रहा था, सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, शिक्षण संस्थान, रोजगार के साधन नहीं थे, उन स्थितियों में अपनी शिक्षा को अनवरत बनाए रखना मां की साधना के बिना संभव नहीं था। 1981 में देवमंगल सिंह (अब स्मृतिशेष) आईएफएस बने व 1983 में ओएन सिंह उप्र पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अधिकारी बने।

### तत्कालीन सरकारों ने प्रतिभा को किया कुंद

सीएम ने कहा कि जो निर्णय 50 वर्ष पहले होना चाहिए था, उसे 50 वर्ष पीछे करके यहां के युवाओं को पलायन के लिए मजबूर किया, तत्कालीन सरकारों ने उनकी प्रतिभा को कुंद किया। सरकारें यहां की समृद्धि में बाधक रहीं। यदि 50 वर्ष पहले नर्सिंग, फॉर्मेसी, लॉ कॉलेज, बीसीए इंस्टीट्यूट, सीबीएसई बोर्ड के अच्छे विद्यालय स्थापित होते, निजी क्षेत्र में हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर बनते तो यहां का युवा भी देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में छा जाता। जिन माता-पिता ने प्रयास किया, उनके बच्चे बढ़ गए। जिनके पास साधन नहीं थे, उनके बच्चे पिछड़ गए। नर्सिंग का क्षेत्र ऐसा है, जहां अच्छी शिक्षा दे दी जाए तो प्लेसमेंट की गारंटी सौ फीसदी है। भारत के नर्सिंग-पैरामेडिक्स की मांग पूरी दुनिया में है।

### पीएम मोदी ने फॉर्मा उद्योग को किया पुनर्जीवित

सीएम ने कहाकि कोरोना में चीन ने धोखा दे दिया। दवाइयां नहीं भेजीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के फॉर्मा उद्योग को पुनर्जीवित किया और दवाइयां यहीं पर मिलनी प्रारंभ हुई यानी जिन दवाओं के लिए हम दुनिया पर निर्भर रहते थे, उसे फॉर्मा उद्योग आगे बढ़ा सकता है। उप्र में सरकार फॉर्मा पार्क बना रही है। इसमें 2000 एकड़ क्षेत्र में फार्मा से जुड़े अलग-अलग उद्योग लगने जा रहे हैं। पहले चरण में बुंदेलखंड में इस कार्य को आगे बढ़ाया है। वहां उद्योग लगने शुरू हो गए हैं। लोगों ने प्रोडक्शन की तैयारी शुरू कर दी।

एक्सप्रेस खबरें...

## अनियंत्रित होकर पलटी मजदूरों से भरी लोडर, एक की मौत पांच घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** मजदूरों से भरी तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें लोडर पर सवार लोगों में एक की मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। ममना निवासी धीरेंद्र अपने लोडर से बुधवार को गांव के बिज्जी 55 वर्ष, जयराम 40 वर्ष, अरविंद 30 वर्ष, जगरूप 40 वर्ष, राजू 40 वर्ष व 15 वर्षीय श्याम बाबू को लेकर नमामि गंगे परियोजना के तहत बनाई जा रही आरसीसी रोड में मजदूरी के लिए ग्राम खेड़ा शिलाजीत जा रहे थे। जैसे ही लोडर बिरगुवां व सरीला के बीच पहुंचा। तभी रफ्तार अधिक होने के कारण मोड़ते समय सड़क से पहिया नीचे उतर गया और लोडर पलट गया। जिससे लोडर पर सवार मजदूर बिज्जी के ऊपर कुछ सीमेंट की बोरियां गिर गई। जिससे वह घायल हो गया। हादसा देख राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए सरीला के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सभी की हालत खराब होने पर उन्हें मेडिकल कालेज रेफर किया गया था। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टर ने बिज्जी को मृत घोषित कर दिया।

## गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**जन एक्सप्रेस/उरई।** मोहल्ला गांधीनगर में खाना बनाते समय गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग गई। भीषण आग की लपटे देख वहां भगदड़ मच गई और सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शहर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी सत्येंद्र त्रिपाठी के घर में बीते दिनों गमी हो गई थी। जिसके चलते बुधवार दोपहर को घर में धार्मिक अनुष्ठान का कार्यक्रम चल रहा था। जिसके लिए खाना बन रहा था। तभी अचानक सिलेंडर में गैस रिसाव के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विक्राल रूप धारण कर लिया। जिससे धार्मिक अनुष्ठान में आए रिश्तेदारों व आस पड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया। यह देखकर सत्येंद्र त्रिपाठी ने अपनी जान की परवाह किए बगैर सभी लोगों को पहले घर से बाहर निकाला और उसके बाद जलते हुए सिलेंडर को निकाल कर बाहर फेंक दिया। इस दौरान उसका चेहरा और हाथ झुलस गए। तब तक सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और उसने आग को पूरी तरह से बुझा दिया।

## यारियां ग्रुप ने चित्रांग और टेक फेस्ट के माध्यम से कराया रोजगार दिग्दर्शन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के पूर्व छात्रों के यारियां ग्रुप ने चित्रांग और टेक फेस्ट के माध्यम से ग्रामोदय के छात्रों को रोजगार दिग्दर्शन कराया। इस कार्यक्रम का प्रायोजन पूर्व छात्र आनंद गुप्ता की कंपनी श्रद्धा-आनंद इन्वेस्टमेंट सॉल्युशंस ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मितेश चिपा, राकेश रावत व संजय सोनी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना कर की गई। यारियां 2024 कार्यक्रम में संपन्न तकनीकी उत्सव कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने पूर्व छात्रों का ग्रामोदय से निरंतर लगाव और जुड़ाव बताया। पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे अपने छोटे भाइयों बहनो को करियर के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। पूर्व छात्रों ने अपना अनुभव साझा करते हुए विभिन्न विषयों जैसे उच्च शिक्षा, कंप्यूटर भाषा, उद्यमशीलता आदि में आगे का मार्गदर्शन दिया। इस दौरान सीवी लेखन प्रतियोगिता के पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र का वितरण हुआ। कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा हुई। जिसमें ग्रामोदय विश्वविद्यालय में होने वाली इंजीनियरिंग की पढाई में कौशल विकास, ग्राम विकास और मानवीय मूल्यों को महत्व देने पर जोर दिया गया। इसके बाद अतिन निगम के पुराने बॉलीवुड के गानों को नए अंदाज में दर्शाते हुए अंदाज अपना अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें दीपक सूर्यवंशी, अमित गोयल, दिशा रॉय, निशी सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, रचना सिंह, शिखा सक्सेना, सुबोध त्रिपाठी, राकेश रावत, आशीष भरतकर, विवेक दीक्षित भी शामिल रहे। पूर्व छात्रा निशी सिंह ने सनातन की विशिष्टता और अस्तित्व की कहानी की झलक दिखाने वाले फैशन शो धर्मो रक्षति रक्षितः की प्रस्तुति की।

# ओवरलोड ट्रकों के चलते सड़कें हुई ध्वस्त, आवागमन में भारी समस्या

## उड़ती डस्ट के चलते चौपट हो रही रबी की फसलें

**जन एक्सप्रेस । राजापुर/चित्रकूट**

जहाँ एक ओर राज्य सरकार द्वारा खनिज परिवहन पर कड़े निर्देश जारी किए हैं वहीं राजापुर तहसील क्षेत्र के तीरमऊ बरुवा घाट जो शासन द्वारा 5 साल के लिए पट्टा दिया गया था सूत्रों की माने तो वह ठेकेदार अपने स्वीकृत पट्टे को छोड़कर दूसरे रकबे में खनन कर रहा है और अपने स्वीकृत पट्टे को बाद खनन करना चाहता हैं और ठेकेदार के गुर्गों के द्वारा ग्रामीणों में दहशत पैदा कर शिकायत न करने की बराबर धमकी मिल रही हैं भय बस ग्रामीण शिकायत करने की जुर्रत नही जुड़ा पा रहे है ठेकेदार की मनमानी के कारण राज्य सरकार के निर्देशों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं तथा ओवरलोड के चलते सड़कें पूरी तरह ध्वस्त हो गई हैं जिससे आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उधर बालू घाट के ठेकेदार द्वारा खुले आम ओवरलोडिंग एवं बिना पंजीकृत वाहनों को बालू का परिवहन कराया जा रहा हैं जबकि राज्य सरकार के खनिज विभाग द्वारा राजाज्ञा जारी की




गई थी कि ऑनलाइन पंजीकृत वाहनों को ही बालू खदान से लोडिंग कराई जाए लेकिन घाट प्रबंधक द्वारा सरकार के आदेशों का धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं बालू घाट में जेसीबी व भारी भरकम पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन किया जा रहा जबकि सरकार द्वारा महात्मा गाँधी रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत मजदूर को सौ दिन का काम देने के स्पष्ट निर्देश हैं। वही प्रबंधक के द्वारा गरीब मजदूरों को रोजगार से वंचित किया जा रहा है जिसके कारण क्षेत्र के नवयुवक एवं गरीब व्यक्तियों का पलायन हो रहा है,यदि इन गरीबों को काम मिले तो पलायन में अंकुश लग सकता है। वहीं किसानों का कहना है कि ध्वस्त सड़को की डस्ट फसलों में उड़कर जाती है जिससे रबी की फसल पूरी तरह से नष्ट हो रही है तथा तीरमऊ बरुवा घाट में लगे धर्मकांटा मात्र शोपीस हैं किसी भी गाड़ी को तौल की पर्ची नहीं दी जाती और रवन्ने में गाड़ी नम्बर भी नहीं दर्शाया जाता है और अधिकतर ट्रक वाहन बिना नम्बर प्लेट के सड़कों में ओवरलोड बालू लेकर फर्राटे से अधिकारियों के नाक के नीचे से निकल रहे हैं घाट प्रबंधक की भयंकर लापरवाही से ट्रकों में अंधाधुंध बालू लोड कराई जाती है जिससे क्षेत्र की पक्की सड़कों के नामो निशान मिट गए हैं और जगह जगह सड़कें गड्ढों में तब्दील नजर आ रही है और किसानों के द्वारा बराबर न्याय की गुहार लगाई जा रही हैं लेकिन कोई सुनवाई न होने के कारण सड़के ध्वस्त हो चुकी हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है ट्रकों द्वारा रात और दिन में जाम की स्थिति बना दी जाती है जिससे मरीज और स्कूली छात्र छात्राओं को आने-जाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है।



## सड़क हादसे में एक की मौके पर मौत दूसरे ने उपचार के दौरान तोड़ादम

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर जाली तोड़कर एक मकान में घुस गई थी। इस हादसे में कार चालक की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि उसके दूसरे साथी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चुर्खी रोड पर मंगलवार को सड़क हादसे में जालौन क्षेत्र के कुठौंदा बुजुर्ग गांव के रहने वाले यतेंद्र कुमार (24) की मौत हो गई थी। वह अपने साथी अटराकलां निवासी निशांत के साथ उरई के जालौन रोड स्थित दिवौलिया रिसोर्ट में शादी समारोह में शामिल होने आया था, रिश्तेदारों को छोड़ने के बाद जैसे ही दोनों चुर्खी रोड की ओर गए। तभी अधिक रफ्तार होने से कार चला रहा यतेंद्र अपना संतुलन खो बैठा था और कार पास ही स्थित एक घर में जाली तोड़कर घुस गई थी। इससे यतेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार युवक निशांत घायल हो गया था। घटना से इलाके में खलबली मच गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल निशांत को मेडिकल कालेज पहुंचाया था। जहां गंभीर हालत होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया था। जहां निशांत ने मेडिकल कॉलेज कानपुर में इलाज के दौरान दमतोड़ दिया।

# एलएसयूएम व एलएसयूसी समितियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट में गठित लीगल सर्विसेज यूनिट फार चिल्ड्रेन (एलएसयूसी) एवं लीगल सर्विसेज यूनिट मनोन्याय (एलएसयूएम) समितियों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने समिति के सदस्यों, पैनल अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गठित इन समितियों के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जानकारी दी। बताया कि भारत में बच्चों एवं दिव्यांगों के लिये कानूनी सेवाओं का अधिकार, संवैधानिक और वैधानिक प्रावधानों के साथ कई अन्तर्राष्ट्रीय साधनों के रूप में भी स्पष्ट वर्णित है। जिसमें बच्चों एवं दिव्यांगों के लिये विशेष विधिक सहायता यूनिट की स्थापना प्रत्येक जिले में की जायेगी, जिसके अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज होंगे। जिसके द्वारा थाने में, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, जेल इत्यादि में बच्चों को विधिक सेवा प्रदान करने सम्बन्धी इकाई का गठन किया जाना है। जिसके संचालन के लिए जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा इस सम्बन्ध में जनपद में संचालित विभिन्न सरकारी विभागों जिसमें समाज कल्याण, दिव्यांग कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग तथा पुलिस विभाग इत्यादि से समन्वय स्थापित करके बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराया जाएगा। बचपन डे केयर सेण्टर शिवरामपुर के को-आर्डिनेटर विष्णुदत्त बादल ने बताया कि कुण्ठावस्था एवं दिव्यांग पेंशन योजना के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत से अधिक, आय प्रमाण पत्र, बैंक-पासबुक, कार्यवाही रजिस्टर जमा करने पर पात्र होते हैं। इसके अलावा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण योजना के अन्तर्गत ट्राई साईकिल, ह्वीलचेयर, कान की मशीन, छड़ी, बैशाखी आदि प्रदान किये जाते हैं।

## एसडीएम ने गल्ला मंडी और सहकारी समिति का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

बुधवार को प्रशासक/उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में गंदे जानवर का विचरण तथा गंदगी देखकर नाराजगी जताई जताते हुए मातहतों को जरूरी हिदायत दी।

गल्ला मंडी कालपी में सफाई की समुचित व्यवस्था के मामले को एसडीएम ने संज्ञान में लिया तथा बुधवार की दोपहर को अचानक पर मंडी में पहुंच गये। उन्होंने घूम घूमकर परिसर का बारीक से निरीक्षण किया। कई स्थानों में गंदे जानवरों के विचरण करने तथा कूड़े के ढेर लगे होने पर




नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रभावी निर्देश दिये। इसी तारतम्य में उर्वरक की किसानों को सरलता पूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह सहकारी समिति कालपी में पहुंचे। अभिलेखों से मिलान कर डीएपी खाद का वितरण नियमानुसार कराया। उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरक की सही तरीके से उपलब्धता कराई जायेगी। उन्होंने समिति के संचालकों को भी खाद के वितरण करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

## अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । राजापुर/चित्रकूट**

राजापुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना के उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार राय व आरक्षी शुभम मिश्रा ने आरोपी अमर सिंह निवासी ग्राम महेन्द्र थाना करारी जनपद कौशाम्बी को 22 क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# डीएम ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण, जरूरतमंदों को कंबल किए वितरित

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शीतलहर के प्रकोप के बीच, प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों के लिए राहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसीक्रम में डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने शहर के रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड स्थिति रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही जरूरतमंद को कम्बल भी वितरित किए। डीएम ने फुटपाथ पर सो रहे लोगो को कम्बल वितरण कर, लोगो को शेल्टर होम भेजा। जिससे उन्हें खुले आसमान में सोने के लिए विवश न होना पड़े। उन्होंने कहा कि सर्दी को देखते हुए कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में न सोने पाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खुले आसमान में सो रहे लोगो को



शेल्टर होम या रैन बसेरा में पहुचाये जिससे उनको ठंड से बचाव के साथ साथ सुरक्षित भी महसूस करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि ठंड से बचने के लिए रैन बसेरे में पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी देखा कि कितने लोग बस स्टैंड रैन बसेरे में ठहरे हुए हैं और क्या सभी को पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हैं। जिस पर देखा गया कि अभी तक रैन बसेरा का बोर्ड नही लगा और महिला के लिए अलग शिफ्ट किया जाए। सीसीटीवी कैमरा आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ईओ उरई को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने रैन बसेरे में ठहरे जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। हम सभी की जिम्मेदारी है कि जरूरतमंदों की मदद करें और उन्हें राहत प्रदान करें। रैन बसेरे में ठहरे लोगों ने कहा कि प्रशासन की ओर से उन्हें जो मदद मिल रही है, वह बेहद राहतकारी है। उन्होंने कहा कि वह सड़कों पर ठंड से परेशान थे, लेकिन रैन बसेरे में आकर उन्हें गर्माहट और सुकून मिला। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ईओ राम अचल कुरील आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## इंटर कालेज के निरीक्षण में कम छात्र मिलने पर एसडीएम ने दिये निर्देश



**जन एक्सप्रेस । कालपी**

बुधवार को नगर की प्रमुख शिक्षण संस्था एमएसवी इंटर कॉलेज में शिक्षा की हकीकत को परखने के लिये उपजिलाधिकारी सुशील ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की संख्या कम होने पर नाराजगी जताते हुए शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप उपजिलाधिकारी ने एमएसवी इंटर कालेज कालपी का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से कई विषयों से संबंधित प्रश्न पूछें, बच्चों के सही जबाब देने पर अधिकारियों ने संतोष व्यस्त किया। इसीक्रम में उन्होंने विधालय में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 9 सौ है। जबकि में करीब 50 प्रतिशत विधार्थी उपस्थित पाये गए। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने शिक्षकों से विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता ठीक रखी जाए तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढाई जाए। इस दौरान प्रधानाचार्य सुशील कुमार शाक्य, संतोष द्विवेदी, अमित मिश्रा, अतुल दीक्षित आज शिक्षक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अवशेष सड़क मार्गो को भी तत्काल गड्डामुक्त करने की कार्यवाही पूर्ण की जाए। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। डीएम द्वारा एनएचएआई सड़क पर गड्डामुक्त के कार्य मे रुचि न लेने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राईवेट एवं सरकारी वाहन चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सतत कैम्प आयोजित किये जायें। उन्होंने निर्देशित किया कि जनजागरूकता कार्यक्रम कराये। जनजागरूकता कराना है और जीवन की रक्षा कराना है। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान चलाकर ट्रैक्टरों अन्य वाहनों पर रेडियम लगाए। उन्होंने




निर्देशित किया कि किसी भी सड़क पर वाहन खड़े नही होना चाहिए। इसके लिए अभियान चलाकर वाहनों को हटाया जाए। इस कार्य में रुचि न लेने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी। निर्देशित किया कि कालपी बस स्टैण्ड के सामने खड़े अवैध वाहनों एवं अतिक्रमण पर यातायात विभाग द्वारा जो विधिक कार्यवाही की जा रही है उसे निरंतर जारी रखा जाए। ट्रैक्टर ट्राली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत एवं निर्मित है व डम्फर ट्राला एवं मालयान माल ढोने के लिए है। इसमें सवारी बैठाना या ढोना एक दण्डनीय अपराध है। इसके लिए दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु तेजी लाना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को फैक्ट्री एरिया उरई में स्थित चौकी के सामने खड़े सीज वाहनों को तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिए। कहा कि जनपद जालौन के अंतर्गत एक राष्ट्रीय मार्ग एवं एक राज्यमार्ग जिसमे पिछले तीन वर्षों में सर्वाधिक दुर्घटनाये हुई है उन मार्गो के स्थलों का सर्वे कर उन मार्गो को जीरो फैटेलिटी मार्ग के तहत मॉडल मार्ग बनाने के सम्बंध में रोड सेफ्टी ऑडिट कराकर रोड सेफ्टी के अंतर्गत समस्त प्रावधान किए जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे वाहन जो ओवरलोड, बिना नम्बर, बैक लाइट न होने पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के बीच बन रही सीसी रोड पर पानी का छिड़काव करें। इस कार्य मे लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, एआरटीओ सुरेश कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील कुमार, आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयास के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा पारिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। परामर्श केन्द्र प्रभारी उपनिरीक्षक गुड्डी देवी ने बताया कि थाना बरगढ़ की ग्राम पंचायत मुरका निवासी अंजुमन पत्नी गुलाम हुसैन पुत्री मो फिरोज ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसका पति गुलाम हुसैन व ससुरालीजन द्वारा उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा कर घर से निकाल दिया है। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जिस पर परिवार परामर्श केन्द्र में महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव व मंजुलता पाल द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर व समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क कर उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बुधवार को जन चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने विकासखंड पहाड़ी की सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। जन चैपाल में डीएम ने उपस्थित ग्राम प्रधानों, प्रधान प्रतिनिधियों, पंचायत सहायकों एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से ग्राम पंचायत वार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिस पर कुछ ग्राम प्रधानों ने कहा कि कुछ घरों में पानी की सप्लाई व रोड़ रिस्टोरेशन का कार्य शेष रह गया है। डीएम ने सम्बन्धित कार्य दाई संस्था एवं टी.पी.आई. को निर्देशित किया कि शेष बचे कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराते हुए ग्राम प्रधानों व 10 ग्रामीणों




से स्थलीय निरीक्षण कराकर फोटोग्राफ प्रेषित करें। कहा कि इस कार्य में ग्राम प्रधानों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कहा कि कार्यदाई संस्थाओं द्वारा हैंडओवर करने के पहले सभी ग्राम प्रधान जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करके समस्याएं मिलने पर बताएं। जिससे कार्य को दोबारा कराया जा सके। कहा कि यह भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें कनेक्शन, सप्लाई व क्वालिटी तीन उद्देश्य है ताकि सभी ग्राम पंचायत में पानी की उपलब्धता रहे। ग्राम प्रधानों से कहा कि अगली बैठक से पूर्व इस योजना से सम्बन्धित फीडबैक दें, उसी के आधार पर प्रशासन द्वारा सहमति जताई जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधानों, ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति के सदस्यों तथा ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की टीशर्ट, कैप, बैग, कॉन्फ्रेंस पैड आदि का वितरण किया गया। जन चैपाल में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील दिवेदी, खंड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय पाडेय, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, सहायक अभियंता गुलाम शिवताब, आदि मौजूद रहे।

## नगर पलिका की पूर्व चेयरमैन के निधन पर शोक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी की पूर्व चेयरमैन नीलम करवरिया का बुधवार को निधन हो गया। वह राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंस करवरिया की मां व पूर्व चेयरमैन गोपाल कृष्ण करवरिया की बहू थीं। उनके निधन की जानकारी होते ही जिले के सभी संगठन के पदाधिकारियों, व्यापारियों, समाजसेवी व विद्वजनों ने गहरा शोक जताया है। बुधवार को शहर के तरौंहा निवासी राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंस करवरिया ने बताया कि उनकी मां नीलम कई दिनों से बीमार थीं। दो दिन पूर्व उन्हें झांसी लेकर गये वहां से स्वास्थ्य लाभ न होने पर नागपुर ले जाकर इलाज चल रहा था लेकिन इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। गुरुवार को तरौंहा में उनका अंतिम संस्कार होगा।

# प्रांतीय रक्षक दल का मनाया गया 76 वां स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस । उरई**

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में इंदिरा स्टेडियम में आयोजित प्रांतीय रक्षक दल का 76 वां स्थापना दिवस मनाया।

सदर विधायक ने अपने सम्बोधन में पीआरडी जवानों की सुरक्षा में भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने इंदिरा स्टेडियम में लाइट व्यवस्था व कबड्डी मैच कराने की घोषणा की। डीएम ने अपने सम्बोधन में सबसे पहले जवानों को स्थापना दिवस की बधाई दी। आपने अपने कर्मकौशक से बहुत अच्छी परेड का एक अच्छा तालमेल प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विधायक सदर जी विकास के पथ पर तत्पर



रहते हैं, अभी इंदिरा स्टेडियम में लाइट व कबड्डी मेट की व्यवस्था की घोषणा की।जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक से कहा कि धनराशि अवमुक्त करके अतिशीघ्र काम शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि विधायक जी हमेशा ही विकास के क्षेत्र में गौशाला हो या कोई भी काम हो उसमे आप बढ़-चढ़कर जनहित में कार्य करते हैं, जनपद के विकास में आपका बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होने कहा है कि यहां पर जवानों द्वारा बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके लिए पूरी टीम और टीआई को बधाई दी और उम्मीद है कि आप आने वाले समय मे जो आपकी कुशलता, कौशल है वो और अच्छा निखर के आएगा। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कानून व्यवस्था, ड्यूटी संभालने में पीआरडी के जवान बहुत महत्वपूर्ण कड़ी का निर्वहन कर रहे है। बिल्कुल कदम से कदम मिलाकर जिम्मेदारी से निर्वहन कर रहे है। एसपी ने कहा कि पीआरडी जवानों द्वारा अनुशासन का परिचय देते हुए बेहतर परेड की गई। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवान की एक टुकड़ी तैयार करके आगामी 26 जनवरी 2025 के लिए परेड में सम्मिलित हो। इससे जुड़े अधिकारी अर्चना प्रजापति व टीआई को जिम्मेदारी दी गई है कि पीआरडी की टुकड़ी को अच्छे से तैयार कराये ताकि जब परेड 26 जनवरी 2025 को हो तो वह टुकड़ी पुरस्कार जीतने में कामयाब हो सके। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी राजीव कुमार उपाध्याय, आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।



**दिल्ली में बांग्लादेशियों पर एक्शन...**

राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना निर्देश के बाद दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने बुधवार को कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध... पढ़ें पेज 12 पर...

# सचिवालय के नजदीक से लेकर रिहायसी इलाकों तक फैला स्पा सेंटरो का मकड़जाल

- सचिवालय के सामने डॉल्फिन थाई यूनिसेक्स सैलून एंड स्पा के नाम से संचालित होता है स्पा सेंटर
- सीसीटीवी कैमरे से रखी जाती है पुलिस पर नजर

**जन एक्सप्रेस फॉलोअप**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



स्पा सेंटर के नाम पर हो रहा देह व्यापार का कारोबार राजधानी में छोटा नहीं रह गया। आंकड़ों की माने तो राजधानी में इस व्यापार का टर्नओवर करोड़ो में पहुंच चुका है। सचिवालय से लेकर रिहायशी इलाकों तक इस कारोबार की जड़ फैल चुकी है, जिसे सरकारी अमला लगातार नजरअंदाज करता चला आ रहा है। जिस्मफरोशी के काले कारोबार को स्पा सेंटर और मसाज पार्लर का चोला पहनाकर एक बड़े व्यापार के रूप में स्थापित करने का काम पूर्व में एक पार्टी के कथित बड़े नेता के नाम पर किया गया था। उस दौरान राजधानी की पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश देकर इस कारोबार की कमर तोड़ दी थी। जन एक्सप्रेस टीम की पड़ताल में पता चला कि राजधानी में ज्यादातर मसाज पार्लर अनैतिक व्यापार के अड्डे बन गए हैं। यहां पर स्पा सेंटर के नाम पर संचालित कई सेंटर खुलेआम जिस्मफरोशी का धंधा करवा रहे हैं। वहीं लखनऊ की पुलिस मूकदर्शक बन बड़ी घटना होने का इंतजार कर रही है।

### आकर्षक भाषा में बात कर फसाए जाते हैं ग्राहक!

सुंदर और युवा लड़कियों से ग्राहकों को फोन कराया जाता है और ग्राहकों से मसाज करवाने की बात कही जाती है। लड़कियां आकर्षक तरीके से बात करेंगी और मसाज को लेकर मस्ती तक की जानकारी देती हैं। यहां तक यह भी प्रलोभन देती हैं कि इस समय हमारे यहां ऑफर चल रहा है 1500 में दो सर्विस 1000 में एक सर्विस की बात भी करती हैं। ज्यादातर स्पा सेन्टर में काम कर रही लड़कियां नाबालिग हैं या फिर बाहरी हैं। सूत्रों की माने तो बहुत सारी लड़कियां जो बाहर से लाई जाती हैं उन्हें बंधक बनाकर बिना उनकी मर्जी के भी जिस्मफरोसी का धंधा करवाया जाता है। सचिवालय के सामने स्थित सफेद मस्जिद के बगल ही डॉल्फिन थाई यूनिसेक्स sailuna एंड स्पा नाम से संचालित स्पा सेंटर में हैदराबाद और आसाम की लड़कियां होने का दावा किया गया है।ऐसे स्पा सेंटर्स को ना तो पुलिस का भय है ना ही प्रशासन का क्योंकि इस सेंटर का मालिक एक विधायक का बेटा बताया जा रहा है। वैसे भी एक कहावत है कि जब सैया भए कोतवाल तो अब डर काहे का जब पुलिस को हफ्ता दे ही रहे हैं तो इनके अलावा कार्यवाही करेगा ही कौन!

### पुरानी बिल्डिंग या बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से का करते हैं चुनाव

ऐसे कामों के लिए स्पा सेंटर का कारोबार करने वाले लोग रिहायशी इलाकों में पुरानी बिल्डिंग या फिर ऊंची बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से का चुनाव करते हैं। पूरी बिल्डिंग को सीसीटीवी कैमरे से लैस रखते हैं। सीसीटीवी कैमरा ग्राहकों की निगरानी के लिए ना होकर पुलिस एवं संदिग्ध लोगों से बचाव के लिए प्रयोग किया जाता है। इन सीसीटीवी कैमरों का दायरा इतना होता है कि सौ मीटर दूर तक किसी भी संदिग्ध अथवा पुलिस को आने से पहले ही भाप लेते हैं।

### स्पा सेंटर के लिए न कोई मानक न कोई कानून!

नियमों के अनुसार स्पा और मसाज सेंटर्स के एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए। यहां तीस दिन का रिकॉर्ड रखना होता है और हर ग्राहक की आईडी प्रूफ, मोबाइल नंबर का रिकॉर्ड रखने का नियम है। स्पा सेंटर में यदि कोई विदेशी कर्मचारी काम करता है, तो उसका पुलिस वेरिफिकेशन होना जरूरी है, साथ ही इसकी पुष्टि भी करनी होती है कि विदेशी नागरिक के पास वर्क वीज़ा है या नहीं। अधिकांश स्पा सेंटर इन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार राजधानी में कोई भी स्पा सेंटर बिना मानक के नहीं चल रहा है।

### अनुभवहीन स्टाफ से कराया जाता है गोरखधंधा

जानकारों की माने तो एक केंद्र में थेरेपी के लिए एक स्टाफ ट्रेन रख लिया जाता है बाकी अनट्रेंड स्टाफ से सिर्फ और सिर्फ जिस्म फरोशी का काम कराया जाता है जिसमें ज्यादातर लखनऊ के बाहर की लड़कियों को रखा जाता है।

## पिता ने गलत चाल चलन व बुरी संगत के कारण बेटे को बेदखल किया

- बेटा जब हैवानियत पर उतर आए, अपने ही पिता को मारे पीटे धमकी दे तो एक पिता क्या करें

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**काकोरी।** जब बेटा गलत संगत और चाल चलन के कारण शराब पीकर अपने पिता और परिवार के लोगों को ही मारने पीटने पर उतर आए तो एक पिता ने अपने बेटे को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। काकोरी थाना क्षेत्र निवासी ग्राम टेडवा शमशाद अली ने अपने बेटे इरशाद हुसैन को गलत चाल-चलन व बुरी संगत और आए दिन शराब पीकर कर घरवालों को गालियां देना मारना पीटना और यहां तक की अपने पिता को जान से मारने की धमकी देने के कारण शमशाद अली ने अपने बेटे इरशाद हुसैन को लिखित रूप से अपने बेटे को चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया और साथ ही जिला अधिकारी लखनऊ व काकोरी थाना प्रभारी को लिखित शिकायत कर सूचना दी है कि अब उनका व उनके परिवार का उनके बेटे इरशाद हुसैन से कोई वास्ता नहीं रहा। शमशाद अली ने अपने बेटे पर यह भी आरोप लगाया है कि जब से उन्होंने अपने बेटे को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल किया है तब से उनका बेटा आए दिन असलहा लेकर अपने पिता शमशाद अली को कई बार धमकी दे चुका है कि मुझे भी हिस्सा दो नहीं तो तुम्हें जान से मार दूंगा और घर में किसी को भी नहीं छोड़ूंगा।

## मनरेगा से गांवों में बन रहे अन्नपूर्णा भवन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में मनरेगा से गांवों में बन रहे अन्नपूर्णा भवन बनाये जा रहे हैं।महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत खाद्यान भण्डारण संरचनाओं का निर्माण, जिनका उपयोग उचित दर की दुकानों के लिए भी किया जा सकता है, ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत सरकारी जमीन पर खाद्यान भण्डारण संरचना अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य निरंतर जारी है। इसमें एक हॉल, एक प्रतीक्षालय के साथ साथ जनसेवा केंद्र संचालन की व्यवस्था की जा रही है।प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के अंतर्गत राशन मॉडल शॉप अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य जारी है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### केंद्र सरकार को मित्रों की पड़ी है, किसानों की नहीं: लोकदल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने किसानों पर हो रहे अत्याचार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि किसानो पर हो रहे अत्याचार को देख कर दिल दुखता है।बहुत दुख की बात है कि सरकार को अपने मित्रों की पड़ी है पर किसानों की कोई परवाह नहीं है।यह देश जहां किसानों का सम्मान होता था तो आज उन्हें लाठी, डंडों , आसू गैस, कटीले तारों और बंदूक की गोलियों का सामना कर अपने हक की लड़ाई लड़ना पड़ रहा है। इस देश में किसानों को अन्नदाता कहा जाता था लेकिन आज सरकार किसानों पर सबसे ज्यादा जुल्म कर रही है। एक समय में किसान पर कोई बात आ जाये तो सरकार इधर से उधर हो जाती थी, पर आज ऐसी तानाशाह सरकार है कि पिछले आंदोलन में 700 किसानों की जान गई। सरकार ने किसानों से वादा किया पर वादा पूरा नहीं किया।

### वाराणसी में सड़क निर्माण हेतु 67.77 लाख रूपये मंजूर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद वाराणसी में सड़क निर्माण से संबंधित विभिन्न कार्यों हेतु 67.77 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, वाराणसी के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेशों की प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी को प्रेषित कर दी गई है।शासनादेश के अनुसार वाराणसी के ग्राम सभा मंहगीपुर में भाऊपुर-सत्तनपुरन पिच रोड से मंहगीपुर के आबादी में इण्टरलॉकिंग कार्य हेतु 14.83 लाख रूपये, ओम साई राम कालोनी मीरापुर बसही में ब्रम्ह बाबा स्थान से हरिजन बस्ती होते हुए श्री दिलीप सिंह के मकान तक नवनिर्माण कार्य हेतु 20.33 लाख रूपये, वार्ड नं0 34 इंद्रा नगर कालोनी में सड़क निर्माण एवं पटरी के किनारे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु 13.52 लाख रूपये तथा परमहंस नगर कालोनी में अर्जुन मारवाडी प्रशान्ति सिंह के आवास के पास अजित श्रीवास्तव के मकान से चौमुहानी में सड़क एवं पार्क का निर्माण कार्य हेतु 19.09 लाख रूपये मंजूर किए गयें हैं।

### महोबा की परियोजना के लिए 122.66 लाख रूपये मंजूर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में बुंदेलखण्ड विकास निधि राज्यांश के तहत महोबा की एक परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 122.66 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि मुख्य विकास अधिकारी, महोबा के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति मुख्य विकास अधिकारी, महोबा को प्रेषित कर दी गई है।शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद महोबा के छानी से रिवई संपर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य कराया जायेगा।

### 02 मार्गों हेतु 02 करोड़ 22 लाख 96 हजार अवमुक्त

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत वाराणसी मण्डल के जनपद वाराणसी के कुल 02 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 02 करोड़ 22 लाख 96 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। वाराणसी के इन 02 चालू कार्यों में आशापुर से म्यूजिमय मार्ग सतह सुधार, इन्टरलांकंग, चेकर्ड टाइल्स, रोड फर्नीचर एवं अन्य विविध कार्य हेतु रू0 42 लाख 96 हजार तथा भोजूबीर सिन्धौरा अन्य जिला मार्ग के चौनेज 2.00 से 23.200 तक विशेष मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य हेतु 01 करोड़ 80 लाख कुल 02 करोड़ 22 लाख 96 हजारकी धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है।

### मार्ग संख्या-119 के किमी0 35 में हिण्डन नदी पर नये सेतु, पहुंच मार्ग हेतु 16 करोड़ 82 लाख 70 हजार स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा राज्य योजना सामान्य के अन्तर्गत बागपत में मेरठ-बड़ौत राज्य मार्ग संख्या-119 के किमी-35 में डिण्डन नदी पर क्षतिगस्त सेतु स्थान पर नये सेतु, पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य हेतु कुल रू0 16 करोड़ 82 लाख 70 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये वित्तीय वर्ष 2024-25 रूप 08 करोड़ 41 लाख 35 हजार की धनराशि शासन द्वारा अवमुक्त कर दी गयी है।

## टेक होम राशन प्लान्ट तैयार कर रहे उच्च गुणवत्ता का पुष्टाहार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा टीएचआर प्लान्टो की उपयोगिता बढ़ाने व सक्रिय रूप से पूरी गति के साथ संचालित करने के प्रभावी दिशा निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश के 43जनपदों में 204 टेक होम राशन प्लांट संचालित किये जा रहे हैं।

टेक होम राशन प्लांट द्वारा पौष्टिक, सुरक्षित, पैकेज्ड, गुणवत्ता सुनिश्चित टेक होम राशन का महिला समूहों द्वारा विकेंद्रीकृत उत्पादन और वितरण किया जा रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला समूहों द्वारा प्रबंधित विकेन्द्रीकृत टीएचआर टेक होम राशन इकाइयों की स्थापना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत की गयी हैं, जिसमे टेक होम राशन का उत्पादन और आंगनवाड़ी केंद्रों तक वितरण महिला समूह की सदस्यों के द्वारा की जाती है। वर्तमान में राज्य में 43 जनपदों में 204 प्लांट स्थापित हैं, जो पुष्टाहार का निर्माण कर नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों तक वितरण करती हैं।राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक राज्य में टीएचआर इकाइयों द्वारा 1.48 लाख मीट्रिक टन से अधिक टीएचआर का उत्पादन किया है। विकासखंड से चयनित 18-20 योग्य महिलाओं का एक एओपी एसोसिएशन ऑफ़ पर्सन्स बनाया गया है ,जो उत्पादन और वितरण का कार्य करती एवं पुष्टाहार का उत्पादन कर आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचाती हैं। टीएचआर इकाइयों द्वारा छह व्यंजन तैयार किए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक विशिष्ट आयु वर्ग के लिए है। यह 12 सूक्ष्म पोषक तत्वों से फोर्टिफाइड है। राज्य की 204 टीएचआर इकाइयों ने 1.08 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों में 1.15 करोड़ लाभार्थियों को रेसिपी आधारित टीश्एचश्आर प्रदान किया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक श्रीमती दीपा रंजन ने बताया कि मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के अलावा, स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने, लीकेज को दूर करने और आंगनवाड़ी केंद्रों तक समय पर पुष्टाहार उपलब्ध करने में भी प्रयासरत रहा है। आईसीडीएस योजना और आंगनबाड़ियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में, टेक होम राशन , पूरक पोषण सबसे महत्वपूर्ण सेवाओं में से एक है।

## डिप्टी सीएम हुए सख्त, श्रावस्ती के सीएमओ सस्पेंड

- लगातार मिल रही थीं शिकायतें, एक अन्य चिकित्सक भी निलंबित
- सुल्तानपुर के सीएमओ, पूर्व अधीक्षक पर आरोपों की होगी जांच
- दो चिकित्साधिकारियों पर अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश जारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सख्त कार्रवाई करते हुए लगातार मिल रहीं शिकायतों के चलते श्रावस्ती के सीएमओ को निलंबित कर दिया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। वहीं, फतेहपुर में तैनात चिकित्सक को भी निलंबित कर सीएमओ सिद्धार्थनगर के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं, सुल्तानपुर के सीएमओ तथा पूर्व अधीक्षक द्वारा अनियमितताओं के आरोपों की जांच कराई जा रही है। पीलीभीत व अमेठी के दो चिकित्साधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि श्रावस्ती के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय प्रताप सिंह द्वारा अवैध निजी अस्पतालों पर प्रभारी अंकुश न लगा पाने, टेंडरों में कतिपय अनियमितता किए जाने तथा बायो मेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण न करने व उच्च आदेशों की अव्हेलना किए जाने के आरोपों के चलते उन्हें सस्पेंड करते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है। इस संबंध में शासन द्वारा डीएम व सीडीओ श्रावस्ती को पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए गए थे। दोनों अधिकारियों द्वारा शासन को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। वहीं, फतेहपुर के जिला महिला चिकित्सालय में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुण्ड्रीक कुमार गुप्ता को निलंबित करते हुए सिद्धार्थ नगर के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से संबद्ध किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि चिकित्सक का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे सरकार, शासन व प्रशासन के आला अफसरों के विर्ध अभद्र टिप्पणी व अमर्यादित भाषा का प्रयाग कर रहे थे। समय से शासन को इस प्रकरण की जानकारी न देने पर डिप्टी सीएम द्वारा फतेहपुर के सीएमओ का स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। डॉ. गुप्ता द्वारा फतेहपुर के जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को प्रतिमाह पैसे दिए जाने के आरोप के संबद्ध में भी उक्त चिकित्सा अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि सुल्तानपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ओपी चौधरी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ (सुल्तानपुर) के पूर्व अधीक्षक के विरुद्ध विभिन्न अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच मंडलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को दिए गए हैं। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमानाबाद (पीलीभीत) में तैनात दन्त शल्यक डॉ. प्रतिष्ठा सिंह एवं गौरीगंज (अमेठी) के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार द्वारा लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### 30 नियमित, 12 आउटसोर्स पद सृजित

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंगेल में निर्मित 50 शैय्या मैटर्निटी विंग की स्थापना एवं क्रियांवयन के लिए चिकित्सकों के नौ एवं पैरामेडिकल व अन्य श्रेणी के 21 पदों सहित 30 नियमित पदों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवा आउटसोर्स के आधार पर 12 पद सृजित किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। इस विंग से स्थानीय व आसपास के मरीजों को लाभ मिल सकेगा।

## रिमोट सेंसिंग के जरिए सतत भविष्य की ओर: लखनऊ में राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- प्राकृतिक संसाधनों की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर- अनिल कुमार

उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, उत्तर प्रदेश एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग और इंडियन सोसाइटी ऑफ जियोमेटिक्स की वार्षिक राष्ट्रीय संगोष्ठी विषयक ÷रिमोट सेन्सिंग फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर ुए रोडमैप टूवार्डस् विकसित भारत'' का शुभारम्भ 32 वर्षों के बाद आज लखनऊ में हुआ। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम 11 से 13 दिसंबर तक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित हो रहा है। संगोष्ठी का उद्घाटन आज सुबह 10:30 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी में देश-विदेश के 1000 से अधिक वैज्ञानिक, प्रोफेसर, अधिकारी एवं शोध छात्र भाग ले रहे हैं। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों जैसे इसरो, बेंगलुरु; अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, अहमदाबाद; नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, हैदराबाद; और नॉर्थ-ईस्ट स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, शिलांग के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। संगोष्ठी में उनके शोध एवं नवाचार प्रस्तुत किए जाएंगे, जो भविष्य के सतत विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।कार्यक्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि यह तकनीक न केवल जल, वायु और थल संसाधनों के समुचित प्रबंधन में सहायक है, बल्कि कृषि, वानिकी, आपदा प्रबंधन और स्मार्ट सिटी प्रबंधन में भी इसका अनुप्रयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों की खोज और उनके प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके माध्यम से नवीनतम आंकड़ों का सृजन किया गया है, जिससे जल, वायु और थल जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मॉनिटरिंग और प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया। संगोष्ठी का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य को बल देकर उनके ÷विकसित भारत÷ के सपने को साकार करना है। उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के प्रयासों में सहयोग मिलेगा।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पंधारी यादव ने कहा कि यह गौरव का क्षण है कि 32 वर्षों बाद लखनऊ में यह संगोष्ठी हो रही है। उन्होंने रिमोट सेंसिंग और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों, खेतों और जंगलों की डिजिटल मॉनिटरिंग की सराहना करते हुए इसे प्रदेश की जनता के लिए लाभकारी बताया। संगोष्ठी के माध्यम से प्रदेश के युवाओं और शोधकर्ताओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और नवीनतम तकनीकों को समझने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन प्रदेश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और यह सुनिश्चित करेगा कि उत्तर प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बने।विशेष सचिव एवं रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, उत्तर प्रदेश के निदेशक शीलधर सिंह यादव ने कहा, ÷विकसित भारत का सपना, विकसित उत्तर प्रदेश के बिना अधूरा है। प्रदेश में वैज्ञानिक सोच और तकनीकी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। रिमोट सेंसिंग तकनीक ने प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों की खोज और प्रबंधन को एक नई दिशा दी है। यह आयोजन प्रदेश के वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास में एक नयी दिशा प्रदान करेगा तथा देश के नवोन्मेषी दृष्टिकोण को सशक्त करेगा।राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग ने अपने वार्षिक पुरस्कार भी प्रदान किए। इन पुरस्कारों से रिमोट सेंसिंग और जियोमेटिक्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को सम्मानित किया गया। फेलो ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग का सम्मान श्री शांतनु भटावडेकर, डॉ.आरपी सिंह, डॉ. राजकुमार, प्रोफेसर डॉ. वाईएस राव, और डॉ. पीपी नागेश्वर राव को प्रदान किया गया। भास्कर अवार्ड डॉ. प्रकाश चौहान को प्रदान किया गया। सतीश धवन अवार्ड प्रोफेसर डॉ. अंजना व्यास को प्रदान किया गया। नेशनल जियोस्पेशियल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस डॉ. अनिल कुमार लोहानी और डॉ. राजश्री बोथाले को प्रदान किया गया।डॉक्टर एमएस यादव इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के अयोजक सचिव ने कहा कि आईएसआरएस की स्थापना 1969 में हुई थी, और वर्तमान में इसके 6,300 सदस्य हैं, जिनमें वैज्ञानिक, प्रोफेसर एवं शोधकर्ता शामिल हैं। संगठन का उद्देश्य अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग कर मानवता की सेवा करना है। उन्होंने इस संगोष्ठी में पधारे सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रान्तीय रक्षक दल शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का कर रहा निर्वहन: गिरीश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा जेल रोड, आनन्द नगर स्थित महानिदेशालय पर 76वें प्रान्तीय रक्षक दल पीआरडी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन परेड ग्राउण्ड में आज किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार युवा कल्याण एवं खेल गिरीश चन्द्र यादव द्वारा पीआरडी जवानों की रैतिक परेड का निरीक्षण करने के उपरान्त मान-प्रणाम स्वीकार किया गया।इस अवसर पर गिरीश चन्द्र यादव द्वारा अपने उद्बोधन में पीआरडी जवानों द्वारा थाना, यातायात एवं अन्य शासकीय विभागों तथा अर्ध-शासकीय संस्थानों में की जा रही ड्यूटी की सराहना की गयी। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानो द्वारा पुलिस बल के सहयोगी यूनिट के रूप में कार्य करने के साथ महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालयों की सुरक्षा का भी दायित्व कुशलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। विभिन्न शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों एवं संस्थानां द्वारा पीआरडी जवानों के सराहनीय कार्यों से प्रभावित होकर उनकी ड्यूटी की मांग लगातार की जा रही है। इस प्रकार वर्तमान में प्रान्तीय रक्षक दल प्रदेश के शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी कर्मठता एवं समर्पण के साथ किया जा रहा है।इस मौके पर खेल मंत्री द्वारा विजेता प्लाटूनों के प्लाटून कमाण्डर्स को एवं परेड कमाण्डर्स को ट्रॉफी प्रदान की गयी। विजेता प्लाटूनों के पीआरडी जवानों को उप निदेशक अजातशत्रु शाही द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया तथा पी.आर.डी. ब्रॉस बैण्ड के सराहनीय प्रदर्शन हेतु 5000 रूपये का नकद पुरस्कार दिया गया। स्थापना दिवस समारोह के अन्तर्गत 11 एवं 12 दिसम्बर को पी.आर.डी. जवानों की खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। वॉलीबाल, रस्साकसी, दौड़ एवं गोला फेक में स्पर्धाओं का आयोजन किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता के विजयी जवानों को 12 दिसम्बर को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में पीआरडी जवानों की रैतिक परेड के दौरान प्रदेश की 10 प्लाटूनों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। परेड के दौरान लखनऊ ज़ोन, बरेली ज़ोन, झांसी ज़ोन, गोरखपुर ज़ोन, वाराणसी ज़ोन, प्रयागराज ज़ोन एवं मेरठ ज़ोन की प्लाटूनों ने प्रतिभाग किया।पीआरडी की महिला प्लाटून पूर्वी एवं महिला प्लाटून पश्चिमी एवं पीआरडी आपदा मोचक प्रहरी प्लाटून द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। रैतिक परेड में प्लाटूनों के प्रदर्शन एवं टर्नआउट के आधार पर होमगार्ड्स विभाग एवं कारागार विभाग के निर्णायकों द्वारा प्रदान किए गए अंक के आधार पर परिणाम घोषित किया गया, जिसमें महिला प्लाटून पूर्वी स्वाती सिंह, लखनऊ को प्रथम स्थान, मेरठ ज़ोन के कुलदीप पुनिया, बुलन्दशहर को द्वितीय स्थान तथा गोरखपुर ज़ोन के अर्जुन सिंह, महाराजगंज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।रैतिक परेड के दौरान बरेली ज़ोन के प्लाटून कमाण्डर फहद अली खान, कानपुर जोन के प्लाटून कमाण्डर दीपक वर्मा, लखनऊ जोन के प्लाटून कमाण्डर श्यामजी यादव, वाराणसी जोन के प्लाटून कमाण्डर राजन कुमार यादव, प्रयागराज जोन के प्लाटून कमाण्डर प्रशान्त कुमार दुबे, आपदा मोचक प्रहरी प्लाटून के कमाण्डर सुमित सिकरवार तथा महिला प्लाटून पश्चिमी की प्लाटून कमाण्डर रागिनी सिंह के नेतृत्व में पीआरडी जवानों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। रैतिक परेड का संचालन परेड कमाण्डर अनमोल सिंह, सीतापुर द्वारा किया गया जिसमें उनका सहयोग परेड कमाण्डर द्वितीय, मनोज कुमार, बदायूं एवं परेड एडज्यूटेन्ट श्वेतांक मिश्र, चन्दौली द्वारा किया गया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव गोपाल सिंह, विशेष सचिव, युवा कल्याण, महानिदेशक, प्रान्तीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण सुहास एलवाई, उप निदेशक आदित्य कुमार, संजय कुमार सिंह, मेघना सोनकर, संदीप कुमार एवं अन्य विभागीय अधिकारी तथा होमगाड्र्स विभाग एवं कारागार विभाग के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चौबीस घंटे में हत्या का किया खुलासा, हत्या आरोपी हुए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के थाना जामो क्षेत्र अंतर्गत जोरावरपुर मठिया कल्याणपुर निवासी रजनीश कुमार मिश्र के पुत्र संजीव मिश्र का शव मंगलवार को गांव के निकट खेत में मिला था।पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की पूरी जानकारी ली थी।तथा घटना के शीघ्र खुलासे और हत्या आरोपियों के गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया था।घटना के शीघ्र खुलासे व अभियुक्त की गिरफ्तारी के क्रम में बुधवार को विनोद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जामो मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आदित्य मिश्र पुत्र रमेश कुमार निवासी राजामऊ थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब तेईस वर्ष को कल्यानपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।एवं उपनिरीक्षक जगदेवन राजवंशी थाना जामो मय हमराही द्वारा दूसरे अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी जामो थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब तेईस वर्ष को बाबूपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त आदित्य मिश्र ने बताया कि मै व संजीव कुमार मिश्र मृतक एक साथ मिलकर जामो में डिवाइन किंडर प्ले स्कूल का संचालन करते हैं।कुछ दिन पहले मेरी बहन उसमें



पढ़ाने जाने लगी।उसी अवधि में संजीव मेरी बहन से बातचीत करने लगा।जो मुझे नागवार लगी।मेरे कई बार मना करने के बाद भी वह नहीं माने और मेरी बहन से लगातार फोन आदि से बात करते रहे।कुछ अन्य लोगों ने भी मुझे ये बात बतायी।जिससे मैं अन्दर से बहुत ग्लानि महसूस कर रहा था। क्षेत्र में मेरी बदनामी हो रही थी।तभी से मै संजीव को मारने के लिए मौके की तलाश में था। नौ दिसम्बर को मैने व संजीव ने पूरे दिन साथ रहकर शराब पी।बाद में हम दोनो अनुज सिंह की बहन की शादी में सम्मिलित होने के लिए उसके घर गये।वहीं पर मुझे विशाल मिला।मैने विशाल से अपनी योजना बताते हुये मदद मांगी।योजना के अनुरूप मै संजीव को मोटरसाइकिल से लेकर कुछ सामान लाने के बहाने आगे निकला एवं रास्ते में ही विशाल मिल गया।हम तीनों लोग एक मोटरसाइकिल से शिवपुर में संग्राम सिंह के स्कूल के पास रुककर संजीव से फिर से शराब पीने के बहाने विशाल को रोड पर रोककर हम दोनों आगे चले गये।तभी मैने मौका पाकर संजीव के ऊपर जान से मारने की नीयत से अपने तमंचे से फायर कर दिया।परन्तु संजीव को गोली नहीं लगी तभी संजीव भागने लगा। मेरी व संजीव की हाथापाई हुयी जिससे कुछ दूर भागने के उपरान्त संजीव लड़खड़ा कर गिर गया।तभी मै संजीव के ऊपर तमंचे की बट से चेहरे व गर्दन पर कई वार किया।जिससे संजीव अचेत हो गया तदोपरान्त मैने इत्मिनान से अपने हाथों से संजीव की गला दबाकर हत्या कर दी।व रास्ते में नहर के बगल झाड़ी में तमंचा छिपा दिया। उसके बाद मै व विशाल शादी में चले गये जिससे हमलोगों पर किसी को कोई शक न हो।अभियुक्त आदित्य मिश्र की निशानदेही पर नहर के किनारे झाड़ियों से एक तमंचा व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 3/5/25/27 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर थाना जामो पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, कपड़े और जूते की दुकान जलकर हुई राख



जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिले के जायस थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण दो दुकानों में भीषण आग लग गई।मोहम्मद कासिम की रेडीमेड कपड़े की दुकान और मुमताज शू हाउस की दुकान जलकर राख हो गईं।आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची।करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पड़ोसियों द्वारा घटना की जानकारी मिलने पर कासिम और मुमताज ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।हालांकि फायर ब्रिगेड दो घंटे देरी से पहुंची। तब तक दोनों दुकानों का लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था।दुकानदार कासिम ने बताया कि रेडीमेड कपड़ों का लगभग पंद्रह लाख रुपए और जूतों का करीब तीन लाख रुपए का सामान जल गया।

## राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में समग्र शिक्षा अभियान कार्यक्रम आज

जन एक्सप्रेस । अमेठी




राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में केन्द्र प्रवर्तित व्यापक कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उप्र माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत छात्र, छात्राओं के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन आज से बीस दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारम्भ बृहस्पतिवार को प्रातः दस बजे से किया जायेगा।संस्थान के निदेशक प्रो.आलोक कुमार सिंह उद्घाटन भाषण देंगे तथा संकाय सदस्यों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा।समग्र शिक्षा अभियान पूर्व प्राथमिक, प्राथमिक उच्च प्राथमिक,माध्यमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक 'निरंतरता के रूप में विद्यालय' की परिकल्पना करती है।तथा विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न कक्षा स्तरों में अंतरण दर में सुधार करने और बच्चों को विद्यालयी शिक्षा पूरी करने के लिए सार्वभौमिक पहुँच को बढ़ावा देने में सहायता करती है।

शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में आरजीआईपीटी में आसपास के जनपदों के स्कूलों से लगभग चार सौ छात्र, छात्राएं प्रतिदिन उपस्थित रहेंगे।इसके अंतर्गत जनपद रायबरेली के सलोन,हरियावां, महाराजगंज तथा देवानंदपुर में संचालित राजकीय बालिका इंटर कालेज, बेला भेला में संचालित बालिका हाईस्कूल रोहनिया सूची तथा बिरनावा डीह में संचालित राजकीय हाई स्कूल,अताउरा बुजुर्ग तथा डीह में संचालित राजकीय इंटर कालेज,जनपद अमेठी में संचालित राजकीय इंटर कालेज फुरसतगंज, तथा जनपद सुल्तानपुर के राजकीय इंटर कालेज में अध्ययनरत छात्र, छात्राएं कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन संस्थान में आएंगे।तथा परिसर, प्रयोगशाला,कार्यशाला आदि का भ्रमण करेंगे साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में सम्मिलित होंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### श्रीरामलला के रंग मंडप का शिखर बनकर तैयार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या में श्रीराम लला के मंदिर के पांच मंडपों में से एक रंग मंडप का शिखर बनकर तैयार हो गया है। 11 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ %प्रतिष्ठा द्वादशी% के रूप में मनाने की योजना बनाई जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के निर्माण कार्य के पांच मंडपों में से एक रंग मंडप का शिखर पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया है। आज से ठीक एक माह बाद 11 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ %प्रतिष्ठा द्वादशी% के रूप में मनाई जाएगी। इसकी सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से चार सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसी के द्वारा सब कुछ तय किया जाना है। उल्लेखनीय है कि सप्तऋषि मंदिर, परकोटे के साथ बनने वाले शिव, सूर्य, मां दुर्गा, देवी अन्नपूर्णा गणेश और हनुमानजी आदि के मंदिरों के निर्माण में भी तेजी आई है। बीते दिनों निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र की समीक्षा बैठक के उपरांत मजदूरों की संख्या में वृद्धि की गई थी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को जिस तिथि पर हुई थी, उस दिन द्वादशी तिथि थी। हिंदू तिथि के अनुसार इस बार द्वादशी तिथि 11 जनवरी को पड़ रही है।

### एडीएम (प्रशासन) की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में ५जिला सैनिक बंधु५ की बैठक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने जनपद व शासन स्तर पर पूर्व सैनिकों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। सैनिक बन्धु उपाध्यक्ष आनरेरी कैप्टन राजपाल सिंह द्वारा कार्यालय में पेयजल की व्यवस्था कराये जाने हेतु नगर पालिका परिषद से अनुरोध किया तथा सैनिक बन्धु सदस्य सूबेदार एस0के0 बाजपेई द्वारा गन लाइसेंस नवीनीकरण की समस्या से अवगत कराया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0प्रा0), द्वारा स्वागत किया गया इस मौके पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए की बैठक

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व राजकुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली के साथ अधिकाधिक मामलों के निस्तारण की रूपरेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आहूत की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह द्वारा की गयी माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा कियेबैठक में अपर जनपद न्यायाधीश-प्रथम कुशल पाल अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# गरीबों वंचितों को मुख्य धारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता सुशील पासी

## राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेस का सम्मेलन आयोजित किया गया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कॉग्रेस पार्टी व राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दीन शाहगौरा ब्लॉक के रामलीला मैदान में प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र पासी द्वारा आयोजित किया गया सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संविधान योध्दा श्री सुशील पासी जी राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस पार्टी व बिहार प्रदेश प्रभारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री वीरेन्द्र यादव सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी जिला पंचायत सदस्य डलमऊ, राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के जिला अध्यक्ष श्री यशपाल एडवोकेट अर्जुन पासी जी सचिव प्रदेश कॉग्रेस पार्टी व डॉ प्रशांत जी की गरिमा में उपस्थिति रही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जी ने कहा कि हम श्री राहुल गांधी के मिशन को गांव तक गरीब



वंचितों पर तथा हाशिये पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में मिलाना और उन्हें न्याय दिलाना जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता तब तक मैं राहुल गांधी के इस अभियान को अनवरत रूप से पूरे प्रदेश और देश में गांव-गांव गली गली तक पहुंचाता रहूंगा संविधानिक कुर्सी पर बैठे लोग संविधान का पालन नहीं कर रहें हैं बीजेपी संविधान विरोधी है उन्होंने कहा उठो बना लो रास्ते संविधान के वास्ते तथा वीरेंद्र यादव जी ने कहा कि यह देश संविधान के मूल्य से ही चलेगा तथा श्रीयशपालएडवोकेट ने कहा राष्ट्रीय भागीदारी मिशन इस संगठन के तहत आदिवासी दलित अल्पसंख्यक पिछला सभी को साथ में लेकर सभी की भागीदारी की बात करता है और सभी को न्याय दिलाना सभी की सुरक्षा करना सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात की लड़ाई लड़ रहा है योगेश सर ने कहा दया नहीं अधिकार चाहिए संविधान का राज चाहिए इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजक रहे राजेंद्र पासी ने कहा रोजगार धन धरती सॉरी लेकर रहेंगे भागीदारी कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के मीडिया प्रभारी शीतांशु मौर्य ने किया यह उनके सहयोगी साथी संजय पासी सज्जन सैनी भगवान दीन गौतम गिरधारी राजू साहू अभय प्रताप सिंह भोला पासी गोलू रावत राम सजीवन यादव पूर्व प्रधान देशराज यादव सौरभ देव सागर पटेल शिव रचित मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा जिला कारागार की बैरकों, पाकशाला, अस्पताल का निरीक्षण किया गया तथा बन्दियों से बातचीत कर उनकी समस्यायें को जाना गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। निरीक्षण उपरांत बन्दियों के शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में आयोजित प्रशिक्षण के उपरांत बन्दियों को अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गयाइस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 52 बन्दियों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण में बन्दियों को वर्मी कम्पोस्ट खाद, धूपबत्ती व अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

### जेल में निरुद्ध बंदियों के शिक्षा एवं व्यवसाय प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाणपत्र का किया वितरण

इण्डियन बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धक जे0आर0 मीणा व बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंधक उत्तम श्रीवास्तव के सहयोग से प्रदान किया गया इस अवसर पर अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि आप लोगों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित करने हेतु यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अन्तर्गत ही बन्दियों को प्रशिक्षित किया गया है। इस स्वरोजगार कार्यक्रम में ऐसे बन्दी प्रतिभाग कर सकते है जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होगीइस अवसर पर बन्दियों को बताया गया कि जेल में निरुद्धि के दौरान व्यावसायिक शिक्षा व स्वरोजगार सीख कर अपना भविष्य सुधार सकते है। इसके अतिरिक्त निरुद्धि के दौरान आप अपनी पढ़ाई आगे भी जारी रख सकते है। शिविर के दौरान अग्रणी शाखा प्रबंधक रुपेश दुबे, जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, प्रभारी कारापाल धर्मपाल सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल जय सिंह यादव, उपकारापाल अंकित गौतम व सुमैया परवीन उपस्थित रही।

# शिक्षकों के बेहतर काम करने पर मिली शोहरत, सम्मान और पहचान: बीडीओ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

अमावां ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों, स्थानीय प्राधिकारी व जनप्रतिनिधियों की संगोष्ठी का आयोजन बीआरसी परिसर में किया गया। बैठक में बेसिक शिक्षा की योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह और विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव रहे प्रभारी खण्ड शिक्षाधिकारी राम मिलन यादव ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर अब पूरी तरह से बदल चुकी है। सरकार के 19 पैरामीटर को पूरा करने में ग्राम प्रधानों का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। कायाकल्प में बेहतर काम करने वाले पांच ग्राम प्रधानों को सम्मानित करने जा रहे हैं उन्होंने बताया कि आज ग्राम प्रधान सारीपुर




सहदेव, दाउदनगर के इंद्रजीत सिंह, बावन बुजुर्ग बल्ला के प्रतिनिधि पंकज गुप्ता, सिधौना के राम सनेही और कोडरस बुजुर्ग की प्रधान रामावती को सम्मानित किया गया है। उन्होंने संगोष्ठी में सभी प्रधानों से शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात कहीं खण्ड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों को चमाने के प्रयास में हम लोगों की तरफ से बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आप लोगों के बेहतर शिक्षण से ही परिषदीय विद्यालय की वास्तव में तस्वीर बदल सकती है। एक बेहतर शिक्षण योजना से बच्चों को हम लोगों को पढ़ाना चाहिए। बच्चों के साथ में जितना अधिक भावात्मक लगाव रखेंगे उतना ही बेहतर रहेगा ग्राम प्रधानों से उन्होंने गांव की शिक्षा समिति को एक्टिव करने की बात कहींउन्होंने कहा कि आपके हस्तक्षेप और सहयोग से ही विद्यालयों की तस्वीर और बदल सकती है जैसे अपने देश का नाम आईआईएम और आईआईटी के साथ छात्र रोशन करते हैं वैसे ही आपके गांव का नाम इन्हीं विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे रोशन करेंगे संगोष्ठी के दौरान प्राथमिक विद्यालय सिधौना, मंचितपुर और हिलगी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। हिलगी के बच्चों की तरफ से एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक बल्ला नीरज कुमार ने किया बैठक में ग्राम प्रधान के ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि सिंह, अमरजीत वीरेंद्र कुमार श्रीकांत सिंह एआरपी जेपी रावत, सलाउद्दीन अंसारी, डॉ0 एसएस श्रीवास्तव, अब्दुल मन्नान, शैल कुमारी सहित सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

## बच्चों को कैरियर के क्षेत्र में गाइडेंस करने के लिए आयोजित हुआ कैरियर गाइडेंस मेला

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

ऊंचाहार छोटी उम्र में ही नौकरी के सपनों को संजोने और उनके पंखों को उड़ान देने के लिए सरकार की तरफ से 'पंख योजना' शुरू की गई है। 'पंख योजना' के तहत माध्यमिक विद्यालयों में कैरियर गाइडेंस योजना के तहत कुशल मार्गदर्शकों द्वारा छात्रों के सपनों को पंख लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को राजकीय हाईस्कूल रोहनिया और राजकीय इंटर कॉलेज जमालपुर करौंदी में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया जा रहा है राजकीय हाईस्कूल रोहिनया में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश यादव ने गाइडेंस मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सीखने की भी आवश्यकता होती है। कार्यक्रम की संयोजक प्रियंका, प्रधानाध्यापिका इला शुभानंद पटेल ने बताया कि बच्चों के कैरियर का चयन करने, चयन करने में आई अड़चनों से कैसे बचा जाये इस पर विस्तार से उनके साथ में चर्चा की। विशिष्ट अतिथि बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक उमरन के मैनेजर योगेश श्रीराम वैध, एनटीपीसी के अभियंता संजीव कुमार, सीएचसी के डॉ0 अखिलेश व ग्राम प्रधान उमरन रणजीत सिंह ने विस्तार के साथ में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चे मौलिकता के साथ जो कार्य करेंगे वही आगे बढ़ेंगे। इस मौके पर शिक्षिका आशा वर्मा, प्रकृति कुमार, कुसुम, नीतू सिंह, पूजा, संदीप उपस्थित रहे राजकीय इंटर कॉलेज जमालपुर करौंदी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नागेंद्र सिंह परिहार, ग्राम प्रधान हरिकेश यादव व प्रधानाचार्य डॉ0 गंगा प्रसाद ने कहा कि छात्र अपने जीवन में अनुशासन, संयम, त्याग और समर्पण के मंत्र को आत्मसात करके अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आधुनिक समय में सरकार और गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें पाने के लिए छात्रों को ईमानदारी पूर्वक मेहनत करना होगा। डॉयट रायबरेली के प्रवक्ता मनोज यादव ने कहा बच्चों को किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

### संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# निरीक्षण भवन में महिलाओं से संबंधित प्रकरणों को लेकर की जनसुनवाई, निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने जनपद भ्रमण के दौरान जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया तथा महिला वार्डों के निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम तथा अन्य इकाईयों में महिलाओं से सम्पर्क कर चिकित्सा संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई व महिलाओं को 40 बेबी किट व मिष्ठान वितरित कर संबंधित अधिकारियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात मा0 उपाध्यक्ष द्वारा जिला कारागार में पाकशाला, महिला बंदीगृह का निरीक्षण किया गया तथा महिला बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना एवं माता से साथ आवासित बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, टॉफी एवं महिला बंदियों को कम्बल का वितरण किया।



इसके पश्चात वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक से कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वन स्टाप सेंटर भवन में ही संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों से बच्चों से संबंधित प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।


मा0 उपाध्यक्ष द्वारा ग्राम पंचायत हरिदासपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया जहां पर 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा आंगनवाड़ी केन्द्र पर मा0 आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा धात्री महिलाओं की गोदभराई की तथा सभी बच्चों को फल वितरण किया गया तथा केन्द्र पर उपस्थिति आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात निरीक्षण भवन में महिला जन सुनवाई की गयी जिसमें 18 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये।

मा0 उपाध्यक्ष ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चाइल्ड हेल्प लाइन की व्यवस्था व वन स्टॉप सेंटर को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में कन्या के जन्म होने पर महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना की जानकारी प्रदान कराते हुए उनको उक्त योजना का लाभ दिलाया जाए, जिससे कोई भी बालिकाए लाभ से वंचित न रहें। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु विद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर पंपलेट चस्पा किए जाए, जिससे बच्चों को योजनाओं की जानकारी हो और वह घर जाकर अपने माता पिता को उन योजनाओं की जानकारी दे और वह उसका लाभ उठा सके। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शत प्रतिशत पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए, इसके साथ ही जन जागरूकता हेतु अस्पताल परिसर में पात्रता व कार्ड कैसे और कहा बनवा सकते ही इसकी जानकारी डिस्प्ले की जाए। उन्होंने कहा कि सीएचसी व पीएचसी में समीक्षा कर यह सुनिश्चित कराया जाए कि चिकित्सक व अन्य स्टाफ अपने ड्यूटी के दौरान उपस्थित रहें। जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024





**गन्ना आयुक्त के निर्देश बेअसर...**

चीनी मिलों का पेराई सत्र शुरू होने के साथ सड़कों पर गन्ना से लदे ओवरलोड वाहन भी दौड़ने लगे हैं।गन्ना आपूर्ति के लिए लगाए गए अधिकांश वाहनों में रिफ्लेक्टर पट्टियां नही लगाई गई है। रात के दौरान राहगीर गन्ने से लदे वाहनों में टकराकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। पढ़ें पेज 10 पर...

# खुद को गोली मारने वाली छात्रा के पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिधनू थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिनों एक छात्रा ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने उसके पिता विनय सिंह चंदेल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पिता के पास से नाजायज तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। साथ ही साथ पुलिस के द्वारा आर्म्स एक्ट और साक्ष्यों को छुपाने और पुलिस को गुमराह करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया है। इस मामले में पुलिस ने स्वयंवादी बनकर पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के आला अफसर के मुताबिक आरोपी पिता को मामले में जेल भेजा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक बिधनू के जामू गांव के रहने वाले विनय सिंह चंदेल एक वकील के यहां मुंशी हैं। बीते शुक्रवार को सुबह लगभग 11-30 बजे विनय सिंह चंदेल की बेटी श्रेया ने घर के अंदर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जब मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की तो एक तमंचा बरामद हुआ था। मगर समझने वाली बात यह है कि जिस गोली से छात्र की मौत हुई थी वह 312 बोर की निकली थी। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस का दिमाग इन्हीं सब तथ्यों पर ठनक गया था। इस मामले में पुलिस ने जब जांच को आगे बढ़ाया तो ग्रामीणों से पूछताछ की थी। ग्रामीण द्वारा पूछताछ किए जाने पर पता चला था कि छात्र की गांव में एक युवक से दोस्ती थी। जब उसके अफेयर के बारे में पिता को पता चला तो उसने काफी विरोध किया था। साथी बेटी को धमकाया भी था कि अगर उसने यह सब खत्म नहीं किया तो उसके लिए ठीक नहीं होगा। इसके अलावा लड़की के परिवार वालों और विनय चांदी सिंह चंदेल के बीच इन्हीं बातों को लेकर झगड़ा भी हो गया था। लड़के का परिवार गांव छोड़कर चला गया था और 4 महीने बाद फिर गांव वापस लौटा था। लड़के के परिवार के गांव लौटते ही फिर से दोनों परिवार के बीच तनातनी शुरू हो गई थी। इसी के बाद यह घटना हुई।

### पिता के पास से अवैध तमंचा बरामद पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक केस का पूरा खुलासा करते हुए पिता विनय सिंह चंदेल पर नजर रखना शुरू कर दिया। इधर पुलिस का दबाव बढ़ता देख घटना में उपयोग में ले गए तमंचे को छुपाने के लिए मंगलवार को पिता जामू गांव से घाटमपुर पैदल निकल गया था। रास्ते में वह काफी तमंचे को छुपाने के लिए स्थान तलाश करता रहा। जिसकी सूचना पुलिस को मिल गई थी। बिधनू थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार बाजपेई टीम के साथ किसान नगर रोड पर जामू गांव की ओर निकल पड़े। देसी शराब ठेका भवानीपुर के पास पहुंचकर वहां पर विनय सिंह चंदेल को पैदल जाते हुए देखा। सब इंस्पेक्टर और पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख विनय ने पीछे मुड़कर भगाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस में पिता को दौड़ा कर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने विनय सिंह चंदेल की तलाशी तब विनय सिंह के पास से देसी तमंचा व कारतूस बरामद हुए।

### पुलिस ने क्या-क्या किया बरामद

छात्र के पिता विनय सिंह चंदेल के पास से 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ है। इसके अलावा दो जिंदा कारतूस 315 बोर, चार जिंदा कारतूस 12 बोर, मिले हैं। पुलिस द्वारा तमंचे का लाइसेंस पूछे जाने पर विनय सिंह लाइसेंस दिख नहीं सके।

### पुलिस पूछताछ में पिता ने बताई सारी सच्चाई

तमंचा बरामद होने के बाद से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही थी। पुलिस द्वारा जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो विनय सिंह ने सारी सच्चाई बयां कर दी। उसने बताया कि उसके पास 12 बोर का एक नाजायज तमंचा और था। जिससे उसकी बेटी को गोली लगी थी। उसे विनय ने छिपा दिया था। अपने विरोधियों के विरुद्ध झूठा प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराना चाहा था। विनय ने बताया कि 7 दिसंबर को पुलिस वो तमंचा बरामद कर चुकी थी। तमंचे विनय को किसने सप्लाई किया था इस पर विनय ने पुलिस को कोई जवाब नहीं दिया। मामले में डीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि श्रेया के पिता को गिरफ्तार किया गया है उसके पास से अवैध असला बरामद हुआ है। आरोपी की कला पहले से कई आधिकारिक मामले दर्ज है। इसी आधार पर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# शिवराजपुर के मघई निवादा गांव की सड़क नहीं बनी बच्चे गिरकर होते चोटिल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



**शिवराजपुर।** शिवराजपुर ब्लॉक अंतर्गत मघई निवादा गांव को जाने वाले मुख्य मार्ग को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप डालने के लिए खोद दिया गया था। पाइप तो पड़ गए, सड़क की मरम्मत भी की गई लेकिन ठीक से मरम्मत न किए जाने की वजह से सड़क पर पानी भरा रहता है। रात के वक्त इस रास्ते से गुजरने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ब्लॉक में शिकायत किए जाने के बाद भी अभी तक सड़क को ठीक से दुरुस्त नहीं किया गया है। सड़क की हालत बाद से बदतर हो चुकी है।

आपको बताते चलें देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पानी पहुंचाने के उद्देश्य से सड़कों की खुदाई की गई थी। शिवराजपुर ब्लॉक के मघई निवादा गांव में भी सड़कों की खुदाई कर पाइप डाले गए। पाइप तो पड़ गए लेकिन सड़कों की मरम्मत ठीक से नहीं कराई गई। जिसकी वजह से अब ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रविंद्र सिंह,जीतू,अवधेश, एवं ग्राम प्रधान कैलाश ने बताया कि पाइप डाले जाने का काम स्काई इन्फोटेक कंपनी के सुपरवाइजर हिमांशु द्वारा काम कराया जा रहा था। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि सड़क की खुदाई का काम गोलू ठेकेदार द्वारा कराया गया था। इन लोगों से कई बार सड़क की ठीक से मरम्मत कराए जाने की शिकायत भी की गई लेकिन उल्टा सीधा काम करके चले गए और दोबारा झांकने भी नहीं आए। हालत यह है कि रास्ते पर पानी भर जाता है। गांव में आने-जाने के लिए एक ही मार्ग है। रात बिरात इस रास्ते से गुजरने में काफी दिक्कत होती है। विद्यालय जाने वाले बच्चों को इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। समझ वाली बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री इस योजना के तहत करोड़ों रुपए आवंटित कर ग्रामीण क्षेत्रों में खुशहाली पहुंचने को लेकर संकल्पित हैं वहीं दूसरी ओर कार्य कर रहे कर्मचारियों और अधिकारी इस महत्वाकांक्षी योजना को बट्टा लगा रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिर सड़क कब बनाई जाती है।

## पहाड़ों से आईं उत्तर पश्चिमी हवाओं ने ठंडक बढ़ाई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

हिमालय की पर्वतीय श्रंखलाओं पर हुई बर्फबारी और बारिश का असर मैदानी इलाकों में दिखना शुरू हो गया है। उत्तर पश्चिमी हवाओं में तेजी आते ही दिन में माहौल में गलन बढ़ गई। शहरियों ने एक स्वेटर चढ़ा लिया लिया। सीएसए के मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर पश्चिमी हवाओं की निरंतरता बनी रही तो शुक्रवार से ठंड में और इजाफा हो जाएगा। नहरों, नदियों और जलभराव वाले स्थानों पर कोहरे का घनत्व बढ़ेगा। बुधवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य औसत के बराबर रहा है। सीएसए के मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि इस समय उत्तर पश्चिमी हवाएं लगभग पांच किमी प्रति घंटा की रफ्तार से बह रही हैं। हवाओं में तेजी रहने से धुंध छंट गई है। इससे दृश्यता लगभग सामान्य रही है। बुधवार को बादल नहीं रहे। इससे न्यूनतम पारा 1.4 डिग्री कम हो गया है। दिन में धूप रहने की वजह से अधिकतम तापमान 0.6 डिग्री बढ़ गया। बादल आने पर रात और दिन के तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव होता रहेगा। लेकिन माहौल में ठंडक में इजाफा होता रहेगा। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि इस वक्त उत्तर पश्चिमी सर्द हवाएं चल रही हैं। बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बन रहा है लेकिन उसका असर कानपुर परिक्षेत्र पर अधिक नहीं आएगा। इसके प्रभाव से हल्के और ऊंचे बादल आ सकते हैं। इससे भी ठंड बढ़ेगी। हवाओं की निरंतरत ठंड बढ़ाती रहेगी। बादलों की आवाजाही से पारा में एक-दो डिग्री का उतार-चढ़ाव रहेगा। उन्होंने कहा कि यह मौसम फसलों के विकास के लिए मुफीद है। किसान हल्की सिंचाई करके खेतों में नहीं बनाए रखें।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिधनू थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में एक जेसीबी चालक की मौत हो गई। उसके परिवार वालों ने एक महिला पर जहर देकर करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में मृतक की मौत का सही कारण स्पष्ट न होने की वजह से उसके बिसरे को सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर दी गई है जांच करने के उपरांत कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बरदरा गांव फतेहपुर निवासी पवन उम्र 24 वर्ष जेसीबी चलाया करता था। वह यहां पर बिधनू के हरबसपुर में किराए का कमरा लेकर रहता था। पवन के परिवार में मां राजे के अलावा तीन भाई नवल राजकुमार और शिव कुमार है। परिजनों की माने तो पवन का एक महिला से संबंध था।

# गोविंद नगर विधायक ने मेट्रो के इंजीनियर व अधिकारियों से की वार्ता

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने मेट्रो के अधिकारियों के साथ, अपने कैंप कार्यालय बुलाकर, मेट्रो के इंजीनियर, साइट इंचार्ज एवं ट्रैफिक कंट्रोलर आदि के साथ कार्य प्रगति तथा व्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के लिए वार्ता करी। तत्पश्चात विधायक जी ने सभी संबंधित मेट्रो के लोगों के साथ डबल पुलिया से लेकर अपनी पूरी विधानसभा के मेट्रो मार्ग का निरीक्षण किया।

विधायक जी ने, सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि हमारी विधानसभा क्षेत्र की, मेट्रो के कारण से अव्यवस्थित हुई ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित किया जाए इसमें एक अतिरिक्त सुपरवाइजर लगा करके रूट डायवर्शन पर रोज यह व्यवस्था देखी जाए की आम जनता की आवागमन में किसी चौराहे पर कोई जाम आदि तो नहीं लग रहा है यदि लग रहा है तो तुरंत इसकी व्यवस्था करके, मार्शलों एवं आदमियों तथा कर्मचारियों की संख्या को बढाकर और डायवर्जन को विस्तार देकर, ठीक किया जाए। विधायक जी ने कहा कि मेट्रो निर्माण समयबद्ध पूर्ण हो तथा आम जनता को आवागमन में कोई कठिनाई न हो एवं जितने पार्ट का मेट्रो का कार्य पूर्ण होता जाए, उसको उसके साथ ही अभिलंब आवागमन खोल दिया जाए, अनावश्यक रूप से कहीं पर भी बैरिकेडिंग ना की जाए। आईटीआई हॉस्टल (श्रम कॉलोनी) गल्ला मंडी चौराहे पर, साइड से कॉलोनी की तरफ टेंपरेरी बनाए गए रास्ते( पतली गली जैसे रास्ते ) को खोल दिया जाए तथा उसके साइड में सर्विस लेन 15 दिन में कंप्लीट करके वापस ट्रैफिक, उसी रास्ते पर डाल दिया जाए।

विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने बताया कि डबल पुलिया से बर्रा तक मेट्रो का कार्य 29 जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा ओर मेट्रो की वजह से आने - जाने वाले लोगो को धूल के उड़ने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है नियमित पानी छिड़काव की व्यवस्था पर मॉनिटरिंग ठीक से की जाए ।धूल आदि बिल्कुल नहीं उढ़नी चाहिए, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखें।

विधायक जी ने दादा नगर चौराहे पर पहुंचकर अपने स्वयं के द्वारा बनवाए जा रहे समानांतर रेलवे ओवर ब्रिज की कार्य प्रगति के लिए, फायर ब्रिगेड दादा नगर की तरफ के निर्माण को प्रारंभ करने के लिए एक सप्ताह के अंदर सर्विस लेन पूरी कराकर, उन्हें सोंपने के लिए कहा। तथा ओवर ब्रिज के दूसरे साइड, सीटीआई की तरफ पर, मेट्रो के कारण से व्यवधानों से हो रहे, समस्याओं का निस्तारण करके, डेढ़ से 2 महीने के अंदर उन्हें, सेतु निगम के लिए निर्माण के लिए मार्ग छोड़ देने का निर्देश दिया और इसी कालखंड में अपना पिलर के काम को पूर्ण कर सेतु निगम को कार्य करने के लिए,व्यवस्था भी देने का भी निर्देश दिया। जिससे सेतु निगम के द्वारा कराई जा रहे निर्माण समानांतर पुल में समय से लोगों को आवागमन हेतु प्राप्त हो जाए और साइड में मेट्रो का कार्य भी चलता रहे।

इसके बाद विधायक जी ने दादा नगर सेवा ग्राम बस्ती,कॉलोनी के अंदर से लगभग 3 से 3.5 सौ मी चौड़े उबड़ खाबड़ मार्ग से झांसी रेलवे लाइन के नीचे अंडरपास रेलवे लाइन तक, लगभग 200 मी मार्ग को, साइकिल एवं मोटरसाइकिल तथा पैदल आने जाने वाले लोगों के लिए दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। जिससे गरीब व्यक्ति को अनावश्यक रूप से 5 किलोमीटर घूम कर चक्कर काट कर अपना लक्ष्य मजबूरी में तय न करना पड़े।और समय की भी बचत उस व्यक्ति को प्राप्त हो।

विधायक जी ने बताया कि मेट्रो के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता के अनुसार, मेट्रो अपने प्रगति पर है, और संभावना है कि यह कार्य,जून 2026 के टारगेट से पहले ही, जनवरी 2026 में ही, जितनी जल्द से जल्द हो सकेगा, उनती जल्दी मेट्रो लोगो को समर्पित हो जाएगी। इसके लिए मैं स्वयं लगातार मेट्रो कार्य, व्यवस्था आदि की प्रगति की समीक्षा करता रहूंगा।

विधायक जी के साथ उक्त निरीक्षण में मुख्य रूप से विधायक सुरेन्द्र मैथानी, प्रोजेक्ट मैनेजर मेट्रो प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील कुमार, डीपीएम कल्पतरु प्रशांत, पीएम सीगल मेट्रो राजीव कालरा, मनोज मिश्रा, गुल्लू मिश्रा, के.के मिश्रा, राजेश चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

## मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में गंवाए 10.40 लाख, पीड़ित ने दर्ज कराई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चकेरी के गांधीग्राम विनोबानगर निवासी प्राइवेटकर्मी नीरज तिवारी से साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश कराने का झांसा देकर 10.40 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर ठगों के खिलाफ साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। बीते 10 सितंबर को व्हाट्एप ग्रुप के जरिए एक शेयर ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़ दिया गया। एप के शेयरों में 10 से 20 प्रतिशत का मुनाफा दिखाकर उन्हें भी निवेश करने के लिए कहा गया। झांसे में आए नीरज ने अपनी पत्नी प्रिया तिवारी और पिता विजय कुमार तिवारी के खाते से 10.40 लाख रुपये का निवेश कर दिया।

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद बोले, छात्रों को जमीन से जुड़कर आसमान छूना सिखाएं शिक्षक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



आज के युवाओं को तकनीक, नए गैजेट्स, टूल्स के बारे में बहुत जानकारी है। अच्छी बात है, लेकिन उन्हें संस्कृति से जोड़े रखना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। शिक्षक छात्रों को एआई, एमएल के साथ संस्कार का भी पाठ पढ़ाएं। साथ ही छात्रों को जमीन से जुड़े होकर आसमान छूने की शिक्षा दें। ये बातें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहीं। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर स्कूल के 42 साल और जेके ग्रुप संस्थान के 140 साल पूरे होने पर विद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल कोविंद ने कहा कि कानपुर ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब की दिशा में आगे बढ़े। टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ाने का मौका है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री शहर का गौरव है, इसे वापस लाने के प्रयास करने होंगे। यहां आईआईटी जैसे संस्थान हैं जो रिसर्च एंड डेवलपमेंट में मदद कर सकते हैं। कोविंद ने कहा कि जेके आर्गेनाइजेशन की कई पीढ़ियों ने देश की सेवा की है। उद्योगों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी काम किया है। अभी तक अंग्रेजों के जमाने की शिक्षा पद्धति का ही पालन किया जा रहा था। नई शिक्षा नीति से कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। इनोवेशन को बढ़ावा दिया गया है। नई शिक्षा नीति के मजबूत पंखों की मदद से छात्र देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करेंगे।

### सुनसान पड़ी है लाल इमली

कोविंद ने कहा कि उद्योगों में शहर का नाम था। ब्रिटेन की महारानी एल्गिन मिल में तैयार तौलिए का ही इस्तेमाल करती थी। कानपुर की लाल इमली का कपड़ा दुनिया भर में मशहूर था। लाल इमली शहर की शान थी, लेकिन अब पूरी मिल सुनसान है।

### जो हूं, जैसा भी हूं, कानपुर की बदौलत हूं

कोविंद ने कहा कि परौंख से शुरू हुआ मेरा सफर राष्ट्रपति भवन तक पहुंचा। जो हूं, जैसा भी हूं, अपने कानपुर की बदौलत हूं। कानपुर से विशेष लगाव है। कोविंद ने कहा कि कार्यक्रम के आने दौरान बच्चों की ओर से लगाई प्रदर्शनी में ले जाया गया। कक्षा चार की बच्ची आद्या ने पॉटरी मेकिंग का डिस्प्ले किया। इस उम्र में तो मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसा कुछ कर सकता हूं। कक्षा 11 के रुद्राक्ष और आयुष प्रताप ने ड्रोन तैयार किए थे। उन्होंने कहा कि दोनों बच्चों का जिक्र इसलिए किया क्योंकि हमें ऐसा ही बनना है। सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ शिवोहम द कॉस्मिक चैंट शिव वंदना से हुआ।

## आभा नर्सिंग होम की मालकिन से डेढ़ करोड़ की ठगी में शामिल एक और गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

आभा नर्सिंग होम की मालकिन व शहर की नामी डॉक्टर प्रतिभा रोहतगी के नाम पर बैंक से लोन कराकर 1.50 करोड़ की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर ललाय। पकड़े गए आरोपी रूपनारायण यादव को ग्वालटोली पुलिस ने बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इसके पहले पुलिस नेहा तिवारी और राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बता दें, एलनगंज खलासी लाइन निवासी आभा गुप्ता ने ग्वालटोली थाने में 4 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि नौबस्ता निवासी राहुल कटियार, पनकी रतनपुर निवासी नेहा तिवारी और बैंक कर्मी रजत सिंह, दयानंद विहार कालोनी कल्याणपुर निवासी रूप नारायण ने फर्जीवाड़ा कर विदेश में रहने वाली उनकी बहन डॉ. प्रतिभा के नाम पर 1.50 करोड़ का लोन लेकर रकम हड़प ली। लोन की किस्ते जमा न होने पर बैंक से नोटिस पहुंची तो ठगी का पता चला था।

# बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने 11 दिसंबर को कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की ली। समीक्षा के दौरान आंगनबाडी केन्द्र निर्माण की समीक्षा करते हुये पाया गया कि अभी तक वर्ष 2022-23 में प्राप्त स्वीकृति के सापेक्ष सम्बन्धित आंगनबाडी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण नही हुये हैं। सभी खण्ड विकास अधिकारियों को कड़े निर्देश प्रदान किये गये कि सभी आंगनबाडी केन्द्र भवनों का निर्माण कार्य माह दिसम्बर 24 में अनिवार्य रूप से सभी 115 आंगनबाडी केन्द्रों को पूर्ण करा लिया जाये। साथ ही यदि कहीं पर ग्राम प्रधान अथवा पंचायत सचिव के द्वारा सहयोग न किया जा रहा हो तो उनको चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये।



जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 23-24 में 58 आंगनबाडी केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुयी थी, जिसके सापेक्ष अभी तक 22 केन्द्रों पर ही कार्य प्रारम्भ हुआ है। तत्क्रम में खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये कि सम्बन्धित केन्द्रों का निर्माण कार्य शीर्ष प्राथमिकता में प्रारम्भ कराते हुये एक सप्ताह में सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा सभी केन्द्रों को आदर्श केन्द्र के रूप में माह जनवरी 2025 तक पूर्ण करना विभाग को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें। वर्ष 2024-25 के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल 30 आंगनबाडी केन्द्र निर्माण की स्वीकृति माह अक्टूबर 2024 में प्राप्त हुयी है, तत्क्रम में अभी कहीं भी निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हुआ है। निर्देश प्रदान किये गये कि सभी कार्य 15 दिवस में प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें एवं सभी केन्द्रों का निर्माण कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण कर विभाग को हस्तगत कराना सुनिश्चित किया जाये। लर्निंग लैब की समीक्षा करने पर बताया गया कि प्रथम चरण के अन्तर्गत 10 आंगनबाडी केन्द्रों को लर्निंग लैब के रूप से विकसित कर लिया गया है। द्वितीय चरण में जनपद में 79 केन्द्रों को लर्निंग लैब के रूप में विकसित करने हेतु लक्षित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी खण्ड विकास अधिकारियों को एक माह में सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किये गये। बाल विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान पोषण टैऊकर पर फीड की जाने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में प्रगति कम होने पर बाल विकास परियोजना अधिकारियों को कडी चेतावनी के साथ निर्देश प्रदान किये गये कि प्रत्येक माह शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित की जाये। सभी सैम बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराते हुये उनका नियमानुसार इलाज/परामर्श प्रदान किया जाये एवं आवश्यकतानुसार उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र पर भर्ती कराकर भी इलाज कराया जाये। पोषण पुर्नावास केन्द्र में बच्चों के भर्ती कराकर इलाज कराये जाने का प्रतिशत गत वर्ष से काफी अधिक होने एवं शत प्रतिशत बी0ओ0आर0 होने पर पोषण पुनर्वास केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक एवं जनपद में सर्वाधिक बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र संदर्भित करने वाली परियोजना के बाल विकास परियोजना अधिकारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाने के निर्देश भी प्रदान किये गये। आंगनबाडी केन्द्रों पर वितरित होने वाली ड्राई राशन एवं हॉट कुक्ड की समीक्षा करते हुये निर्देश प्रदान किये गये कि सभी केन्द्रों पर नियमानुसार समय से लाभार्थियों में ड्राई राशन का वितरण किया जाये एवं मुख्य सेविकाओं व बाल विकास परियोजना अधिकारियों के द्वारा नियमित रूप से सघन पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार की अनियिमितता मिलने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# यूनिसेफ : बाल कल्याण की अग्रणी संस्था

**इस समय 150 देशों में यूनिसेफ के कार्यालय, 34 राष्ट्रीय समितियां जो मेजबान सरकारों के साथ विकसित कार्यक्रमों के माध्यम से मिशन आगे बढ़ाते हैं। यूनिसेफ को सार्वजनिक क्षेत्र के तीन सबसे बड़े भागीदार अमेरिका, जर्मनी और विश्व बैंक अधिकांश पैसा देते हैं। बीते दो दशकों में विश्व भर में बच्चों के जीवित रहने के दर में खासी वृद्धि देखी गई। 2016 में दुनियाभर में अपने 5वें जन्मदिन से पहले मर जाने वाले बच्चों की संख्या आधी होकर 56 लाख तक रह गई। इसके बावजूद नवजात शिशुओं के लिए प्रगति धीमी रही है।**

*बाल कल्याण की बात हो या बाल अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ'। यूनिसेफ का नाम सुनते ही बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे संस्था के प्रयासों का ध्यान आता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के दुर्गम स्थानों पर पहुंच कर बाल अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसके लिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटे ग्रांउड जीरो पर तैनात रहती हैं। यूनिसेफ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरूआती समय में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। आज इस संस्था के साथ 190 देश जुड़े हुए हैं। संस्था से जुड़ने वाले देशों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरी दुनिया में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब कर्मचारी दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इस संस्था की अलग टीमें कार्य करती हैं। भारत में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतर कदम उठाने को संकल्पित है। इस समय यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे देशों जुटी हुई हैं। इन देशों के अभावग्रस्त बच्चों के पालन-पोषण के अलावा इन बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था काम कर रही है। समय के साथ यूनिसेफ़ ने अपनी कार्यशैली में बदलाव किए। पहले इस संस्था का काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में था। बाद में बच्चों के जीवन में बेहतरी के क्षेत्र में भी संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया। फिलहाल यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत के नजरिए से यूनिसेफ़ को देखें तो वर्ष 1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ़ ने यहां काम शुरू किया। संस्था ने साल 1952 में दिल्ली में अपना कार्यालय स्थापित किया। वर्तमान में भारत के 16 राज्यों में इसके कार्यालय हैं, जहाँ से बाल कल्याण व बाल अधिकारों से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी अक्टूबर 2022 में नियुक्ति हुई थी। भारत सरकार अपने बजट से बड़ी रकम इनको सालाना आंवटित करती है ताकि देश के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले वो बच्चे भी इनके जरिए शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें, जो सरकार की नजरों से छूट जाते हैं। 2018 में यूनिसेफ ने 'एवेरी चाइल्ड अलाइव' नाम से अंतरराष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की जिसके अनुसार प्रत्येक मां और नवजात शिशु के लिए सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग और उनकी आपूर्ति करने के प्रयासों की शुरुआत करनी थी। उस अभियान ने जबरदस्त सफलता हासिल की। यूनिसेफ का मुख्यालय, न्यूयॉर्क में स्थापित है। संस्था का उद्देश्य संसार भर के बच्चों को सुगम जीवन, उन्हें आगे बढ़ाने और अपनी क्षमता का विकास कराने का अधिकार मुहैया कराना है। वर्ष 2021 में भारत में यूनिसेफ की सेवाओं के 75 वर्ष पूरे हुए।*

## एक्सप्रेस आलेख

**पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ केवल बीमारियों के इलाज पर ही केंद्रित नहीं हैं, बल्कि रोगों की रोकथाम पर भी ज़ोर देती हैं। आयुर्वेद और योग जैसे पद्धतियाँ जीवनशैली में बदलाव, आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ये पद्धतियाँ शरीर और मन के बीच संबंध को समझती हैं और समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ प्रकृति से प्राप्त जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक उपचारों का व्यापक उपयोग करती हैं। ये उपचार अक्सर कम साइड इफ़ेक्ट वाले होते हैं और आधुनिक दवाओं की तुलना में शरीर पर कम हानिकारक प्रभाव डालते हैं।**



डॉ. आर.के. सिन्हा

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बीमारियों का कारगर उपचार ढूंढा जाये शोधों को बढ़ाकर

**इन चिकित्सा पद्धतियाँ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पद्धतियाँ सदियों से भारतीय समाज के जीवन में अंतर्निहित हैं और लोगों के स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन पद्धतियों को अपनाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में भी वृद्धि होती है।**

सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों एक याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग की गई है। यह बिल्कुल ठीक ही है कि ऐसा करने से देश की एक बड़ी आबादी को सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा और वे पहले की भाँति फिर से लोकप्रिय हो सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ, जैसे आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी इत्यादि, गरीब जनता के लिए कई मायनों में वरदान रही हैं और सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर और भी लोकप्रिय साबित हो सकती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आमतौर पर आधुनिक चिकित्सा की तुलना में उपचार की लागत काफी ज्यादा कम होती है। यह गरीब लोगों के लिए, जो महंगे अस्पताल और दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते, उनके लिए बहुत लाभकारी होती हैं। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स पिछले दिनों एक निजी यात्रा पर भारत आए हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी क्वीन कैमिला भी थीं। वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला ÷होलिस्टिक हेल्थ सेंटर% में ठहरे। तीन दिन की यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने योग, मेडिटेशन सेशन और योग थेरेपी का भरपूर आनंद उठाया। यानी सामान्य रोगियों से लेकर ब्रिटेन के किंग को भी अब समझ में आ गया है कि सेहतमंद रहने और स्मार्ट दिखने के लिए भारत के आधुनिक डॉक्टरों और परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों से इलाज करवाना कहीं ज़्यादा सही रहेगा। पारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही ÷मल्टी स्पेशलिटी ÷अस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अतः यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से



**आयुर्वेद और योग जैसे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों ने विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल की है। इनकी मांग बढ़ने से भारत के लिए आर्थिक अवसर भी पैदा हुए हैं। पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित उद्योगों का विकास भारत की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने और रोजगार के अवसर पैदा करने में योगदान दे सकता है।**

उपलब्ध जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है। एक खास बात यह भी है कि ये पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियाँ अक्सर शरीर और मन दोनों को एक साथ स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो आधुनिक चिकित्सा की तुलना में अधिक समग्र दृष्टिकोण है। यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत कारगर मदद कर सकती हैं। हालांकि कुछ पारंपरिक उपचारों की प्रभावशीलता के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों का अभाव गिना दिया जाता है क्योंकि आधुनिक वैज्ञानिक रूप से स्वीकार्य प्रयोगों पर आधारित साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को चाहिये कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक शोध के आधार पर इनके कारगर परिणाम के साक्ष्य उपलब्ध करवाए। इससे रोगियों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध और स्थापित हो सकेगी, नहीं तो पारम्परिक सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठते ही रहेंगे।

पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों को और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत तो है। इनमें गहन शोध तो होना ही चाहिए। यह भी मानना होगा कि पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय का नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण अक्सर अपर्याप्त होता है। सरकार को इस तरफ भी देखना होगा। इनके कुछ चिकित्सक ऐसे दावे करते हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, जिससे रोगियों को भ्रमित किया जा सकता है और उनका स्वास्थ्य जोखिम में पड़ सकता है। अतः आयुष मंत्रालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन दावों की प्रमाणिकता या तो सिद्ध करनी होगी या फिर ख़ारिज करना होगा। खैर, ये पद्धतियाँ जनता के लिए वरदान तो हो ही सकती हैं, खासकर जब वे आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत हों और उचित नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ संचालित हों। हालांकि, इन पद्धतियों की सीमाओं और चुनौतियों को भी स्वीकार करना और उनका समाधान करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उपचार पद्धति भी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणिक है। भारत अपनी विविधता और समृद्ध इतिहास के लिए जाना जाता है, जिसमें अनेकों पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ हज़ारों वर्षों से चली आ रही हैं। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, होमियोपैथी और अनेक अन्य प्रणालियाँ सदियों से भारतीय समाज के स्वास्थ्य और कल्याण का एक अभिन्न अंग रही हैं। आज, जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति तेज़ी से आगे बढ़ रही है, तब भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि यह और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। वे सभी पागल तो हैं नहीं। उन्हें निश्चित रूप से लाभ मिल रहा है तभी तो वे यहाँ आकर महीनों रहकर, लाखों खर्चकर स्वस्थ होकर वापस जा रहे हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा का वितरण असमान है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित होने के कारण, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये पद्धतियाँ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करती हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*जब कभी बुलंदी से फिसल जाती है*
*जिंदगी समय के सांचे में ढल जाती हैद्य*
*चाहता तो हूं सबको दुआ दूं लैकिन*
*जिंदगी अरमानों में गुम हो जाती है।*
*अपनी लगने लगी यार तेरी मां मुझको*
*दोस्ती बढ़कर रिश्तों में बदल जाती है।*

*प्यार फूलों से मिजाजन बहुत है लैकिन*
*ये तबीयत कभी कांटों से बहल जाती है।*
*छोड़ नहीं सकता ये उम्मीद मेरी कभी*
*लड़खड़ाते चलती फिर संभल जाती है।*
*कभी पथरीली राहें थीं मुश्किल संजीव*
*जिंदगी अब तूफानों में संभल जाती है।*

*संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

***मुश्किलें हर किसी के जीवन में आती है आप उससे आगे कैसे बढ़ते हो वो आपके ऊपर है***

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 22:25 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 09:51 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | परिघा, 15:16 |
| सूर्योदयः | 07:08 |
| सूर्यास्तः | 17:20 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 13:31-14:47 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:54-12:34 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन घटाने के लिए खाएं हाई प्रोटीन और लो कार्ब स्नैक्स

**वजन** घटाने के लिए सही आहार को चुनना करना बेहद जरूरी है और खासकर स्नैक्स का सेवन जो न केवल स्वादिष्ट बल्कि सेहतमंद भी हो। ऐसे स्नैक्स जो हाई प्रोटीन और लो कार्ब होते हैं, वे वजन घटाने के लिए अच्छे माने जाते हैं क्योंकि ये लंबे समय तक पेट को भरा हुआ महसूस कराते हैं और शरीर को अतिरिक्त कैलोरी के बिना जरूरी पोषण देते हैं। हाई प्रोटीन स्नैक्स, मांसपेशियों की ग्रोथ में मदद करते हैं और मेटाबोलिज्म को बढ़ाते हैं, जबकि लो कार्ब स्नैक्स, शरीर को एनर्जी के लिए फैट बर्न करने के लिए प्रेरित करता है। डाइटिशियन के अनुसार, ऐसे स्नैक्स का सेवन करने से न केवल भूख को कंट्रोल किया जा सकता है, बल्कि वजन घटाने की प्रक्रिया को भी बढ़ावा मिलता है।



**स्वादिष्ट और पौष्टिक स्नैक है रोस्टेड अखरोटः** अखरोट एक बेहतरीन हाई प्रोटीन और लो कार्ब स्नैक है, जो वेट लॉस में मदद कर सकता है। यह मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर होता है, जो मेटाबोलिज्म को बढ़ाता है और भूख को कंट्रोल करता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड्स हार्ट की सेहत के लिए भी फायदेमंद हैं। अखरोट का सेवन दिनभर के स्नैक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन ध्यान रखें कि ज़्यादा मात्रा में न खाएं क्योंकि इसमें कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है।

**पोषण से भरपूर है पिस्ताः** पिस्ता एक हाई प्रोटीन और लो कार्ब स्नैक है जो वजन घटाने में मदद कर सकता है। पिस्ते में बहुत कम कार्ब्स होते हैं और यह प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स से भरपूर होता है। पिस्ता का सेवन करने से भूख को कंट्रोल करने में मदद मिलती है, जिससे आप ओवरईटिंग की समस्या से बच सकते हैं। डाइटिशियन के अनुसार, पिस्ता में एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन-बी6 होता है, जो शरीर की कोशिकाओं को रिपेयर करने में मदद करते हैं और एनर्जी के लेवल को बढ़ाते हैं। पिस्ते को स्नैक के रूप में या सलाद में डालकर खाया जा सकता है।

**प्रोटीन और ओमेगा का खजाना हैं चिया सीड्सः** चिया सीड्स, जो एक प्रकार का सुपरफूड है, वजन घटाने के लिए अच्छा स्नैक है। ये हाई प्रोटीन, फाइबर और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स से भरपूर होते हैं। चिया सीड्स में पानी को एब्सॉर्ब करने की क्षमता होती है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है और भूख नहीं लगती। डाइटिशियन के अनुसार, चिया सीड्स का सेवन करने से मेटाबोलिज्म तेज होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। चिया सीड्स को आप स्मूदी, योगर्ट या पानी में मिलाकर खा सकते हैं।

**प्रोटीन और फाइबर से भरपूर हैं कद्दू के बीजः** कद्दू के बीज वजन घटाने के लिए एक और बेहतरीन स्नैक हैं। ये हाई प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होते हैं, जो पेट को भरा रखते हैं और आपको ज्यादा खाने से रोकते हैं। कद्दू के बीज में जिंक, मैग्नीशियम और आयरन भी होते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व हैं। डाइटिशियन की सलाह है कि इन बीजों का सेवन नियमित रूप से किया जाए, क्योंकि यह शरीर को एनर्जी देते हैं और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। कद्दू के बीजों में कम कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो वजन घटाने में मदद करते हैं। आप इन्हें सलाद या योगर्ट में मिलाकर खा सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष



प्रियंका सौरभ

# बीमा सखी योजना : ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त

**बीमा सखी योजना वित्तीय समावेशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। ग्रामीण महिलाओं को बीमा एजेंट के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाकर यह योजना न केवल उन्हें आजीविका के अवसर प्रदान करती है।**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत से महिलाओं के लिए बीमा सखी योजना शुरू की। बीमा सखी योजना का उद्देश्य बीमा के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह महिला उद्यमिता को बढ़ावा देता है और पूरे भारत में आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाता है। खास बात यह है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी। पानीपत शहर ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। यह अपनी लड़ाइयों के लिए जाना जाता है और अब भारत में महिला सशक्तिकरण पहलों का केंद्र बिंदु है। बीमा सखी योजना शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाएँ जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। बीमा सखी योजना महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर

**हरियाणा का पानीपत, महिला सशक्तिकरण पर अपने ऐतिहासिक ज़ोर के कारण इस योजना का लॉन्चपैड है। आधिकारिक या नामित सरकारी पोर्टल पर जाएँ। व्यक्तिगत विवरण और वैध संपर्क जानकारी का उपयोग करके एक खाता बनाएँ। सटीक विवरण के साथ आवेदन पत्र भरें। आईडी प्रूफ, शैक्षिक प्रमाण पत्र और बैंक विवरण जैसे आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करें। आवेदनों की समीक्षा की जाती है।**

केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है। यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुँच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मज़बूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिला अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। बीमा सखी योजना पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएँ एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएँ प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन की शुरुआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल क़ायम करता है। महिला अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मज़बूत करेगी। बीमा सखी योजना राज्य की सफल महिला-केंद्रित नीतियों के पोर्टफोलियो में शामिल होगी और समावेशी विकास पर बढ़ते फोकस को दर्शाएगी। नारी शक्ति पर सरकार के ज़ोर को लोकसभा में पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक जैसे प्रयासों के माध्यम से मज़बूत किया गया, जिसमें महिलाओं को 33त्र आरक्षण दिया गया। इस योजना की पात्र महिलाओं को योजना के बारे में सूचित करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियाँ आवश्यक हैं। योजना की सफलता के लिए वेतन और कमीशन का समय पर वितरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है। बीमा क्षेत्र में अपनी भूमिका को बनाए रखने और विस्तारित करने के लिए महिला एजेंटों के लिए एक मज़बूत सहायता प्रणाली का निर्माण करना। आवेदक भारतीय नागरिक होने चाहिए। न्यूनतम योग्यता 10वीं या 12वीं कक्षा की होनी चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर, शैक्षिक प्रमाण पत्र शामिल हैं और महिलाओं को ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों की निवासी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बीमा सखी के रूप में तैयार करने के लिए जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान किए गए विशेष प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रमाणन प्रदान किया जाता है। एक निश्चित मासिक वेतनः पहले वर्ष में 7, 000, दूसरे में 6, 000 और तीसरे वर्ष में 5, 000 और बेची गई बीमा पॉलिसियों पर कमीशन के माध्यम से अतिरिक्त आय मिलेगी। आयोगों और नीति-सम्बंधी अपडेट की निगरानी के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म। कौशल और ज्ञान को उन्नत करने के लिए नियमित कार्यशालाएँ। देशभर में 35, 000 महिलाओं को शामिल करने की प्रारंभिक योजना।

# बेर खाकर छुहारों का मजा लेते हैं...कवियों ने बाधा शमा मंत्रमुग्ध हुए श्रोता गण

■ श्रीराम लीला मेला नंदीश्वर बाबा के मंच पर मंगलवार को स्व. विनोद गुप्ता पत्रकार की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**



नगर पंचायत निघासन के झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान के ग्राउंड में आयोजित हुए इस कवि सम्मेलन में नामी-गिरामी कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए मध्य रात्रि तक तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया , रात्रि साढ़े नौ बजे मां सरस्वती की वाणी वंदना से शुरू हुआ कवि सम्मेलन रात्रि डेढ़ बजे तक चलता रहा कवि सम्मेलन की गौरवशाली अध्यक्षता डाक्टर आर.एन दास ने की,कवियत्री रंजना सिंह हया की वाणी वंदना से कवि सम्मेलन की शुरुआत की,मात शारदे जरा दुलार दे मुझे एक बार नेह से निहार दे मुझे लखनऊ से आई कवियत्री डा0 शशि श्रेया ने पढ़ा सर्दियों में तुम्हारी याद है कंबल जैसी जुदा करूं तो मेरी जान निकल जाती है। सुनहरी लाल तुरंत ने पढ़ा छत टपके तो फव्वारों का मजा लेते हैं,बंद कमरे में बहारों का मजा लेते हैं मूंगफलियों को बादाम समझ खाते हैं, बेर खा कर छुहारों का मजा लेते हैं। डा0एकलाख ने पढ़ा मुफलिसी के सबब इतने फाके हुए रोटियों के हमें रूवाब आने लगे।बसर हरगावीं ने पढ़ा आग होती में होता हूं शकर होती है जिंदगी अपनी मिठाई में बसर होती है। प्रशांत पाण्डेय ने पढ़ा हमारे वेदना का स्वर तुम अपने चाव से ले लो। जो उम्मीदों से चलती है तुम ऐसी नाव से लेलो,नहीं कोठी नहीं बंगला नहीं कुछ चाहिए हमको फसल है रक्त से सींची इसे बस भाव ले लो।काविश रूदौलवी ने पढ़ा हम हों दुःखी तो हमको हंसाती बेटियां,सोया हुआ नसीब जगाती हैं बेटियां। इसके साथ संदीप मोहन, आलोक गंजरहा, राहुल ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम जबरदस्त संचालन नीरज पाण्डेय ने किया। वहीं नीरज पाण्डेय अपने कविता पाठ के दौरान ओज की रचनाएं पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया श्री राम लीला मेला निघासन में कवि सम्मेलन के साथ साथ पत्रकार बंधुओं के सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के सभी कलमकार बंधुओं ने अपनी सहभागिता निभाई इस अवसर पर अशोक चौबिया, योगेन्द्र शाक्य, शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रमोद गुप्ता, जसपाल सिंह ÷पल्ला÷ , मनोज गुप्ता , आनंद चतुर्वेदी, मोहित मौर्या, शिवा यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# नौकरी का झांसा देकर वियतनाम बुलाया और फिर ठगी करने का दबाव बनाया ठगों ने

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

मोहम्मदी क्षेत्र का ठगी का मामला आया सामने इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखने के बाद युवक ने चैट की तो उसे नियुक्ति के लिए वियननाम बुलाया गया। वह जब पहुंचा तो उससे कंपनी के नाम पर इन्वेस्ट कराकर ठगी करने का काम कराया गया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली मोहम्मदी के कस्बा अमीरनगर निवासी फैज बेग ने बताया कि फरवरी 2024 में उसने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा, जिसमें यह दिखाया जा रहा था कि वियतनाम में डाटा एंट्री की पोस्ट पर नौकरी करने के लिए आवेदन करें या चैट के माध्यम से सम्पर्क करें। जिसमें काफी अधिक वेतन भी दिखाया जा रहा था। उन्होंने चैट के माध्यम से संपर्क किया और जानकारी प्राप्त की। पूछने पर विपक्षी ने अपना नाम मिनहाज आलम निवासी बिहार बाताया।

विपक्षी ने एक हवाई जहाज का टिकट बुक करवाया और उसे वियतनाम आने का अनुरोध किया। तब वह 21 फरवरी को वियतनाम पहुंचा, जहां से उसे कार से कम्बोडिया ले जाया गया। उसके बाद उसे बताया गया कि वहां मौजूद लोगों के साथ उसे भी ऑनलाइन माध्यम से अज्ञात लोगों के साथ फॉरेक्स ट्रेडिंग कम्पनी के नाम पर इनवेस्ट करने का झांसा देकर ठगी करना है।जब उसने यह काम करने से इंकार किया तो आरोपियों ने डराया-धमकाया। आरोपी जबरन फेक आईडी के माध्यम से लोगों के साथ इनवेस्ट कराने के लिए ठगी किये जाने के लिए चैटिंग करवाते थे। उसने 4 माह तक आरोपियों के दबाव में आकर काम किया है। मौका पाकर उसने इण्डियन एम्बेसी से सम्पर्क किया और खुद को चंगुल से छुडवाया। तब वह अपने घर वापस आ सका। उसका फोन भी वहीं छूट गया है, जिससे उसके पास इंस्टाग्राम आईडी का नाम, यूआरएल याद नहीं है। साइबर थाना पुलिस ने मिनहाज आलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रशिक्षण में दिए मतदान के टिप्स, डीएम ने निरीक्षण कर समझाई बारीकियां

■ मतदान कर्मी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करे, ताकि चुनाव के दिन किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े: डीएम

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**




नगर पालिका परिषद पलियाकला के अध्यक्ष पद के उपनिर्वाचन को लेकर धर्मसभा कॉलेज में मतदान कार्मिकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही मतदान संबंधी अपने अनुभव सांझा किया।बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने धर्म सभा इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। डीएम ने मतदान कर्मियों को मतदान से जुड़े टिप्स देते हुए वोटिंग की बारीकियां समझाई। मतदान कर्मियों से सवाल पूछने के साथ ही उन्हें पूरी प्रक्रिया भी समझाई। डीएम ने अलग-अलग मतदान कार्मिकों से मतदान दिवस के दिन उनके कार्यों व दायित्वों के संबंध में जानकारी लेते हुए जाना कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक कितने संजीदा हैं। मतदान संबंधी कई प्रश्न पूछते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी परखा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षण रूम में कर्मियों को जानकारी देते हुए प्रशिक्षक के भूमिका में नजर आई। डीएम में कार्मिकों को कहा कि उनकी सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। चुनाव के दिन कार्मिकों के ठहरने, भोजन, पेयजल और सुरक्षा आदि की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी, ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो।प्रशिक्षण कार्यशाला में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा, प्रवक्ता धर्म सभा इंटर कॉलेज बृजेश वर्मा, अनुदेशक आईटीआई भारत भूषण मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। प्रशिक्षकों ने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### ट्रॉली से टकराई कार, बराती की मौत

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** हादसा लखीमपुर- मैगलगंज मार्ग पर थाना फरधान क्षेत्र में लीलाकुआं बाजार के समीप हुआ। ग्राम पतरासी थाना शारदानगर से लीलाकुआं बाजार के पास मंगलवार रात बरात आई थी। रात करीब 10 बजे के बाद कुछ बराती खाना खाकर कार से वापस लखीमपुर की तरफ जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली भी लखीमपुर की तरफ जा रही थी। लीलाकुआं के कुछ आगे ही इस ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से बरातियों की कार टकरा गई। इस हादसे में कार सवार मोहित पुत्र रमेश निवासी ग्राम पतरासी थाना शारदानगर गंभीर रूप से घायल हो गया। एसओ फरधान राजेश कुमार ने बताया कि सिपाहियों की मदद से घटना स्थल से घायल मोहित को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### हादसे में बाइक सवार की गई जान

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के जोहरा गांव के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से टकराने से बाइक सवार की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने बताया कि गांव जोहरा निवासी 22 वर्षीय रूपराम मंगलवार देर शाम समीप के दाउदपुर गांव से वापस घर जा रहा था। गांव से पहले तटबंध के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गया। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि रफ्तार अधिक होने से बाइक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं कर सका। इससे यह हादसा हो गया।प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कारवाई की जाएगी।

### एसपी ने कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** बुधवार दोपहर धौरहरा पहुंचे एसपी ने कोतवाली धौरहरा का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने ने मालखाना सहित कोतवाली की साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। धौरहरा कोतवाली पहुंचे एसपी गणेश प्रसाद शाहा ने धौरहरा कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करते हुए मालखाना सहित शास्त्रागार,अभिलेखागार, भोजनालय,और कोतवाली की साफ सफाई का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों से भी वार्ता की। इसके पहले उन्होंने खमरिया थाना का भी औचक निरीक्षण किया।इस दौरान सीओ धौरहरा प्रीतम पाल सिंह भी मौजूद रहे।

### कोतवाली नगर की पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार को गिरफ्तार किया

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** कोतवाली नगर की पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि उनके? द्वारा अपराध नियंत्रण व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के निर्देशन में मंगलवार को उप निरीक्षक शिवम कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त शाहरुख पुत्र इस्माइल निवासी चिकमण्डी मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को पेशी के लिए कोर्ट रवाना किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया गया।

### आटो लिफ्टर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने आटो लिफ्टर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में मंगलवार को उप निरीक्षक विशेष सिंह मुख्य आरक्षी नागेंद्र प्रसाद के द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 327/24 धारा 303 (2) बीएनएस व वृद्धि धारा 317(2),318(4), 338,336 (3), 340 (2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच से सम्बंधित अभियुक्त कादरी (22) पुत्र मोहम्मद लईक खान निवासी मोहल्ला नाजिरपुरा, निकट काली मस्जिद, थाना कोतवाली नगर, जनपद बहराइच तथा एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर कोर्ट किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया है। गिरफ्तार अभियुक्त कादरी के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में मु0अ0स0 108/20 धारा 323, 504, 506 भा0द0वि0 तथा मु0अ0सं0 21/22 धारा 323, 452, 504, 506 भा0द0वि0 थाना को0 नगर जनपद बहराइच,मु0अ0सं0 150/24 धारा 323, 504, 506 भा0द0वि0 थाना को0 नगर जनपद बहराइच दर्ज है।

### किशोरी से दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष के कारावास व 80,000/- के अर्थदण्ड

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप किशोरी से दुष्कर्म के अभियुक्त को दस वर्ष का कारावास तथा 80 हजार रुपए अर्थदंड तथा अभियुक्त की मां को तीन वर्ष का कारावास तथा 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर जिला जज तथा पाक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दीपकान्त मणि द्वारा सजा सुनाए जाते समय दोनों पक्षों के अधिवक्ता तथा अभियुक्त पक्ष के लोग उपस्थित रहे। वादी द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर 12 दिसंबर 2015 को सुबह करीब 04.30 बजे उसकी नाबालिग पुत्री (पीड़िता) उम्र लगभग 16 वर्ष मोहल्ला काजीपुरा में रहती थी जिसके साथ अभियुक्त द्वारा अपहरण कर दुष्कर्म के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में 15 दिसंबर 2015 को मु.अ.सं. 1917/ 2015 धारा 363/366/376 डी /120बी/406 भा.द.वि.व 5 जी/6 पॉक्सो एक्ट बनाम 1.नितिन भुजवा पुत्र शिवकुमार, 2. रूपा गुप्ता उर्फ मायारानी पत्नी शिवकुमार निवासीगण गढवाकुन्ड चौराहा, थाना शोरहतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । विवेचनाधिकारी एसआई देवानन्द रजक द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त नितिन भुजवा पुत्र शिवकुमार,रूपा गुप्ता उर्फ मायारानी पत्नी शिवकुमार निवासीगण गढवाकुन्ड चौराहा, थाना शोरहतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनांक 12 मार्च 2016 को अन्तर्गत धारा 363/366/376 डी /120बी/406 भा.द.वि.व 5 जी/6 पॉक्सो एक्ट दाखिल कर दिनांक 23.06.2016 को माननीय न्यायालय विरचित किया गया।

# विकास भवन के दफ्तरों में सीडीओ का छापा,मचा हड़कंप

■ निरीक्षण में नदारत मिले 15 कार्मिक,सीडीओ अभिषेक कुमार ने रोका वेतन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीर**



बुधवार की सुबह करीब 10.05 बजे सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन के ऑफिसों में छापा मार दिया। कर्मचारी बगैर सूचना के गायब मिले। सीडीओ ने निरीक्षण में गायब मिले सभी 15 कार्मिकों का वेतन रोका दिया।बुधवार को सुबह 10.05 बजे सीडीओ ने डीडीओ ऑफिस से जांच की शुरूआत की। सीडीओ ने हाजिरी रजिस्टर मंगा लिए। मौके पर अधिकारी-कर्मचारियों को बुलाकर मिलान किया। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी दफ्तर के कार्मिक भूपराम राना, सैय्यद साद, शिवनन्दन भारती, अजय कुमार, सुशील कुमार, श्रीमती एकता सिंह गायब मिली। वही जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय के कार्मिक डा. मंजू दीक्षित, श्रीमती नीति शर्मा, प्रवीन कुमार, सीवीओ दफ्तर के कनिष्क सहायक रजत प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) से वसूली सहायक अजय शुक्ला अधिशाषी अभियन्ता, ग्रा.अ.वि. दफ्तर के पत्रवाहक राम सुफल, डीडीओ दफ्तर से प्रधान सहायक उस्मान खाँ, पत्रवाहक कृष्ण प्रताप सिंह और परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास दफ्तर की पत्रवाहक श्रीमती गौरी अनुपस्थित पाई गई। बगैर सूचना के गायब सभी 15 कार्मिकों को वेतन रोक दिया।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप काम किया जाए। लेटलतीफ आने वाले अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तय समय पर अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित होना शुरू करें। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विभिन्न पटलों पर जाकर कर्मचारियों से उनके कार्यों को भी देखा। औचक निरीक्षण से विकास भवन में हड़कंप मच गया।

## दबंग भूंमाफियो के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

**बाबागंज बहराइच।** रुपईडीहा थाना क्षेत्र के कस्बा बाबागंज में बुधवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। राजीव निरीक्षक राम नरेश ने राजस्व व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर चकमार्ग की जमीन पर अवैध रूप से निर्माणाधीन मकानात व दुकानों को ढहा दिया। नानपारा तहसील के क़स्बा बाबागंज में चकमार्ग भूंमि गाटा संख्या 576 की जमीन पर विगत कई दिनों से भूंमाफियो द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पर अकील अहमद उर्फ नंन्हे पुत्र रहीम बक्स व छबीले पुत्र पुत्तन ने अवैध रूप से नीव व दीवाल उठाकर कब्जा किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की, उपजिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पांडेय ने टीम गठित कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। राजस्व टीम व स्थानीय थाने की पुलिस ने मौका पहुंचकर चकमार्ग की जमीन पर निर्माणाधीन मकानों पर बुलडोजर चलाकर गिरवा दिया। एसडीएम ने बताया कि चकमार्ग की जमीन पर कब्जा कर मकान बनाया जा रहा था। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक के अलावा राजस्व निरीक्षक रुपईडीहा सनाउल्लाह मलिक, लेखपाल पुष्कर तिवारी, मनीष वर्मा, संतोष वर्मा, श्याम प्रसाद व बाबागंज पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दस वर्षीय बालिका के अपहरण व रेप के आरोपी को बीस-बीस वर्ष का कारावास

■ कोर्ट ने चौदह - चौदह हजार का अर्थ दंड भी लगाया, पाक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

जिले की पाक्सो कोर्ट ने दस वर्षीय बालिका के अपहरण और बलात्कार के अभियुक्तों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास व 14,000/-14,000/- रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। पाक्सो कोर्ट के विद्वान न्यायाधीश दीपकान्त मणि की ओर से यह फैसला दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने तथा पत्रावलियों का अनुशीलन करने के बाद सुनाया गया।

मुकदमे की वादिनी द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर 04/05 जुलाई 2015 को उसकी नाबालिग पुत्री (पीड़िता) उम्र लगभग 10 वर्ष को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात में 05 जुलाई 2015 को मु.अ.सं. 1089/2015 धारा 363/366 भा.द.वि. का मुकदमा मेराज पुत्र स्व. अजमेरी, तथा कोलई उर्फ शहजाद पुत्र स्व. अजमेरी निवासी जोशियापुर थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । विवेचनाधिकारी एस आई विद्यासागर पाण्डेय द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त मेराज पुत्र स्व. अजमेरी तथा कोलई उर्फ शहजाद पुत्र स्व. अजमेरी निवासी जोशियापुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच के विरुद्ध दर्ज किया गया।आरोप-पत्र दिनांक 24 अगस्त 2015 को अन्तर्गत धारा 363/366 /376डी/323/506 भा.द.वि. व 3/4 पॉक्सो एक्ट दाखिल कर 16 फरवरी 2018 को कोर्ट में विरचित किया गया। फैसला कराने में पुलिस कार्यालय की मानीटरिंग सेल,विशेष शासकीय अधिवक्ता सन्त प्रताप सिंह, सन्तोष सिंह, सुरेन्द्र मौर्या तथा कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी बृजेश साहनी, थाना कोतवाली देहात पैरोकार कांस्टेबल सुनील यादव की सक्रिय भूमिका रही।

# सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सड़क हादसों पर अंकुश लगाने की कवायद तेज

■ डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाने तथा अन्य जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस, परिवहन व अन्य सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि शीत ऋतु के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वृद्धि की रोकथाम हेतु समस्त वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जायें। ट्रैक्टर ट्रालियों के कारण होने वाली मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के दृष्टिगत डीएम ने चीनी मिल के आस-पास के क्षेत्रों में विशेष सर्तकता बरतने तथा ईंट भट्ठा व गन्ना की ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों में प्रमुखता के साथ रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिया कि शीत ऋतु में सड़क के किनारे खड़े वाहन सड़क दुर्घटना का कारण न बने इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाय कि सड़क की पटरियों पर बेतरतीब वाहन न खड़े किये जायें। डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सड़क दुर्घटना होने पर मौके पर जाकर तत्काल परीक्षण एवं निरीक्षण कर फोटोग्राफी सहित आख्या उपलब्ध करायें जिसमें उक्त स्थान पर विगत वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विवरण भी शामिल होना चाहिए। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला ने पुलिस व परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि निरन्तरता के साथ प्रवर्तन अभियान संचालित कर लोगों को हेलमेट के साथ टू व्हीलर चलाने, ओवर स्पीडिंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ-साथ चार पहिया वाहन चलाने वालों को सील्ट बेल्ट बांधने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करते रहने के निर्देश दिए। डीएम ने कार्यालय नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र के अवर अभियन्ता को निर्देश दिया कि परियोजना अधिकारी नेडा से समन्वय कर मरीमाता चौराहे पर हाईमास्ट सोलर लाईट की स्थापना करायें। डीएम ने लोक निर्माण, एनएनएआई व एनएच विभाग को निर्देश दिया कि जिले के चिन्हित ब्लैक स्पाट पर मानक के अनुसार सुरक्षात्मक व सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करायें जिससे मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाकर लोंगो की बेशकीमती जान की सुरक्षा हो सके। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच को निर्देश दिया कि टैक्सी स्टैण्ड संचालन हेतु उपयुक्त स्थल का चयन कर आख्या उपलब्ध कराएं।

बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार ने किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओपी सिंह, अधिशासी अभियंता एनएचएआई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मादक द्रव्यों के तस्कर गिरोह का कैरियर गिरफ्तार, 12 ग्राम स्मैक बरामद

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

थाना मोतीपुर की पुलिस ने मादक द्रव्यों के तस्कर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम स्मैक बरामद किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि मादक पदार्थो की तस्करी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्र भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 666/04 ग्राम लौकाही के पास चेकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त मोहम्मद सफी खाँ पुत्र बशीर खाँ (22) निवासी वार्ड नंबर 11 न.प. गुलरिहा गणेशपुर थाना गुलरिहा जनपद बर्दिया राष्ट्र नेपाल को 12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर थाना मोतीपुर में मुकदमा अपराध संख्या 622 /24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी उस समय हुई जब एस आई सुरेश चन्द्र गिरि साथी पुलिस कर्मी एस आई कमलेन्द्र प्रताप सिंह , हेड कांस्टेबल शकील अहमद , कांस्टेबल विवेक सिंह , सूरज कुमार, अखिलेश कुमार व एसएसबी बल के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान चेकिंग अभियुक्त मोहम्मद सफी खाँ पुत्र वसिर खाँ (22) निवासी वार्ड न0 11 न0पा0 गुलरिहा गणेशपुर थाना गुलरिहा जनपद बर्दिया राष्ट्र नेपाल को 12 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानी पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

## एनजीओ ने पति पत्नी के बीच कराई सुलह, बच्चों के चेहरे खिले

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



पति पत्नी में सुलह कराने का काम एक निजी संस्था ने भी किया है। छः माह से नाराज़ चल रहे दंपति में सुलह कराकर दो बच्चों को उनके माता-पिता का प्यार मिलने की स्थिति बन गई है। निजी संस्था बेगम हस्त शिल्प सेवा समिति की संचालिका कुरेशा बेगम ने बताया कि उनके कार्यालय में एक विवाहित जोड़े का मामला आया जिनके दो बच्चे हैं। दोनों जिला श्रावस्ती के रहने वाले है। इस विवाहित जोड़े में 6 महीनों से विवाद चल रहा था। बुधवार को बेगम हस्त शिल्प सेवा समिति के कार्यालय पर इस विवाहित जोड़े का सुलह समझौता कराया और हंसी खुशी घर भेजा गया। इस दौरान दोनों बच्चे भी काफी प्रसन्न नजर आए। एनजीओ की ओर से हिदायत दी गई है कि दोबारा इस प्रकार के विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो कि उसका निस्तारण घर के बाहर कराने की नौबत न आए।

# पंच सितारा होटलों में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोर को किया गिरफ्तार

■ एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को दिया 25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



यूपी पुलिस पूरे एक्शन मोड में है अपराधी चाहे कितना ही शातिर क्यों ना हो वह पुलिस की पकड़ से नहीं बच सकता। रामगढ़ताल क्षेत्र में 16 नवंबर को होटल मैरियट कोर्टयार्ड में तिलक समारोह में हीरे और सोने के जेवरात चोरी होने के संबंध में पीड़ित ने रामगढ़ताल थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चोरी की घटना के खुलासे के लिए टीम को गठित किया। टीम ने एक ऐसे अंतर राज्य चोर को गिरफ्तार किया है जो अब तक पूरे भारत वर्ष में विभिन्न शहरों और राज्यों में लगभग 20 से 25 चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है।

आरोपी होटल मैरियट कोर्टयार्ड में पैदल पहुंचा और वादी को 1 घंटे तक फॉलो करता रहा इसके बाद उसने रूम नंबर की जानकारी ली होटल कर्मचारी बनकर होटल के इंटरकाम से वादी की कमरे में फोन कर नाम की जानकारी ली। जब वादी का परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए रूम लाकर चले गए तो अभियुक्त ने पुनः इंटरकाम कनेक्शन से होटल के रिसेप्शन पर फोन किया और बोला कि मेरे रूम में कुछ जरूरी सामान छूट गए हैं और चाबी कहीं गुम हो गई है प्लीज मास्टर चाबी से रूम खोल दे। इस तरीके से आरोपी रूम में जाकर लाकर का पासवर्ड तोड़कर ज्वेलरी और रुपए की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया लेकिन आरोपी की करतूत होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोपी ने मुंबई चेन्नई आगरा जयपुर कोयंबटूर जोधपुर हैदराबाद विशाखपट्नम जालंधर चंडीगढ़ केरल रायपुर कोलकाता उदयपुर लखनऊ गुवाहाटी करनाल (हरियाणा )और गोरखपुर में घटना को अंजाम दे चुका था। पकड़ा गया शातिर चोर जयेश रावजी गुजरात का रहने वाला है यह पांच सितारा और सात सितारा होटल में चोरी की घटना को अंजाम देता था आखिरकार गोरखपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। घटना का खुलासा पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर एसपी सिटी अभिनव त्यागी एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने घटना का खुलासा किया।

एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को ?25000 का नगद पुरस्कार देने की भी घोषणा की है।

एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने बताया कि पकड़े गए आरोपों के पास से पुलिस ने पीली धातु की अंगूठी चैन घड़ी कान की बाली एंड्राइड मोबाइल फोन आधार कार्ड पैन कार्ड और 12270 नगद बरामद किया गया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अनित राय उप निरीक्षक राम सिंह हेड कांस्टेबल क़य्यूम अली कांस्टेबल नकीब खान अनुराग सिंह प्रिंस राय शामिल रहे।

पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी ने गोरखपुर में चोरी की घटना से पूर्व करनाल (हरियाणा) की एक पांच सितारा होटल में अप्रैल 2023 में चोरी की थी जिसमें वह गिरफ्तार होकर जेल गया और फिर 8 नवंबर को जेल से रिहा होने के बाद 16 नवंबर को गोरखपुर के कोर्टयार्ड मैरियट होटल में चोरी की घटना को अंजाम दिया था फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके सनसनी

जन एक्सप्रेस। बेलवा कारखाना। फाजिलनगर



जनपद के चौराखास थाना क्षेत्र के जोकवा सोनवरसा मार्ग पर इंडियन पेट्रोल पम्प (जौरा बाजार ) के 50 मीटर दूरी पर गाड़ी बने गाड़ी धुलाई केंद्र कर्टेन सेड के परिसर मे वुधवार की सुबह एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला उधर से गुजर रहे किसी किसी रहागीर ने शव को देखा तो आस पास के लोगों को सूचना दी, उसके बाद लोगों की भारी भीड़ जुट गई लोगो ने युवक की पहचान पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव धनहा राजू प्रसाद पुत्र हीरामन प्रसाद उम्र 17 वर्ष के रूप मे की उसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना गई मौके पर पहुंची चौरा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दी। राजू के मुंह और नाक से खून निकला हुआ था और गले मे सूजन था। पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव धनहा निवासी राजू प्रसाद जन्म से ही गूंगा था,और उसके माता पिता भी गूंगा है एक उससे छोटी बहन जिसका नाम रंजना है जो बोलती है। धनहा व जौरा बाजार के लोगों का कहना था की राजू अक्सर बाजार मे घुमा करता था सीधा स्वभाव का था। वह अपनी माँ बाप का एकलौता पुत्र था। बाजार मे हमेशा उसे देखा जाता था। प्रत्यक्षदर्शीयो के मुताबिक मंगलवार शाम को चार बजे के करीब उसको दो युवक के साथ बाजार मे मोटर सायकिल पर देखा गया था। देर रात राजू घर नहीं पहुंचा तो घर वालों ने उसकी काफी खोज बीन की नहीं मिला। बुधवार की सुबह चौराखास थाना क्षेत्र के जोकवा सोनवरसा मार्ग पर एक युवक का शव मिलने की सूचना पर पहुचे घर वालों ने उसकी पहचान राजू प्रसद के रूप में की। अपने बेटे का शव देखकर राजू की माँ दहाड़े मारकर रोते रोते बेसुध हो जा रही थी। राजू के माँ बाप गूंगे है जब पत्रकार उन लोगों से बात करने की कोशिश कर रहे थे तो वो अपनी भाषा मे हत्या के इशारे कर रहे थे और रोते रोते बेसुध हो जा रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना था बेचारे गूंगे व्यक्ति से किसकी दुश्मनी रही होगी जो इसका ये हाल किये है। धनहा गांव के कुछ लोगों का कहना था कि गूंगा होने के चलते कुछ लोग राजू से गलत काम भी करवाते थे उन्ही लोगों का राजू कि हत्या मे हाथ हो सकता है। समय पर थाना चौराखास एस. ओ. विद्याधर कुशवाहा रामप्रकट मिश्रा, हेड कंस्टेबल दिलीप कुमार, ने शव पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

# रिटायर्ड कानूनगो के परिवार से ठगे लाख रुपए

■ जालसाज महिला ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर की धोखाधड़ी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर के रिटायर्ड कानूनगो रामफल यादव और उनके परिवार से ठगी का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ की एक महिला ने ट्रेडिंग शेयर में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 10.94 लाख रुपये ठग लिए। मामला शाहपुर इलाके के बशारतपुर का है।

रामफल के बेटे जितेंद्र यादव की तहरीर पर पुलिस ने छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के महोवा बाजार निवासी नेहा शर्मा के खिलाफ साइबर अपराध थाने में मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इस ठगी के मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जितेंद्र यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि नेहा शर्मा ने खुद को %प्रॉफिट प्लस ऑफिस% का रिलेशनशिप मैनेजर बताकर उनके परिवार से संपर्क किया। महिला ने दावा किया कि वह एल्गो ट्रेडिंग के जरिए शेयरों का क्रय-विक्रय करती हैं, जिसमें प्रतिदिन 10 से 30 प्रतिशत तक मुनाफा होता है, और घाटे का जोखिम भी बेहद कम रहता है। उसकी बातों पर विश्वास करके जितेंद्र और उनके परिवार ने उसकी पेशकश स्वीकार की।



### 5 खाते खुलवाकर जमा कराई रकम

नेहा शर्मा ने मध्य प्रदेश के एक बैंक में जितेंद्र और उनके परिवार के पांच सदस्यों के नाम से खाते खुलवाए। इसके बाद, इन पांचों खातों में कुल 10.94 लाख रुपये जमा कराए गए। महिला ने दावा किया कि जल्द ही इन निवेशों से मुनाफा बढ़ेगा। हालांकि, जब परिवार ने रकम निकालने की कोशिश की, तो सभी लेन-देन रुक गए और जमा की गई राशि वापस नहीं मिली।

### ऐसे हुआ फर्जीवाड़ा का खुलासा

जब परिवार को संदेह हुआ तो उन्होंने महिला के बताए लाइसेंस और डिमैट खातों की जांच कराई। यह जांच में पूरी तरह से फर्जी पाए गए। इसके बाद जितेंद्र यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, और साइबर अपराध थाने ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस ठगी के मामले में आरोपी महिला के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही, इस तरह के मामलों से लोगों को सावधान रहने की सलाह दी जा रही है।

## डीएमअनुनय झा क्यों हुए ईओ फरेंदा के कार्यो से नाराज दे डाली चेतावनी

जन एक्सप्रेस/महराजगंज। जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के नगरीय निकायों एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गयी ।समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नगरपालिका परिषद/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकायों में टाइड व अनटाइड ग्रान्ट के अंतर्गत प्रस्तावित निर्माण कार्य/उच्चीकरण को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के भीतर पूर्ण कराये। जन एक्सप्रेस संवाददाता के मुताबिक जिलाधिकारी ने कहा कि 50 प्रतिशत से कम प्रगति पर निकाय के ईओ और जेई व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। ईओ आनन्दनगर की कार्यशैली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कड़ी चेतावनी भी दी। समीक्षा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर पुष्पलता मंगल, सिसवा चेयरमैन प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल, चेयरमैन घुघुली, अपर जिलाधिकारी डॉक्टर. पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम सदर रमेश कुमार, व निकायों के ईओ और जेई उपस्थित रहे।

# यूनूस खान मुर्दाबाद के नारों से गूंज उठी सीएम सीटी

■ गोरखपुर में हिंदुओं ने भरी हुंकार, बंग्लादेश बंद करे हिंदुओं पर अत्याचार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में बुधवार को बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के खिलाफ जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा

बांग्लादेश में हिंदु अल्पसंख्यकों पर हो रहे उत्पीड़न के विरोध में बुधवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। जिसमे पूरे जिले से विभिन्न मत-पंथ, धर्म, समाजिक संगठन, सांस्कृतिक संगठन, विभिन्न व्यापार मण्डल, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। इंटर कॉलेज में सभा के बाद रैली निकाल कर हिन्दू संगठनों की तरफ से कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया। हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति के आह्वान पर निकली रैली महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से रैली हरिओम नगर तिराहा, कचहरी चौराहा, शास्त्री चौक, अंबेडकर चौक होते हुए कमिश्नर ऑफिस पहुंची। जहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा गया। रैली को लेकर गोलघर, घंटाघर, आर्यनगर समेत सभी प्रमुख बाजार दिन में दो बजे तक बंद रहे।



### यूनुस मुर्दाबाद के नारों से गूंजा गोरखपुर

सड़कों पर उतरे हजारों व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर भारत सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

### व्यापारियों की एकजुटता ने दिया बड़ा संदेश

गोरखपुर के स्वर्णकार, किराना व्यापारियों, मेडिकल स्टोर संचालकों और अन्य व्यवसायियों ने अपनी प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया। सभी ने एक सुर में कहा, ङ्कअब और चुप नहीं रह सकते। बांग्लादेश के हिंदुओं को बचाना हमारी जिम्मेदारी है।ङ्क

### भारत सरकार से अपील

प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वे बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा पर तुरंत कार्रवाई करें। उनका कहना था कि भारत, जो विश्व में सनातन संस्कृति का प्रतीक है, वह अपने पड़ोसी देश में हो रहे इन अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकता।

### तस्वीरों में दिखा गुस्सा और दृढ़ता

प्रदर्शन के दौरान ली गई तस्वीरों में गोरखपुर के लोग बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस के खिलाफ गुस्से से भरे नजर आए। पुतला दहन के दौरान ङ्कयूनुस मुर्दाबादङ्क के नारों की गूंज ने पूरे शहर में सनातन धर्म के प्रति एकजुटता और जागरूकता का संदेश दिया। गोरखपुर के इस विरोध प्रदर्शन ने एक बार फिर दिखा दिया कि जब धर्म और मानवता पर चोट होती है, तो भारत चुप नहीं बैठता।

# मां की हत्या.... लाश के साथ 5 दिन रहा नाबालिग बेटा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में भाभा रिसर्च इंस्टीट्यूट के साइंटिस्ट की पत्नी की मौत के मामले चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। नाबालिग बेटे ने ही वारदात को अंजाम दिया। वजह सिर्फ इतनी थी कि मां ने स्कूल जाने के लिए बेटे को जगा दिया था। गुस्से में उसने मां को धक्का दिया। उनका सिर दीवार से टकरा गया। वह गंभीर रूप से जख्मी हो गईं, लेकिन बेटा उन्हें अस्पताल नहीं ले गया, बल्कि मां को छोड़कर स्कूल चला गया। खून बहने से मां की मौत हो गई। 5 दिन तक मां की लाश के साथ रहा। 6 दिन तक पत्नी से बात न होने पर साइंटिस्ट घर पहुंचे। दरवाजा खुला था और बदबू आ रही है। अंदर गए तो देखा पत्नी की लाश फर्श पर पड़ी थी। बेटे ने पिता-पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। उन्हें बताया कि गिरने की वजह से मां की मौत हुई। मगर जब पोस्टमॉर्टम हुआ तो लाश 6 दिन पुरानी निकली। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने जुर्म कबूल कर लिया।



### सीसीटीवी में सिर्फ बेटा ही दिखा

पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। इसमें पता चला कि आरती की मौत 6 दिन पहले हुई थी। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर की जांच की। इसमें पता चला कि कोई बाहरी व्यक्ति घर के अंदर नहीं आया था। बेटा ही घर के अंदर गया था और अकेला बाहर निकला था। शक के आधार पर पुलिस ने बेटे से पूछताछ की तो सच्चाई कबूल कर ली।

### घंटों किया गुमराह,कबूला जूर्म, मुकदमा दर्ज कर की जा रही है कार्रवाई - एसपी दक्षिणी

एसपी नॉर्थ ने बेटे से दो घंटे तक पूछताछ की, इसके बाद बेटे ने जुर्म स्वीकार कर लिया। वैज्ञानिक राम मिलन ने अपने बेटे के खिलाफ तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया, नाबालिग पूछताछ में काफी देर तक वह इधर-उधर घुमाता रहा। दो घंटे बाद उसने बताया कि विवाद के दौरान उसने मां का सिर दीवार पर लड़ा दिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।



मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सिलसिलेवार जानते हैं मामला

पिपराइच इलाके में रहने वाले साइंटिस्ट राम मिलन ने बेटे का शहर के एक अच्छे स्कूल में एडमिशन करवाया था, लेकिन वह स्कूल के नाम पर मौजमस्ती करने लगा। बेटे की हरकतों से परेशान होकर 1 दिसंबर को आरती स्कूल गईं। वहां प्रिंसिपल से बेटे की शिकायत की। इसके बाद प्रिंसिपल ने सबके सामने बेटे को डांट लगाई। यह बात उसे नागवार गुजरी थी।

### गुस्से में मैंने उन्हें धकेल दिया, बेहोश हो गईं

11 वीं में पढ़ने वाले बेटे ने पुलिस को बताया कि 3 दिसंबर को मैं सुबह 8-30 बजे तक सो रहा था, तभी मां ने मुझे स्कूल जाने के लिए जगा दिया। मैंने मां से कहा कि मैं स्कूल नहीं जाऊंगा। इस पर मां गुस्सा हो गईं। इसके बाद मेरा उनसे झगड़ा हो गया। गुस्से में मैंने उन्हें धकेल दिया। वह फर्श गिर गईं और थोड़ी देर में बेहोश हो गईं।

### मां का खून देखकर डर गया, दरवाजा बंद कर भाग गया स्कूल

मां के सिर से खून बह रहा था। यह देखकर मैं डर गया। जल्दी-जल्दी स्कूल ड्रेस पहना और मां को छोड़कर स्कूल चला गया। घर के बाहर ताला भी लगा दिया था। शाम को घर लौटा तो देखा कि मां की सांसें नहीं चल रही थीं। उन्हें घसीटकर स्टोर रूम में ले जाकर छोड़ दिया। इसके बाद 5 दिन तक घर में ही रहा। किसी को शक न हो, इसलिए सीसीटीवी का कनेक्शन काट दिया। जब शव से बदबू आने लगी तो अगरबत्ती जलाना शुरू कर दिया।

### पिता बोले- बेटा ऐसा कर सकता है, मैंने सोचा नहीं था

भाभा रिसर्च इंस्टीट्यूट में असिस्टेंट साइंटिस्ट राम मिलने ने बताया- 3 दिसंबर को मैंने चेन्नई से पत्नी को फोन किया, लेकिन उनका फोन बंद था। 2 दिन तक फोन करते रहे, लेकिन नहीं मिला। इसके बाद मैंने साली झांती देवी को घर भेजा, तो पता चला कि घर का गेट बंद था। साली ने अनहोनी की आंशका जाहिर की। मैं फ्लाइट से रविवार, 8 दिसंबर को गोरखपुर पहुंचा। यहां कमरे में जाकर देखा तो खून से लथपथ पत्नी की लाश पड़ी थी। बेटे से पूछा तो उसने बताया कि स्कूल से आकर खाना खाकर सो गया था। जगा तो मां फर्श पर पड़ी थीं, वहां खून फैला हुआ था। यह देखकर डर गया और ताला बंद कर मंदिर चला गया। इसके बाद मैंने पुलिस को सूचना दी। बेटा ऐसा कर सकता है, मैंने सोचा भी नहीं था।

# सरकारी जमीन नापने गए लेखपाल से बदसलूकी, राजस्व अभिलेख फाड़ने का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। देवरिया



जनपद के सलेमपुर तहसील में तैनात लेखपाल तहसीलदार सलेमपुर के आदेश पर नवीन परती भूमि की पैमाईश करने गए थे कि उसी ग्राम के एक व्यक्ति ने हल्का लेखपाल से अभद्रता करने लगा और राजस्व अभिलेख भी फाड़ दिया गया।

पूरा मामला सलेमपुर तहसील के शिशवां दीक्षित गांव का है।

सलेमपुर तहसील क्षेत्र निवासी अखिलेश तिवारी पुत्र बृजबिहारी तिवारी के द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर ग्राम सभा स्थित नवीन परती भूमि के पैमाईश की मांग की गई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए तहसीलदार सलेमपुर द्वारा हल्का लेखपाल को निर्देशित किया गया कि नवीन परती भूमि की पैमाइश कानूनगो के साथ तत्काल किया जाए। तहसीलदार के आदेशानुसार हल्का लेखपाल अतुल कुमार अपने सहयोगी लेखपाल सत्यानंद तिवारी और कानूनगो के साथ मौके पर पहुंचकर पैमाईश करने लगे। गांव निवासी सत्यदेव तिवारी पुत्र जगदीश तिवारी , ऋषिकेश तिवारी पुत्र सत्यदेव तिवारी द्वारा पैमाईश रोकते हुए लाठी डंडा लेकर लेखपाल अतुल कुमार पर हमला कर दिया गया साथ ही भद्दी भद्दी गाली भी दिया ल और लेखपाल के हाथ से राजस्व अभिलेख छीन कर फाड़ दिया ,किसी तरह लोगो के बीच बचाव करने पर लेखपाल वहां से सुरक्षित वापस तहसील पहुंचा । लेखपाल अतुल कुमार के शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई हैं।

# प्रभारी मंत्री ने किया जिला कारागार निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने लगभग 5 करोड़ की लगत से हो रहे बुद्धा पार्क रविंद्रनगर में सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्होंने कार्यदाई संस्था यूपी आर एन एस एस निर्माण खंड गोरखपुर द्वितीय के संबंधित अधिकारी/कॉन्ट्रैक्टर/सुपरवाइजर तथा जिला उद्यान अधिकारी से पूरे प्रोजेक्ट के निर्माण आरम्भ तथा पूर्ण होने की तिथि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने डीपीआर के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी ली। जिसपर कार्यदाई संस्था एवं जिला उद्यान अधिकारी द्वार बताया गया कि कार्य आरम्भ की तिथि 16 मार्च 2024 तथा पूर्ण होने तिथि 15 सितंबर 2025 है। डीपीआर के अंतर्गत जिम हाल, टॉयलेट ब्लॉक, पंप हाउस, गोडाउन कम ऑफिस, पाथवे, मिट्टी भराई कार्य, बाउंड्री वाल का जीर्णोद्धार, सोलर स्ट्रीट लाइट प्रस्तावित है। जिम हाल का छत का कार्य पूर्ण ही शेष कार्य प्रगति पर है। जिस पर मंत्री जी ने निर्देशित किया कि पर्याप्त मात्रा में मिट्टी भराई का कार्य कराया जाये, जिससे जल प्लावन जैसी स्थिति उत्पन्न न हो ।बेहतरीन तरीक़े से लैंडस्केपिंग का कार्य कराया जाये । ?बिल्डिंग निर्माण का कार्य कम से कम जगह में कराया जाये, जिससे कि अन्य कार्य भी इसमें कराया जा सकें तथा निर्माण कार्य समय से पूर्ण करें। तत्पश्चात मंत्री द्वारा लोक निर्माण विभाग के तत्वावधान में निर्मित जिला कारागार कुशीनगर के बैरक निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया परियोजना के लगत के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि के बारे में बताया गया। डीपीआर में प्रस्तावित कार्यों के पृच्छा के क्रम में बताया गया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कम्युनिटी सेंटर, गेस्ट हाउस, बैरक, प्रोविजिनल स्टोर, मुलाकात घर, प्रशासनिक भवन आदि का निर्माण किया जाएगा। बैरक के क्षमता के संबंध में माननीय मंत्री जी निर्देशित किया कि बैरक की क्षमता बढ़ाने की कोशिश करें। जिससे कि ज्यादा से ज्यादा कैदियों को यहां रखा जा सकें।

## पुलिस व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने दो गांजा तस्करों को किया गिरफतार

जन एक्सप्रेस/देवरिया। जनपद के थाना रामपुर कारखाना पुलिस व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर देसही देवरिया मोड़ के पास से एक कंटेनर ट्रक वाहन हृय 01् ॥7313 में बोरे से ढककर ले जाया जा रहा 1 कुन्तल 54 किलोग्राम गांजे के साथ 2 अभियुक्तों मजहर अली पुत्र कासिम अली निवासी पिपरामदन गोपाल थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया व.अभिमन्यु सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी मठिया थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) को गिरफ्तार करते हुए थाना स्थानीय पर 349/24 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए बरामद वाहन व गांजा को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की है । बरामद गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख रुपये है ।

# विराट वृक्ष की फलदार शाखाएं हैं भारतीय भाषाएं: प्रोफेसर पूनम टंडन

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में आयोजित %भारतीय भाषा उत्सव% की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि भारतीय भाषाएं भारत की शक्ति हैं।. भारतीय भाषाएं परंपरा, संस्कृति,अनुभव, ज्ञान व स्मृति की जीवंत धाराएं हैं जिनके मिलने से महान भारत का परिदृश्य उभरता है.। उन्होंने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत को एक सशक्त हस्ताक्षर के रूप में स्वीकार किया जाता है, तो इसमें भारत की भाषाई शक्ति व समृद्धि को एक बड़ी वजह के रूप में देखा जा सकता है। प्रोफेसर टंडन ने कहा कि भारत रूपी विराट वृक्ष की फलदार शाखाएं हैं भारतीय भाषाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में भारत की स्थिति यूरोप से अलग है. यूरोप में एक भाषा सिद्धांत उनके राष्ट्र को जोड़ता है तो भारत की भाषाई विविधता उसे बेजोड़ बनाती है। प्रोफेसर टंडन ने कहा कि किसी देश की प्रगति वहां की भाषाई प्रगति से भी मापी जा सकती है। इस मामले में भारत अनोखा देश है।भाषाओं के उत्सव की दृष्टि से भारत से बेहतर दुनिया का कोई अन्य देश नहीं हो सकता. इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय भाषाओं के साथ-साथ हमारे विद्यार्थियों को कुछ विदेशी भाषाओं का भी ज्ञान होना चाहिए।



### भारत की भाषाई विविधता बैंक आफ नालेज की सूचक- प्रो. सुनीता मूर्मू

महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर आयोजित इस %भारतीय भाषा उत्सव% कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर सुनीता मुर्मू ने कहा कि भारत की भाषाई विविधता उसके %बैंक ऑफ़ नॉलेज% का सूचक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भाषा के प्रति संवेदनशीलता व सम्मान का भाव हमें बेहतर मनुष्य बनाता है और जहां विविधता होती है वही खूबसूरत संवाद भी होते हैं. इस दृष्टि से हमें भारत पर गर्व होना चाहिए।

### हिंदी, उर्दू एक मां की बेटी

उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर रजीउर रहमान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी और उर्दू एक ही माँ की बेटी हैं. फर्क है तो बस लिपि और तलफ्फुस का. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में एक भाषा संकाय की जरूरत है जहां विविध भाषाओं के विद्यार्थी आपस में संवाद कायम कर सकें। संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर. देवेंद्र पाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेदों के संदर्भ को उद्घाटित किया. हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल राय ने %भारतीय भाषा उत्सव% के तहत %राष्ट्र निर्माण में भारतीय भाषाओं की भूमिका% विषय पर अपना विशद व्याख्यान दिया. हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर कमलेश कुमार गुप्त ने स्वागत वक्तव्य दिया. डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया तथा डॉ. रितु सागर ने सबके प्रति आभार प्रकट किया. इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शोधार्थी एवं शिक्षक गण शामिल हुए।

# डीएम ने जलालपुर तहसील के विभिन्न पटलों का किया औचक निरीक्षण

## लंबित राजस्व वादों को तय समय सीमा में निस्तारण करने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील जलालपुर के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया तथा उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को राजस्व वादों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील जलालपुर के विभिन्न पटलों पर लंबित राजस्व वादों के निस्तारण के स्थिति का अवलोकन किया। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के न्यायालयों पर 3 वर्षों से अधिक समय से लंबित वादों को अभियान रूप में तीव्र गति से नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वादकारियों के वादों का त्वरित एवं सुगम निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर वादकारियों की समस्याओं अर्थात वादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों से भी वार्ता की गई जिस पर संगठन द्वारा पूर्ण सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए शासन की मंशानुसार त्वरित निस्तारण करते हुए उन्हें लाभान्वित करें। सभी अधिकारी/कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनहित कार्यों को निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि जनहितार्थ के कार्यों में किसी भी दशा में शिथिलता न बरतें, लापरवाही



पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने वरासत/नामांतरण, बटवारा, सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण एवं पैमाइश आदि से जुड़े मामलों को नियमानुसार तय समय सीमा के भीतर निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस, जनता दर्शन पंजिका में अंकित प्रकरणों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया तथा उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को शिकायतकर्ताओं से स्वयं भी फोन से फीडबैक लेने तथा रैंडम भौतिक निरीक्षण करके निस्तारण की गुणवत्ता को देखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त कार्मिकों को अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करने तथा समस्त पत्रावलियों का रखरखाव बेहतर ढंग से करने के साथ ही संपूर्ण परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी को समय-समय पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालय पर लंबित राजस्व वादों के निस्तारण के स्थिति की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को माह के कम से कम 15 दिन कोर्ट का संचालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा रामबली, उर्दू अनुवादक/रीडर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) जलालपुर का स्थानांतरण तहसील भीटी में कर दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जलालपुर, तहसीलदार जलालपुर, नायब तहसीलदार एवं अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

# सीएचसी का निरीक्षण में डॉ व कर्मचारी मिले नदारद

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में बुधवार को मुख्यचिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज तथा अन्तर्गत पल्स पोलियों अभियान का निरीक्षण किया । सीएमओ ने चिकित्सक व कर्मचारीयों के अनुपस्थित होने पर नाराजगी जताई और वेतन रोकने का निर्देश दिया।

जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने दिसंबर 2024 की टीम संख्या 39 एवं 42 का निरीक्षण किया । टीम संख्या 39 में कैलाशी देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित पायी गयी । सीएमओ आयुष्मान आरोग्य मन्दिर गुमडी व कालिन्जर ग्रांट का निरीक्षण किया । गुमडी के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशान्त सिंह व कालिन्जर ग्रांट की सीएचओ शारदा भारती सभी आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा पाये । ओपीडी रजिस्टर देखने से ज्ञात हुआ कि नियमित मरीज देखे नही जा रहे है। साफ़ सफाई असंतोषजनक था, जिसे सफाई कराने एवं दोनों के एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज का निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सुमन्त सिंह चौहान अनुपस्थित थे । उपस्थित चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग पाण्डेय द्वारा बताया गया कि डॉ अभिषेक यादव रात्रि ड्यूटी करके गये है । उपस्थित पंजिका का अवलोकन करने पर अवधेश कुमार पाण्डेय (नियमित) व संविदा कर्मचारियों में राजेश कश्यप (वार्ड ब्वाय), राम कुमार (स्वीपर कम चौकीदार) अनुपस्थित पाये गये । अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश सीएमओ ने दिया। चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग पाण्डेय को अस्पताल की रंगाई पुताई व कैम्पस में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तत्काल कराने की निर्देश दिये गये । मौके पर डीएमओ राजेश पाण्डेय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, बीपीएम आशुतोष शुक्ला मौजूद रहे।

# समग्र विकास और आरटीआई: डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**जन एक्सप्रेस । करहल, मैनपुरी**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने आज करहल निरीक्षण भवन में ग्राम्य विकास के जन सूचना अधिकारियों से संवाद किया। वह केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा आयोजित सम्मेलन में सहभागिता के बाद करहल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उक्त सम्मेलन में विकसित भारत में आर टी आई का योगदान विषय पर विचार विमर्श किया गया। यूपी देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। इसलिए भारत के विकास में उसका योगदान भी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सूचना के अधिकार भी लोक कल्याण में सहायक है। एसडीजी इण्डिया इण्डेक्स की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश फ्रण्ट रनर कैटेगरी में सम्मिलित



हो गया है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक प्रदेश की करीब चार सौ बेस्ट प्रैक्टिसेस वर्तमान में नीति आयोग के 'नीति फॉर स्टेट्स पोर्टल' पर अपलोड हैं। राज्य सूचना आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन और सुनवाई पर फोकस किया गया है। इसमें उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नीरज द्विवेदी सहित जन सूचना से जुड़े अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क किनारे पटरी पर लोक निर्माण विभाग का अवैध कब्जा बना चर्चा का विषय

## आखिर क्या कारण था की शहर के व्यस्ततम? इलाका रोडवेज के पास लोक निर्माण विभाग को स्वयं अपनी ही सड़क के पटरी पर करना पड़ा पीलर लगाकर अवैध कब्जा

- अकबरपुर नगर पालिका ने कुछ दिनों पहले उसी सड़क की पटरी से हटावाया था अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के अकबरपुर नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बीच सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने और कब्जा करने का मामला चर्चा का विषय बन गया है जहां एक तरफ अकबरपुर नगर पालिका सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रही वहीं दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग पर खुद अपने ही जमीन पर अवैधअतिक्रमण करने का आरोप लग रहा है

नगर पालिका हटवाती है अतिक्रमण पीडब्ल्यूडी सड़क के पटरी पर करता



है पिलर लगाकर अवैध कब्जा

जनपद के जुड़वां शहर अकबरपुर और शाहजादपुर में सड़क किनारे पटरियों पर हो रहे अतिक्रमण से वाहनों के जाम की समस्या बढ़ गई थी इसे देखते हुए अकबरपुर नगर पालिका ने अभियान चलाकर कई जगह से अतिक्रमण हटाया लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के सामने एक चाय की दुकान को भी हटाया गया लेकिन अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के पटरी पर कब्जा कर पिलार लगा दिया गया और उसे तार से घेर दिया

नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग के दावो में है विरोधाभास

अकबरपुर नगर पालिका ईओ बिना सिंह ने बताया नगर पालिका ने इस जगह से अतिक्रमण हटाया था ताकि यहां फिर से दुकान ना लग सके लोक निर्माण विभाग ने सड़क के किनारे बने पटरी को अपने नियंत्रण में लिया है वही लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिला अधिकारी के आदेश से सड़क के किनारे पीलर लगाया गया है

सड़क के किनारे पटरी पर कब्जा से लोक निर्माण विभाग सवालों के घेरे में जहां एक तरफ नगर पालिका के प्रयासों से अतिक्रमण हटाने की पहल एक सकारात्मक कदम थी वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा उसी जमीन पर दोबारा कब्जा करना जनता के बीच नाराजगी का कारण बन रहा है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन के इस खींचतान का असर आम जनता पर पड़ता है।

# 'जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी'

- उनके गीत 'दूर हटो ए दुनिया वालो हिंदुस्तान हमारा है' से सहम गई थी फिरंगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**

राजस्थान के सपूत मेजर शैतान सिंह के नाम से चीनी सेना थर्राती थी। 18 नवंबर 1924 को भारत चीन युद्ध में 13 वीं कुमाऊंनी बटालियन की सी कंपनी ने रेजांग ला दर्रे में मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में चीनी सैनिकों का सामना किया था। इस मोर्चे पर भारतीय सेना ने एक हजार से अधिक चीनी सैनिकों को मार गिराया था। गोलियों से घायल मेंजर शैतान सिंह एक पोस्ट से दूसरी पोस्ट पर जाकर सैनिकों का हौंसला बढ़ाते हुए देश पर न्यौछावर हो गए थे। मेजर शैतान सिंह की बहादुरी और बलिदान से प्रभावित होकर और देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कवि प्रदीप ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी, जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी' गीत लिखा था। सुर सम्राज्ञी लता मंगेशकर द्वारा गाए गए इस गीत को सुनकर प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की आंखों में आंसू निकल आए थे। यह विचार नगर के युवा समाजसेवी और क्रांतिकारी चिंतक गोपाल गोस्वामी ने



विख्यात कवि प्रदीप की 26 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर दैनिक टी.एन.एफ. टुडे से एक विशेष भेंट में व्यक्त किए।

युवा समाजसेवी और क्रांतिकारी चिंतक गोपाल गोस्वामी ने कहा कि महान गीतकार रामचंद्र द्विवेदी उर्फ प्रदीप देश भक्ति के कालजयी गीतों के लिए जाने जाएंगे। 6 फरवरी 1915 को मध्य प्रदेश के छोटे से शहर बदनगर में उनका जन्म हुआ था। उन्हें बचपन से ही कविताएं लिखने का शौक था। वर्ष 1939 में उन्होंने लखनऊ यूनिवर्सिटी से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की। मुंबई में आयोजित एक कवि सम्मेलन में उनकी कविताओं से प्रभावित होकर बॉम्बे टाकिज स्टूडियों के मालिक हिमांशु रॉय ने उन्हें अपनी फिल्म 'कंगन' के लिए गीत लिखने का अवसर दिया। वर्ष 1940में ज्ञान मुखर्जी के निर्देशन में फिल्म बंधन के गीत 'चल चल रे नौजवान' ने आजादी के दीवानों में एक नया जोश भरने का काम किया था।

### गीतों से दी जंगे आजादी को नई दिशा

क्रांतिकारी चिंतक गोपाल गोस्वामी ने बताया कि कवि प्रदीप के गीतों ने फिरंगियों के खिलाफ क्रांतिवीरों को एक नई दिशा दी। वर्ष 1943 में बनी फिल्म 'किस्मत' ने आजादी के प्रति उनकी दीवानगी को एक नई धार दी। इस फिल्म के कवि प्रदीप के लिखे गीत 'आज हिमालय की चोटी से फिर हमने ललकारा है, दूर हटो ए दुनिया वालो हिंदुस्तान हमारा है' ने आजादी के दीवानों को अंदर तक उद्वेलित कर दिया था। इस गीत के बाद कवि प्रदीप फिरंगी सरकार के रडार पर आ गए थे। इस गीत से सकपकाई अंग्रेजी हुकूमत को उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करना पड़ा था। भारत सरकार ने वर्ष 1998 में उन्हें फिल्मी दुनिया के सर्वोच्च सम्मान 'दादा सहाब फालके' से सम्मानित किया था। वर्ष 1998 में आज ही के दिन 11 दिसंबर को उन्होंने अंतिम सांस ली।

# बेखौफ चोरों ने दिन दहाड़े किया बाइक चोरी

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत राप्ती नदी के बेलवा सुल्तान जोत मार्ग पर बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े शौच के लिए गए एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित युवक राज कुमार मिश्रा पुत्र शांति प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम शेरूपुर थाना कोतवाली देहात बलरामपुर ने 11 दिसंबर को कोतवाली देहात में तहरीर देकर बताया की 5 दिसंबर के शाम लगभग 5ः00 बजे वह बलदेव नगर से बलरामपुर आ रहा था । रास्ते में बेलवा सुल्तान जोत मार्ग पर बगीचे के पास सड़क पर बाइक संख्या यूपी 47 आर 1117 एच एफ डीलक्स लाल रंग की खड़ी करके खेत मे सौंच के लिए चला गया । लौट कर वापस आया तो बाइक वहां खड़ी नहीं थी । राजकुमार ने बताया कि बाइक बेखौफ चोरों द्वारा चुरा लया गया । दिनदहाड़े इस प्रकार की चोरी के वरदात से वह हैरान व परेशान है । उन्होंने बताया कि 5 दिनों तक आसपास के क्षेत्रों में तलाश किया, परंतु कोई सुराग नहीं लग पाया । पीड़ित ने कोतवाली देहात थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने तथा कार्यवाही की मांग की है।

# महंगाई और बेरोजगारी का दंश झेल रहा गरीब बहुजन समाज: ओपी मधुर

- आसपा के नेतृत्व में सरकार बनने पर ही सुलझेंगी बहुजन समाज की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**

देश का गरीब बहुजन समाज महंगाई और बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के नेतृत्व में सरकार बनने पर ही बहुजन समाज की समस्याओं का समाधान होगा। यह विचार आजाद समाज पार्टी काशीराम के वरिष्ठ नेता और जहांगीरपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन ओमप्राकश मधुर एडवोकेट ने बुधवार को पत्रकारों से वार्ता के दौरान व्यक्त किए।

आजाद समाज पार्टी काशीराम के वरिष्ठ नेता और जहांगीरपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश मधुर एडवोकेट ने कहा कि इस समय देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। सरकार को ना तो महंगाई की ही चिंता है और ना दिनों दिन बढ़ती जा रही बेरोजगारी की फिक्र। सरकार और उसके समर्थक संगठन हिंदू-मुसलमान करने में लगे हैं। जबकि देश के गरीब, कमजोर वर्ग के लोग और बेरोजगार युवाओं का जीना दुश्वार हो गया है। महंगाई के कारण बाजार में चीजों को खरीदना तो



दूर बस छूने मात्र से ही करंट लगता है। नौकरी की आयु सीमा निकल जाने से देश के बेरोजगार युवा पस्त हो चले हैं। लेकिन सरकार और राजनीतिक पार्टियां अपनी राजनीति को चमकाने के चक्कर में महंगाई और बेरोजगारी की लगातार अनदेखी करती चली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि देश का बहुजन समाज एकत्रित होकर आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद का साथ दे। तभी गरीब बहुजन समाज के लोगों की समस्याओं का समाधान हो सकेगा और तभी जगेगी गरीब बहुजन समाज के दिन बहुरने की उम्मीद।

# धान क्रय केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बुधवार को धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया । उन्होंने खरीद में तेजी लाए जाने एवं क्रय केंद्रों पर किसानों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया ।धान क्रय केंद्र साधन सहकारी समिति सोनपुर पर धान खुले में रखे पाए जाने पर डीएम ने क्रय केंद्र प्रभारी, जिला प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाई तथा खरीद के उपरांत धान के सुरक्षित रख रखाव सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया । डीएम ने उर्वरक विक्री केंद्र सहकारी समिति का निरीक्षण किया तथा स्टॉक पंजिका व वितरण पंजिका मेनटेन किए जाने के कड़े निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष धान क्रय सुनिश्चित किए जाने एवं कृषकों को क्रय केंद्र पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल ने धान क्रय केंद्र साधन सहकारी समिति भगवतीगंज एवं सोनपुर का निरीक्षण किया । साधन सहकारी समिति भगवतीगंज के निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र प्रभारी के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं जिला प्रबंधक को कार्यवाही के निर्देश दिए । उन्होंने विभिन्न पंजिकाओं का निरीक्षण किया एवं धान क्रय में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया । धान क्रय केंद्र साधन सहकारी समिति सोनपुर के निरीक्षण के दौरान खरीद के उपरांत धान खुले में रखे पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराज की व्यक्त की तथा क्रय केंद्र प्रभारी एवं जिला प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाई । साथ ही धान को सुरक्षित रूप से रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कारण से धान के नुकसान पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बैठक कर डीएम ने की निर्माणधीन परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का दिया निर्देश



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद में 50 लाख से अधिक लागत की 69 निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए जिससे कि शेष किश्त समय से प्राप्त हो।

उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने नई सड़कों का निर्माण , अनुरक्षण , गड्ढामुक्ति आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी , अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### स्पेशल ट्रेनें भी चलाएगा रेलवे

# अलीगढ़ से महाकुंभ के लिए चलेंगी 430 अतिरिक्त बसें

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

लीगढ़-प्रयागराज मार्ग पर महाकुंभ को लेकर पर्याप्त बसों का संचालन किया जाएगा। करीब 430 बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर किया जाएगा। दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर महाकुंभ के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। हालांकि, इस पर अभी रेलवे बोर्ड को अंतिम निर्णय लेना है।

प्रयागराज में अगले माह से शुरू होने जा रहे महाकुंभ मेले को लेकर रेलवे व रोडवेज ने तैयारियां कर ली हैं। रोडवेज अलीगढ़ से महाकुंभ के लिए 430 अतिरिक्त बसें चलाएगा। रेलवे भी स्पेशल ट्रेनें चलाने पर विचार कर रहा है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि अलीगढ़-प्रयागराज मार्ग पर महाकुंभ को लेकर पर्याप्त बसों का संचालन किया जाएगा। करीब 430 बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर किया जाएगा। अलीगढ़ से जाने वाली बसें सारसौल सेटेलाइट व मसूदाबाद बस स्टैंड से संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से कुछ बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे।

महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसको लेकर अभी दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर संचालित हो रहीं ट्रेनों में इन दिनों सीट को लेकर मारा-मारी के हालत हैं। यात्रियों को सीट तक नहीं मिल रही हैं।

# सदस्य राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई की गई।

उन्होंने शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मा0 सदस्य ने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को सहानुभूति पूर्वक सुना जाए तथा तत्परता से आवश्यक कार्यवाही भी की जाए, महिला संबंधी शिकायत के निस्तारण में देरी न की जाए। इस दौरान उन्होंने विकास खण्ड सदर बलरामपुर में श्रम विभाग, सामाज कल्याण विभाग, दिव्यागंजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं का स्टॉल का अवलोकन किया एवं महिला कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर , जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गन्ना आयुक्त के निर्देश बेअसर

## बगैर रिफ्लेक्टर दौड़ रहे गन्ना लदे ओवरलोड वाहन

- रात में दृश्यता कम होने के कारण इन वाहनों से हादसे का शिकार हो रहे राहगीर
- गन्ना लदे वाहनों पर फ्लोरोसेंट पेंन्ट पट्टियां लगाने के दिए थे निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



चीनी मिलों का पेराई सत्र शुरू होने के साथ सड़कों पर गन्ना से लदे ओवरलोड वाहन भी दौड़ने लगे हैं।गन्ना आपूर्ति के लिए लगाए गए अधिकांश वाहनों में रिफ्लेक्टर पट्टियां नही लगाई गई है। रात के दौरान राहगीर गन्ने से लदे वाहनों में टकराकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। गन्ना आयुक्त के आदेश के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी व चीनी मिल प्रबंधन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। चीनी मिलों का पेराई सत्र शुरू होने के साथ गन्ना क्रय केंद्रों पर खरीद का कार्य चल रहा है।क्रय केंद्रों से चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति करने के लिए वाहनों को लगाया गया है। किसान भी ट्रैक्टर ट्रालियों से चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति कर रहे हैं।इन दिनों शाम होते ही ठंड के साथ घना कोहरा भी छा जाता है।घना कोहरा होने के कारण सड़कों पर दृश्यता कम होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात के दौरान सड़कों पर ओवरलोड गन्ना भरकर फर्राटा भर रहे अधिकांश वाहनों में रिफ्लेक्टर नहीं लगे हुए। वाहन चालक रात्रि के दौरान गन्ना लदे इन वाहनों से टकराकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। 9 दिसंबर को गन्ना आयुक्त की ओर से जारी किए गए निर्देश में बताया गया था कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए ट्रैक्टर ट्रालियों के दोनों कोनों पर छह- छह इंच की लाल एवं पीले रंग की फ्लोरोसेंट पेंट तथा ट्रकों के अगले एवं पिछले बंपर पर लाल एवं पीले रंग की फ्लोरोसेंट पट्टियां एवं गन्ना आपूर्ति में लगी बुग्गियों के पिछले हिस्से पर लोहे की पट्टी लगाने के बाद उस पर लाल एवं पीले रंग के फ्लोरोसेंट पेंन्ट लगाने के निर्देश दिए गए थे।विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि वह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन),राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों तथा चीनी मिल प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित करने के साथ अभियान चलाकर गन्ना आपूर्ति में लगे वाहनों में रिफ्लेक्टर पट्टी लगाएं। गन्ना आयुक्त के आदेश के बावजूद भी जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। गन्ना आपूर्ति में लगे अधिकांश वाहनों में रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए।अधिकारियों की मनमानी के कारण राहगीर हादसों का शिकार हो रहे हैं।



पेराई सत्र के दौरान प्रत्येक वर्ष गन्ना लदे ओवरलोड वाहनों से टकराकर दर्जनों राहगीरों की मृत्यु हो रही है। इसके बाबजूद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाई जाए।
**-परमजीत सिंह**



रात में सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण सड़कों पर बेतरतीब दौड़ रहे गन्ना लदे वाहन नहीं दिखते है।इन वाहनों पर रिफ्लेक्टर पट्टियां भी नहीं लगाई गई है। जिससे लगाकर हादसे हो रहे हैं।
**-अवतार सिंह**



पूरनपुर वाया मैगलगंज नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रालों में ओवरलोड गन्ना भरकर संचालन किया जा रहा है। इन वाहनों से आए दिन हादसे हो रहे हैं। ओवरलोड वाहनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए।
**-लक्ष्मण प्रसाद वर्मा**



ट्रकों में ओवर हाइट गन्ना भरा होने से राहगीरों को असुविधा हो रही है। आवागमन के दौरान पेड़ों से टकराकर गन्ना राहगीरों पर गिर जाता है। जिससे राहगीर अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो जाते हैं। ऐसे ओवर हाइट वाहनों पर कार्रवाई की जाए।
**-रमेश कुमार**



क्रय केंद्रों से चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति के लिए लगाए गए पीलीभीत की एल.एच, बरखेड़ा, बीसलपुर चीनी के वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवा दिए गए हैं। पूरनपुर चीनी मिल का संचालन देर से हुआ है। शीघ्र ही सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाए जाएंगे।
**-खुशीराम भार्गव**, जिला गन्ना अधिकारी

# पूरनपुर सीएचसी में साढ़े दस बजे तक नहीं पहुंचे फार्मासिस्ट, भटके मरीज

- इन सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीजों की लग रही कतार

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



सुबह के ठीक साढ़े दस बज रहे हैं। लगभग सभी कमरों में ताले लटक रहे हैं। कुछ कुर्सियां खाली पड़ी हैं। मरीज सुबह 8 बजे से सर्दी में बाहर ठिठुर रहे हैं। यह नजारा पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। जहां आज बुधवार को जन एक्सप्रेस ने पहुंचकर ग्राउंड जीरो से रिपोर्ट की।

पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों चर्चा में है। जहां एक ओर बड़े-बड़े दिखावे और दावे किए जाते हैं वहीं दूसरी ओर धरातल स्तर पर स्थिति कुछ विपरीत नजर आ रही है। यहां सुबह आठ बजे मरीज पहुंचने शुरू हो गए। लेकिन 10~30 बजे तक डॉक्टर और फार्मासिस्ट नदारद रहे। इस दौरान 2 घंटे तक मरीज बाहर ठंड में ठिठुरते हुए देखे गए। बाहर खड़े बुजुर्ग मरीज रहमत से जब बातचीत की गई तब उनका कहना था कि मैं जल्दी आ गया था 2 घंटे हो गए हैं लेकिन अभी तक कोई डॉक्टर नहीं है इसलिए मैं प्राइवेट डाक्टर को दिखाने जा रहा हूं। इसी तरह एक दो और महिला मरीज को भटकते हुए देखा गया। 10:30 के बाद अस्पताल के कमरों में विधिवत काम शुरू हो सका। सूत्र बताते हैं यह हाल एक दिन का नहीं है अक्सर यही स्थिति रहती है। बाहर धूप में कुर्सी छोड़कर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी गहरी नींद लेते भी देखे गए। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक और जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक कुमार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का दावा करते हैं तो दूसरी ओर स्थिति बिलकुल विपरीत है। यह हाल तहसील के स्वास्थ्य केंद्र का है। ग्रामीण अंचलों के स्वास्थ्य केन्द्रों का क्या नजारा होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

# पूरनपुर गन्ना कालेज के प्राचार्य ने परीक्षा का जायजा लिया



- गन्ना कालेज में पहली पाली में एक छात्र रहा अनुपस्थित
- बीए, बीकाम फर्स्ट, थर्ड और फिफ्थ सेमेस्टर की शुरू हुई परीक्षाएं

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार से बीए, बीकॉम प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। पहले दिन प्रथम पाली में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। जबकि द्वितीय व तृतीय पाली में पंजीकृत सभी परीक्षार्थी शामिल हुए। कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा ने परीक्षा कक्षों में पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की स्नातक फर्स्ट, थर्ड व फिफ्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। गन्ना कालेज को इस बार भी स्वामी एजुकेशनल महाविद्यालय, साई गर्ल्स और लक्ष्यद डिग्री कालेज का पेपर वितरण का नोडल केंद्र बनाया गया है। बुधवार को पहले दिन प्रथम पाली में सुबह साढ़े आठ से साढ़े दस में 17 बच्चों का पेपर था। इनमें 16 उपस्थित हुए। जबकि दूसरी पाली साढ़े 11 से दोपहर डेढ़ बजे और तृतीय पाली दोपहर ढाई से शाम साढ़े चार बजे में सभी पंजीकृत शामिल हुए। उन्होंने बताया कि परीक्षा नकल विहीन कराई जा रही है। परीक्षा कक्षों में जाकर निरीक्षण किया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई हेतु शव को सील कर जिला मुख्यालय भेज दिया है।

जनपद के थाना बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव भरकनिया निवासी श्यामा चरण पुत्र अनोखेलाल बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर बाइक द्वारा अपने घर वापस आ रहा था। वह जैसे ही गुलैंदा चौराहे के निकट पहुंचा वैसे ही विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने युवक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई हेतु शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। युवक की मौत के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है तो वहीं गांव में भी सन्नाटा पसर गया है।

# दरिंदे को मिली ऐसी सज़ा 20 वर्ष तक तोड़ेगा जेल की रोटी

- किशोरी के बलात्कारी को 20 वर्ष की कैद, 75000 का लगा जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने 10 वर्ष पूर्व कक्षा 8 की छात्रा से बलात्कार करने के आरोपी युवक को 20 वर्ष के कारावास व 75000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार खुटहन थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने डीआईजी वाराणसी को प्रार्थना पत्र दिया कि वह जाति का चमार व कमजोर व्यक्ति है। उसके गांव का निवासी अरमान शाह जो दबंग किस्म का व्यक्ति है, वह विदेश में भी लड़कियों की सप्लाई करता है। वह एक वर्ष पूर्व उसकी पुत्री को नशीला पदार्थ खिलाकर उसका अपहरण कर लिया था। तब पुलिस के हस्तक्षेप के बाद तीसरे दिन उसकी लड़की मिली थी। उसने धमकी दिया था कि वह फिर जब चाहेगा उसकी लड़की को उठा ले जाएगा। उसको शक है कि उसकी 14 वर्षीय कक्षा 8 की पुत्री, को 8 फरवरी 2014 को अरमान शाह अपहरण कर लिया होगा और उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या कर दिया होगा अथवा उसे कहीं विदेश में बेच दिया होगा। डीआईजी के आदेश पर खुटहन थाने में लड़की के अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ। 10 दिन बाद लड़की बरामद हुई। उसने बयान दिया की 8 फरवरी 2014 को उसकी मां ने खेत में घास लेने के लिए बुलाया था वह जा रही थी। तभी अरमान और घनश्याम उसका मुंह दबाकर खेत में उठा ले गए और उसके साथ दोनों ने बलात्कार किया। फिर उसे नशीला सेब खिला दिए जिससे वह नशे में हो गई। अरमान उसे गौस बड़ी मस्जिद के पास ले गया जहां दो अपरिचित लोगों को सौंप दिया। वे दोनों लोग उसे लखनऊ ले गये, फिर वहां से पंजाब लेकर चले गए। जहां उसके साथ कई दिनों तक लगातार दोनों ने बलात्कार किया। वह पंजाब से भाग गई। तब उसे विनोद मिला जिसके परिवार ने उसका सहयोग किया और नाबालिग किशोरी के पिता को सूचना देकर बुलाया। किशोरी ने बताया कि वह विनोद के साले दीपक श्रीवास्तव से अपने व परिवार की मर्जी से शादी कर ली थी और पति-पत्नी की तरह रह रही थी। शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने दलित किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद अरमान को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 75000 अर्थदंड से दंडित किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान घनश्याम की मृत्यु हो जाने से उसके खिलाफ मुकदमा समाप्त कर दिया गया।

# दो माह में बजरी के ढेर में बदल गई सड़क, विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

- निर्माणदाई संस्था को नोटिस देकर एक सप्ताह में सड़क मरम्मत के निर्देश
- 2 दिसंबर को ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से की थी मामले की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



**पूरनपुर।** लाखों रुपए की लागत से बनाई गई सड़क महज दो माह में उखड़ गई। विरोध में एकत्र हुए ग्रामीणों ने नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। एक्सईएन की ओर से निर्माणदाई संस्था को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मनहरिया से चंदुईया लिंक मार्ग तक 1.7 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य दो माह पूर्व जिला पंचायत की ओर से कराया गया था।निर्माण कार्य की जिम्मेदारी एन.एस रोड लाइन कार्यदाई संस्था को सौंपी गई थी। सड़क सड़क निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया गया।मनमाने तरह से बनाई गई सड़क महज दो माह में पूरी तरह उखड़ गई। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए। दो दिसंबर को ग्राम प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों जिला पंचायत अध्यक्ष को पत्र देकर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। बुधवार एकत्र हुए दर्जनों ग्रामीणों ने लाखों रुपए की लागत से बनाई गई सड़क फावड़े से एकत्र कर बजरी के ढेर लगा दिए।फावड़ा और हाथ से सड़क की बजरी एकत्र कर रहे ग्रामीणों का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ।ठेकेदार की मनमानी के विरोध में गुस्साएं ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क निर्माण में जमकर अनियमितताएं बरती गई। परिणाम स्वरूप सड़क जगह-जगह टूट गई है।जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में कुलवंत सिंह, मंजीत सिंह,अवतार सिंह,मुनेन्द्र सिंह,गुरमुख सिंह, अमरजीत सिंह, नरेंद्र सिंह,हरनेक सिंह, परमजीत सिंह, गुरमेल सिंह,आदि ग्रामीण शामिल रहे।

मामला संज्ञान में आया है। बरसात का पानी निकलने की वजह से सड़क की बजरी उखड़ गई थी।कार्यदाई संस्था को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं।
**-हरमीक सिंह**
**अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत**



# केराकत में सिर कुचलकर युवक की बेरहमी से हत्या

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी पुलिस चौकी से कुछ दूर पर बाजार के समीप एक युवक की सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस को रात में ही युवक की बाइक सड़क के किनारे मिली थी। पुलिस बाइक को लावारिस समझकर उठा ले गई और सुबह पता चला कि उसी जगह सड़क के किनारे एक युवक की हत्या की गई है। हत्या की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और शव को कब्जे में लेकर हत्यारों की तलाश में जुट गई। सुबह पता चला कि मृतक थानागद्दी निवासी असलम है और वह मोबाइल पर किसी का फोन आने के बाद रात करीब 8 बजे घर से निकल था। मृतक युवक असलम का पराऊगंज बाजार में चूड़ी का होलसेल दुकान है। असलम दुकान बंद करके जैसे ही घर पहुंचा था कि कुछ देर बाद उसके मोबाइल फोन पर किसी का फोन आया और वह बाइक से घर से निकल गया था और रात भर घर नहीं पहुंचा परिजन खोजबीन में लगें रहें सुबह पता चला कि पुलिस को कोई अज्ञात हो शव मिली है।

# कोर्ट के आदेश पर 20 दिसंबर को होगी पुनर्मतगणना

**जन एक्सप्रेस । विपिन तिवारी**

- जिला पंचायत सदस्य के वार्ड नंबर 8 के सभी प्रत्याशियों को भेजा गया पत्र
- शाहगंज ब्लाक के सोंधी कार्यालय में पुनर्मतगणना तैयारी शुरू

**जौनपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2021 में हुए जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में वार्ड संख्या 8 के प्रत्याशियों की 20 दिसंबर को पुनर्मतगणना होगी। इसकी सूचना सभी 13 प्रत्याशियों को पत्र के माध्यम दे दी गई है। पुनर्मतगणना सोंधी ब्लाक कार्यालय सभागार में होगी। वर्ष 2021 के जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में वार्ड संख्या आठ से शोले राजभर निर्वाचित घोषित हुए थे। मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए पाराकमाल गांव निवासी प्रत्याशी मौलाना मतिउद्दीन ने न्यायालय में याचिका दाखिल किया था। इस मामले में अपर जिला जज चतुर्थ न्यायालय से निष्पक्ष और पारदर्शिता पूर्ण तरीके से पुनः न्याय पंचायत पाराकमाल के 25 बूथों की मतगणना का आदेश पारित किया है। जिसमें पाराकमाल, हाजी रफीपुर, अरंद, अशरफपुर उसराहटा, आर्यनगर कला,डांडसौली, सैद गोरारी ग्राम सभा शामिल हैं। बीडीओ शाहगंज जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 20 दिसम्बर को पारा न्याय पंचायत की पुनः मतगणना ब्लॉक मुख्यालय के मीटिंग हाल में होगी। उक्त वार्ड के 13 प्रत्याशियों को सूचना भेजी जा रही है। 20 दिसम्बर को 25 मतदान स्थलों की पुनर्मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी। इसके लिए पांच मतगणना टेबल लगाए जाएंगे।प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक, तीन गणना सहायक नियुक्त रहेंगे। मतगणना पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पुनर्मतगणना उपजिलाधिकारी बदलापुर सन्तबीर सिंह और तहसीलदार शाहगंज आशीष कुमार सिंह की मौजूदगी में संपन्न होगी।

# शॉर्ट सर्किट से इन्वर्टर बैटरी की दुकान में लगी आग, 8 लाख का सामान जलकर राख

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**मुंगराबादशाहपुर।** प्रतापगढ़ रोड भगत सिंह मुहल्ले में बैटरी व इन्वर्टर की दुकान में बुधवार की अलसुबह शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई।आग में नगदी समेत लाखों रुपए की बैट्री इंवर्टर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया।आसपास के लोगों ने घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। थाना क्षेत्र के गांव सटवां निवासी कुलदीप सिंह (लकी) की प्रतापगढ़ रोड भगत सिंह मुहल्ले में कुलदीप इंटरप्राइजेज के नाम से बैटरी, इनवर्टर, बाइक बैट्री,सोलर पैनल एवं इलेक्ट्रिकल सामान की दुकान है।वह रात में करीब आठ बजे दुकान बंद करके घर सटवां चले गए। सुबह चार बजे भोर में पड़ोसियों ने दुकान से



धुआं उठता देख तुरंत दुकानदार कुलदीप सिंह को फोन पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे कुलदीप सिंह ने जैसे ही दुकान का शटर खोला आग की लपटें पूरे दुकान में फैल चुकी थी। दुकान में भीषण आग को देखकर आसपास के लोगों ने अपने-अपने घरों से बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए।घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग में काबू पाया जा सका। दूकान मालिक के मुताबिक आग में बारह हजार रुपाए नगदी समेत आठ लाख रुपए की बैटरी, इनवर्टर समेत दुकान में रखा अन्य कीमती सामान जल खाक हो गया।दुकान में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा का कहना है कि आग लगने की सूचना पर पुलिस पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटी रही। प्रथम दृष्ट्या आग लगने की वजह शार्ट सर्किट लग रही है।

# जिला स्तरीय खेलकूद में बच्चों ने हुनर व जज्बा दिखा जीती प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय 46वीं जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चो ने अपना हुनर व जज़्बा दिखाया और प्रतियोगिता जीती। बी0आर0पी0 इन्टर कालेज के मैदान पर बुधवार को दूसरे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक मड़ियाहूं डा0 आर के पटेल रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने मुख्य अतिथि विधायक जी और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अपना दल पप्पू माली को बुके व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक डा0 आर के पटेल ने कहा कि खेल ही है जहां हार को सहज भाव से और जीत को पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार किया जाता है। खेलों में अपनी मेहनत के दम पर भविष्य संवारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता से आने वाली पीढ़ी को खेलो में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनमें देश के लिए कुछ करने का जज्बा भी पैदा होगा। पूरी आयोजन समिति बधाई की पात्र है। प्रतियोगिता में तहसील स्तर से चयनित होकर आए जूनियर व प्राथमिक स्कूलों के बालक बालिकाओं की अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुई। जिसमे दौड़ प्रतियोगिता में जूनियर स्तर बालक वर्ग 600 मीटर मे शाहगंज तहसील प्रथम, सदर तहसील द्वितीय, मड़ियाहू तहसील तृतीय व 400 मीटर मे मड़ियाहू, प्रथम, शाहगंज द्वितीय, मछ्लीशहर तृतीय व 200 मीटर मे मछ्लीशहर प्रथम, शाहगंज द्वितीय, मड़ियाहू तृतीय व 100 मीटर मे मड़ियाहू प्रथम, शाहगंज द्वितीय, सदर तृतीय स्थान पर रहे। दौड़ जूनियर बालिका वर्ग 600 व 400 मीटर में क्रमशः मड़ियाहू, शाहगंज, सदर व 200 मीटर मे सदर, बदलापुर, मड़ियाहू व 100 मीटर मे बदलापुर, मछ्लीशहर, केराकत क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय रहे। दौड़ प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 400 व 200 100 मीटर मे क्रमशः केराकत, शाहगंज, मड़ियाहू, व 50 मीटर मे बदलापुर, मछ्लीशहर, सदर क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय रहे। प्राथमिक बालिका वर्ग दौड़ 400 मीटर मे क्रमशः शाहगंज, मछ्लीशहर, मड़ियाहू, व 200 मीटर मे केराकत, शाहगंज, मड़ियाहू व 100 मीटर में मछ्लीशहर, बदलापुर, मड़ियाहू व 50 मीटर मे मड़ियाहू, मछ्लीशहर, बदलापुर क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो प्राथमिक बालिका वर्ग मे शाहगंज प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय, व खो खो जूनियर बालक वर्ग में मड़ियाहू प्रथम, मछ्लीशहर द्वितीय व बालिका वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, शाहगंज द्वितीय। कबड्डी प्राथमिक बालिका वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, शाहगंज द्वितीय व कबड्डी जूनियर बालक वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, बदलापुर द्वितीय व बालिका वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, सदर द्वितीय रहे। समूह गान जूनियर स्तर मे शाहगंज प्रथम, बदलापुर द्वितीय, सदर तृतीय व लोक नृत्य जूनियर स्तर में शाहगंज प्रथम, बदलापुर द्वितीय, मछ्लीशहर तृतीय व अन्ताक्षरी मे मछ्लीशहर प्रथम, शाहगंज द्वितीय व पीटी एवं विशेष प्रदर्शन में महाराजगंज प्रथम, केराकत द्वितीय, मड़ियाहू तृतीय। बैडमिंटन जूनियर बालिका वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, सदर द्वितीय व बालक वर्ग मे मड़ियाहू एकल व युगल दोनो मे प्रथम रहे। योगा मे मड़ियाहू प्रथम व सदर द्वितीय रहे। वालीवाल बालक में बदलापुर प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय व बालिका वर्ग मे बदलापुर प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय रहे। लम्बी कूद जूनियर बालक वर्ग में शाहगंज प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय, केराकत तृतीय व लम्बी कूद जूनियर बालिका वर्ग सदर प्रथम, मछ्लीशहर द्वितीय, मड़ियाहू तृतीय व ऊंची कूद जूनियर बालक व बालिका वर्ग मे सदर प्रथम, शाहगंज द्वितीय व गोला फेंक जूनियर बालक वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, शाहगंज द्वितीय, मछ्लीशहर तृतीय व गोला फेंक बालिका वर्ग मे शाहगंज प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय, सदर तृतीय। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग मे सदर प्रथम, केराकत द्वितीय, मड़ियाहू तृतीय व डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग मे शाहगंज प्रथम, सदर द्वितीय, केराकत तृतीय स्थान पर रहे। जिन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। प्राथमिक विधालय पुलिस लाइन के बच्चों ने देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने सफल आयोजन के लिए समस्त समितियो सहित सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन बीईओ रमेश चन्द्र पटेल, प्रीति श्रीवास्तव, नुपुर श्रीवास्तव, सै0 मो0 मुस्तफा व शैलेश चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी संघ अध्यक्ष बसन्त कुमार शुक्ल, बीईओ नीरज श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, सभी जिला समन्व्यक, प्राथमिक शिक्षक संघो के जिलाध्यक्ष सहित जिला व ब्लाक स्तर के पदाधिकारी, एस आर जी, जिला व्यायाम शिक्षक रवि चन्द्र यादव व राकेश यादव, विन्ध्वासनि उपाध्याय, राजू सिंह, डा संतोष तिवारी, शिवांश तिवारी आदि सहित शिक्षक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# 60 लाख कीमत की अवैध स्मैक व 23 लाख 72 हजार रुपये के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



थाना रामसनेहीघाट के प्रभारी निरीक्षक ने स्वाट टीम और सर्विलांस टीम के साथ में संयुक्त रुप से छापा मार करके बुधवार सुबह आधा दर्जन शातिर तस्करों को 600 ग्राम अवैध स्मैक और 23 लाख 72 हजार रुपये नकद के साथ पांच मोबाइल फोन भी बरामद किये। प्रभारी निरीक्षक ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर सभी तस्करों को जेल भेज दिया। पकड़े गये तस्करों में दो तस्कर जनपद बस्ती के निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परिसर में प्रेसवार्ता का आयोजन कर पत्रकारों को गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होने पुलिस टीम को बधाई के साथ पुरस्कृत भी किया। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह प्रभारी निरीक्षक रामसनेहीघाट ओम प्रकाष तिवारी, स्वाट टीम प्रभारी अजय सिंह और सर्विलांस टीम प्रभारी बृजेष कुमार यादव संयुक्त रुप से कोटवा सड़क कस्बे में छापा मारा और कोटवा सड़क निवासी शातिर तस्कर शुभम पाठक पुत्र स्व. सत्य प्रकाष पाठक यहीं के निवासी आषीष पुत्र रामफेर रावत, धर्मराज पुत्र अषोक, दुर्गेष रावत पुत्र बाबूलाल के साथ में जनपद बस्ती के थाना हरैया व कस्बा निवासी विनोद कुमार पुत्र जग्गी प्रसाद व यहीं के निवासी जीत बहादुर पुत्र सेवालाल को धर दबोचा। पुलिस ने इन लोगों के पास से 600 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 60 लाख रुपये बतायी गयी है। तलाषी के दौरान पुलिस को 23 लाख 72 हजार रुपये नकद व 12300 रुपये के सिक्कों के साथ में पांच मोबाइल फोन भी बरामद किये। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य अभियुक्त शुभम पाठक ने अपने स्व. पिता के साथ में मादक पदार्थों की तस्करी का काम शुरु किया था। शुभम के पिता थाना रामसनेहीघाट के हिस्ट्रीषीटर बदमाषों में थे उनकी मौत के बाद शुभम पाठक ने तस्करी का धंधा अपने हाथों में ले लिया था। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि शातिर तस्कर शुभम जनपद अयोध्या, अम्बेडकर नगर व थाना रामसनेहीघाट से मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में कई बार जेल जा चुका है। उन्होने आगे बताया कि शुभम अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर तस्करी का काम करता था और आस पास के जनपदों में मादक पदार्थों की बिक्री करता था। इतना ही नही घर पर भी मादक पदार्थ का सेवन करने वाले लोगों को फुटकर मादक पदार्थों को बेचता था। घर पर शुभम अकेले रहता था साथ ही में उसकी मां और पत्नी जनपद लखनऊ में कहीं अलग रहती है। उन्होने बताया कि तकरोही में एक मकान भी है जिसको शुभम ने किराये पर उठा रखा है। मादक पदार्थों से अर्जित पैसो से उसने एक ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय भी कर रखा है। श्री सिंह ने आगे बताया कि शुभम उधार के रुप में स्मैक खरीदता था और बिक्री के बाद ही सारा पैसा देता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बरामद रकम देने के लिए रखी थी।

### चौकी इंचार्ज सहित तीन पुलिस कर्मी निलम्बित

पुलिस अधीक्षक ने हथौंधा चौकी इंचार्ज शषिकांत सिंह व दो क्षेत्रीय पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली प्रभारी रामसनेहीघाट के विरुद्ध भी विभागीय जांच के निर्देष दिए हैं। एसपी की इस कार्यवाही के बाद से पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मच गया है।

### बस्ती के विनोद के विरुद्ध हैं 16 मुकदमें

पकड़े गये शातिर तस्कर शुभम के विरुद्ध थाना रामसनेहीघाट जनपद अम्बेडकर नगर के थाना जैदपुर, जनपद अयोध्या के थाना कैंट में चार मुकदमें पंजीकृत हैं। वहीं जनपद बस्ती के थाना व कस्बा हरैया निवासी विनोद पुत्र जग्गी के विरुद्ध 16 मुकदमें पंजीकृत हैं। जिसमें अधिकांष मुकदमें एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित हैं वहीं कुछ मुकदमें आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत हैं। वहीं कोटवा सड़क निवासी दुर्गेष रावत के विरुद्ध कोतवाली रामसनेहीघाट में कुल पांच मुकदमें पंजीकृत हैं जिसमें चार मुकदमें एनडीपीएस एक्ट के तहत सम्बन्धित हैं। हरैया निवासी जीत बहादुर के विरुद्ध भी थाना हरैया में दो मुकदमें पंजीकृत हैं।

## मासूम पर गिरा खौलता गर्म दूध, झुलसा, रेफर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के एक वार्ड में खेलते समय घर की रसोई में रखा खौलता दूध अचानक मासूम बालक के ऊपर गिरने से वह गम्भीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में परिजनों ने उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर उसकी हालत को गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के मोहल्ला मोहारी गांव की है। जहां पर स्थानीय निवासी आरिफ का 3 वर्षीय पुत्र अदनान बुधवार की दोपहर घर में खेल रहा था। खेलते खेलते बालक रसोई में जा पहुंचा। जहां पर एक बर्तन में गर्म दूध उबल रहा था। जिसपे मासूम का हाथ अचानक लगने से दूध से भरा बर्तन उसी के ऊपर गिर गया। खौलता दूध मासूम पर गिरते ही मासूम की चीख निकल गई। चीख पुकार सुनते ही घर के बाहर मौजूद परिजन जब अन्दर पहुंचे तो देखा बच्चा गंभीर रूप से झुलसकर अचेत हो गया था। मासूम की हालत को देखते ही आनंन-फानन में निजी वाहन द्वारा सीएचसी फतेहपुर पहुंचे जहां पर मौजूद डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया।



## कष्यप समाज ने कराया 25 जोड़ो का विवाह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

समाज में दहेज एक जहर जैसी बीमारी है जिससे गरीब निर्धन एक लाचार पिता अपनी पुत्री की शादी की चिंता को लेकर काफी परेशान रहता है। दहेज लोभी मानसिकता को देखते हुए कश्यप समाज पिछड़ा एकीकरण मंच के अध्यक्ष राजेश कश्यप बीते 6 वर्षों से गरीब कन्याओं की शादी करवा रहे हैं। इस बार 25 जोड़े गरीब कन्याओं की शादी आडिटोरियम राजकीय इंटर कॉलेज में बड़े ही धूमधाम सम्पन्न हुई। जिसमें गाजे-बाजे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकियां निकाली गई जिसने सभी का मन मोह लिया। कश्यप समाज पिछड़ा एकीकरण मंच की ओर से शादी सम्पन्न होने के उपरान्त वर-वधू को अलमारी बक्सा, बर्तन, डिनर सेट, बिछिया बैग कपड़े इत्यादि उपहार स्वरूप भेट किया। शादी-समारोह में हजारों की संख्या में आए बरातियों एवं जनातियों को भोजन कराके विदा किया। इस अवसर पर राकेश कुमार वर्मा, संतोष कश्यप, कशिश सिंह राखी, विकास सोनी, अनुपम बाथम, दिनेश वर्मा, संदीप वर्मा, अजय तिवारी, नंदकिशोर बाथम, अचल रस्तोगी, शैलेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कनक हॉस्पिटल विवाद: स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही या दबंगई का नतीजा



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरीपुरा स्थित गल्ला मंडी में कनक हॉस्पिटल एक बार फिर सुर्खियों में है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गंभीर लापरवाही और संचालक मुकेश दुबे की हठधर्मिता के चलते यह मामला सामने आया है। अस्पताल को हाल ही में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बंद किया गया था, लेकिन संचालक ने ताला तोड़कर इसे अवैध रूप से फिर शुरू कर दिया। 7 दिसंबर को, गलत इंजेक्शन लगाने से एक मासूम लड़की की मौत के बाद एसीएमओ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं बिल्हौर अधीक्षक डॉक्टर दिलीप कटियार द्वारा कनक हॉस्पिटल को बंद कर दिया गया था। और तीन दिनों में अस्पताल संचालक को पक्ष रखने की बात कही गई थी इसके बावजूद, अस्पताल बिना किसी वैध अनुमति के संचालित हो रहा है।अस्पताल के संचालक मुकेश दुबे, जो पहले से ही कई विवादों में घिरे हुए हैं, कानून और स्वास्थ्य विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अस्पताल को पुनः चालू कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी इस डॉक्टर पर गलत इलाज से कई लोगों की मौत के आरोप लग चुके हैं, लेकिन हर बार उचित कार्रवाई न होने के कारण मामला दबा दिया गया।इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं-क्या ताला बंद करने के बाद भी अस्पताल को फिर से खुलने देना स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही नहीं है बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बावजूद विभाग कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठा रहा है।क्या मासूम जनता की जान इतनी सस्ती हो गई है कि दबंगई के आगे नियम-कानून बेमानी लगने लगे।स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की इस उदासीनता ने कनक हॉस्पिटल को खुलेआम जनमानस के जीवन से खिलवाड़ करने की छूट दे दी है।जब इस मामले में अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं।यह घटना न केवल स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली बल्कि शासन और प्रशासन की प्रतिबद्धता पर भी सवाल खड़े करती है। पीड़ित परिवार और स्थानीय नागरिकों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि दबंग संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाए और इस तरह के अवैध अस्पतालों को बंद किया जाए ताकि भविष्य में किसी मासूम की जान न जाए।यह मामला प्रशासन और जनता दोनों के लिए एक चेतावनी है- यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही भविष्य में और भी बड़े हादसों को जन्म दे सकती है। कनक हॉस्पिटल संचालक लगभग ढाई लाख रुपए अस्पताल के दलालों पर लुटा चुका है लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस रही और और पुनः अस्पताल चालू करा दिया।

# अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य मंत्री सतीश शर्मा से मिला, निस्तारण की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



**फतेहपुर।** तहसील परिसर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के प्रस्तावित स्थानान्तरण को रोकने के लिए अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने खाद् एवं रसद विभाग मंत्री सतीश शर्मा, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत व प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह अटल से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपे। इस दौरान अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन बदस्तूर 18वें दिन भी जारी रहा।

मालुम हो बार एसोसिएशन के वकीलों, स्टाम्प वेन्डर, मुंशी, दस्तावेज नवीस पुरानी तहसील से रजिस्ट्री कार्यालय प्रस्तावित स्थानान्तरण स्थल पर किये जाने का पुरजोर विरोध कर रहे है। और उनके द्वारा पुराने कचेहरी में कार्यालय बनाये जाने की मांग की जा रही है। जिसको लेकर लगातार अधिवक्ताओं द्वारा अपने चैम्बर बन्द करके कलमबन्द हडताल कर उपनिबन्धक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस आंदोलन के क्रम में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद विभाग के मंत्री सतीश शर्मा से भेंटकर मांगपत्र सौंपा, और उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत के घर जाकर मांगपत्र सौंपा और हैदरगढ विधायक दिनेश रावत से मुलाकात की, और मांग को जनहित में पूरा किये जाने की गुजारिश की। इसी क्रम में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश के महाधिवक्ता प्रशान्त सिंह अटल से मिलकर मांगपत्र देते हुए पुरानी कचेहरी में ही निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की है। प्रतिनिधि मण्डल में श्रवण कुमार वर्मा, शीलरत्न मिहिर, राजीव नयन तिवारी, इन्द्रेश शुक्ला, प्रेमचन्द्र पाल, गणेश शंकर मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव, के के मिश्रा, सतीश वर्मा शामिल थे। धरना स्थल पर हरिनाम सिंह वर्मा, मदन मोहन मिश्रा, अलीउद्दीन शेख, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, संजय सिंह, राजेश सिंह, नफीस अहमद, नियाज वारिस, अनीक अहमद सिद्दीकी, आदि मौजूद रहे।

### ये रहे मौजूद

अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन के दौरान एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा ने बार संघ से वार्ता की। इस दौरान उपनिबन्धक अवधेश मिश्रा भी मौजूद थे। वार्ता बेनतीजा रही। वार्ता के दौरान अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम, महामंत्री संजय सिंह नम्बरदार, ओमप्रकाश यादव, प्रिंस वर्मा, रामऔतार गौतम, रमेशचन्द्र रावत, अनीत रावत मौजूद थे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### भारतीय किसान यूनियन टोल प्लाजा से तहसील प्रांगण पहुंचकर देंगे ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरीपूरा में लगातार भारतीय किसान यूनियन माहत्मा टिकैट संगठन द्वारा अपनी मांगों को लेकर समय-समय पर संगठन द्वारा ज्ञापन दिया जाता है जिसको लेकर कानपुर जिला अध्यक्ष अनंत अवस्थी की अगुवाई में किसानों के संघर्ष एवं उचित मांगों को लेकर 12 दिसंबर दिन बृहस्पतिवार को शिवराजपुर टोल प्लाजा से शांतिपूर्वक संगठन के किसान सदस्य एकत्रित होकर बिल्हौर तहसील प्रांगण पहुंचकर कई मांगों को लेकर 200 सौ से 250 सौ किसानों की उपस्थिति में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैट के संगठन द्वारा बिल्हौर उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा को ज्ञापन देंगे जिसकी जानकारी अनंत अवस्थी जिला अध्यक्ष एवं जागेलाल संजीव सविता सुनील कुमार ललित कुमार ने दी।

### उतरीपूरा पुलिस गस्त के दौरान तमंचे के साथ युवक को पकड़ा



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरीपूरा पुलिस की सक्रियता के चलते क्षेत्र में गशत के दौरान एक युवक सड़क के किनारे खडा था पुलिस को देखकर भागने की फिराक में था पुलिस ने दौड़कर उसको दबोच लिया और पूछताक्ष में उसने अपना नाम शनि उर्फ रजत पुत्र स्व सुंदर निवासी ग्राम खजुरिया निवादा नदिया रोड रामबक्स पुर्वा के पास देसी तमंचा वह एक जिंदा कारतूस लेकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा था है । उत्तरी पूरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार व उपनिरीक्षक सतबीर सिंह गौतम, रवि, दीवान ने घेराबंदी करते हुए युवक शनि उर्फ रजत को तमंचे के साथ पकड़ लिया जिसके बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **06–01–2025** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 14202024 दिनांक 10.12.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 26/ Sr.DEN-I/LKO/2024-25, 27/ Sr.DEN-I/LKO/2024-25, |
| 3 | कार्य का नाम | 1. लखनऊः सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/चारबाग के खण्ड में डीआरएम कार्यालय हजरतगंज में विभाजन आदि के साथ फॉल्स सीलिंग वर्क स्टेशन प्रदान करके एसआर. डीईई/जी कार्यालय के पीछे विद्युत/टीआरडी अनुभाग की छत को कवर और नवीकरण प्रदान करके टीपीसी नियंत्रण की टपकती छत की भारी मरम्मत। 2. लखनऊः सहायक मण्डल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता/कार्य/लखनऊ के खण्ड में सर्विस बिल्डिंग जैसे कि आलमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशन, सहायक मण्डल इंजीनियर कार्यालय, वरि० खण्ड अभियन्ता/रेलपथ कार्यालयों और स्टोर की मरम्मत और कर्मचारी क्वार्टरों का प्लास्टर, रंगाई पुताई, पेंटिंग, पानी की आपूर्ति, सेनेटरी फिटिंग एवं दरवाजे आदि की मरम्मत। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 43,74,653.92 2. Rs. 76,94,502.30 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 87,500.00 2. Rs. 1,53,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र० सं० 01 एवं 02 के लिये: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 23–12–2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06–01–2025 15:00 बजे |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3805/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# तेज रफ्तार कार का कहर साइकिल सवार को मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर थाना क्षेत्र के अकाउंट रोड पर रहमतपुर गांव के सामने युवक अपने घर जा रहा था गांव से पहले ही का कौन की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार करने टक्कर मार दी जिससे साइकिल सहित उछलकर दूर जा गिरा गाली मत रही कि वह साइकिल को पकड़े रहा जिससे वह बच गया गंभीर रूप से घायल जरूर हुआ प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक कर तेजी से भागता हुआ का कौन रोड रेलवे फाटक की तरफ पहुंच ही था कि वहां फाटक बंद मिला तो दाहिनी तरफ वह बस गड़ा लाल को पार करता हुआ कारंजा द्वारा सरकारी अस्पताल के पास से बीबीपुर क्रॉसिंग से जान निकल और पीड़ित के परिवरीजन मोटरसाइकिल से उसका पीछा करते रह गए अस्पताल पहुंचकर परिजनों ने भर्ती कराया मौके पर मौजूद डॉक्टर सोमेश ने बताया पैर गाठ में और कमर में गंभीर चोट है लेकिन खतरे से बाहर है घायल साइकिल सवार शिवा 15 वर्षीय पुत्र सुनील निवासी रहमतपुर ककवन रोड बिल्हौर को परिवारियन अस्पताल में इलाज करा रहे थे बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि कोई प्रार्थना पत्र या शिकायत थाने नहीं पहुंची है आने पर कार्रवाई कीजाएगी।



## लोक अदालत का प्रचार करने निकले न्यायिक अफसरों ने कहा साइकिल खूब चलाएं

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से न्यायिक अफसरों ने साइकिल रैली निकाली। इसके माध्यम से उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर लोगों को जागरूक किया और स्वच्छ पर्यावरण व बेहतर स्वास्थ्य का संदेश भी दिया। इस साइकिल रैली में छात्र भी शामिल हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को विशेष साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला जज चंद्रोदय कुमार, एडीजे फर्स्ट लोकेश वरुण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल, एडीजे नंद कुमार, एडीजे इंद्रजीत सिंह, स्पेशल पाक्सो जज अलका यादव, सीजेएम मिलिंद कुमार, चीफ डिफेंस काउंसिल श्वेतांक अरुण तिवारी, दीपक श्रीवास्तव और मो.सैफ समेत कई न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता समेत लाला श्यामलाल इंटर कॉलेज के छात्र भी रैली में शामिल हुए।

### समय और रुपए की होगी बचत

ये रैली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से शुरू होकर बोर्डिंग ग्राउंड तक पहुंची। यहां से दूसरे रास्ते से होते रैली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट पहुंची और फिर समापन किया गया। रैली के दौरान जिला जज ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि ये पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी सहायक है। हमें साइकिल का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 14 दिसम्बर को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में लोक अदालत का आयोजन होगा। यहां विवादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाता है। इससे न्याय व्यवस्था में तेजी आएगी और लोगों का समय व धन भी बचेगा।

# ग्राम पंचायत बलनापुर के विकास में लाखों की गड़बड़, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी करेंगे जांच

- ग्रामीणों ने शिकायत अधिकारियों व समाज कल्याण मंत्री से की है डीएम ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलनापुर में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने शिकायत अधिकारियों व समाज कल्याण मंत्री से की है। डीएम ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। वित्तीय वर्ष 2021 से 2024 तक किए गए कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाकर गांव के सत्यराम, तेजराम, रामप्रताप, यशपाल, बाबूराम, रामनाथ, अरविंद, मुनीष, नीरज, राधेश्याम, सनोज, रवि कुमार, उमेश, हरिश्चंद्र, वीरेश कुमार आदि ने उच्चाधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई। साथ ही शपथ पत्र और साक्ष्य में फोटो भी दिए। समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र (प्रभार) असीम अरुण ने भी जांच कराने के लिए पत्र लिखा। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय और आरईडी के जेई संतोष कुमार को जांच की जिम्मेदारी दी है।

### इन मामलों की हुई शिकायत

शिकायती पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2023 में ग्राम पंचायत के निवासी ओमकार, मुजीब, सुघर सिंह, प्राइमरी स्कूल अलियापुर, सुभाष यादव, संतोष यादव, पप्पू व प्रेमचंद्र के दरवाजे हैंडपंप रिबोर के नाम पर 42-42 हजार रुपये निकाले गए लेकिन मौके पर कोई भी हैंडपंप रिबोर नहीं कराया गया। इसके अलावा हैंडपंप सुधार के नाम पर भी लाखों रुपये पार किए गए।

### पुलिस निगरानी में देखे जाएंगे अभिलेख

बताया गया है कि निलंबित ग्राम पंचायत अधिकारी संध्या यादव तथा शिकायतकर्ताओं को बलनापुर के आंगनबाड़ी केंद्र में 17 दिसंबर को बुलाया है। यहां जांच अधिकारी पहुंचेंगे और अभिलेखों की बारीकियां परखेंगे। साथ ही ठठिया पुलिस को भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पत्र लिखा गया है।

### इनमें भी हुई खूब लूट-खसोट

मजदूरी व साफ-सफाई के नाम पर भी खूब बजट का बंदरबांट हुआ। अन्य खर्चा, प्रशासनिक व्यय, खेलकूद किट के नाम पर रुपये निकाले गए। दिव्यांग शौचालय सही नहीं बना। करीब पौने तीन लाख रुपये सामुदायिक शौचालय के नाम से निकाला गया। पंचायत घर में घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग की गई यहां की दीवारें टूटी हैं। विद्यालय के विकास कार्य में टायल्स, चाहरदीवारी, मरम्मत में घटिया निर्माण हुआ है।

### प्रधान के परिवार के दो जगह हैं वोट

आरोप है कि प्रधान के परिवार के दो ग्राम सभाओं में वोट हैं। इसमें ठठिया व बलनापुर शामिल हैं। इनकी वोटर लिस्ट भी दी गई है। आरोपी सचिव इससे पहले भी दो-तीन बार कई आरोपों में निलंबित हो चुकीं हैं। शिकायतकर्ताओं ने प्रधान जिम्मी राठौर व ग्राम पंचायत सचिव संध्या यादव के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग रखी है। खास बात यह है कि ग्राम पंचायत सचिव इन दिनों निलंबित चल रहीं हैं। साक्ष्य व जांच के लिए 17 दिसंबर को उन्हें बुलाया गया है।

## महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले मदरसा संचालको पर कार्रवाई, होगी मान्यता रद्द

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

इंदौर की महिला को डिजिटल अरेस्ट कर डेढ़ करोड़ की ठगी करने वाले कन्नौज निवासी पिता-पुत्र के मदरसों की मान्यता रद होगी। इसके लिए जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने जांच करवाकर मदरसा शिक्षा परिषद को रिपोर्ट भेजी है। कन्नौज जिले के सतौरा गांव निवासी मदरसा संचालक अली अहमद और उनके बेटे असद अहमद को 5 दिन पहले इंदौर पुलिस ने अरेस्ट किया था। उन्होंने इंदौर की रहने वाली महिला को डिजिटल हाउस अरेस्ट कर डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की थी।

## अधूरी सीवर लाइन का हो गया 86 करोड़ भुगतान, अब होगी जांच और रिकवरी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

90 करोड़ की लागत से बनी अधूरी सीवर लाइन परियोजना में 86 करोड़ का भुगतान कर दिए जाने का मामला सामने आया है। इस परियोजना का काम 8 साल पहले सपा सरकार के दौरान शुरू किया गया था लेकिन अधूरे काम और भ्रष्टाचार के आरोपों ने इसे विवादों में डाल दिया। मामले में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने स्वयं मौके का निरीक्षण कर जांच के आदेश दिए।

### सदिकापुर गांव में नाले की समस्या का निरीक्षण

सदिकापुर गांव, जो नगर क्षेत्र से सटा है, पिछले 12 वर्षों से नाले के गंदे पानी की समस्या से जूझ रहा है। यह मामला मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद मंत्री असीम अरुण ने नगर पालिका और जल निगम के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर नगर पालिका और जल निगम (ग्रामीण व शहरी) के बीच सीवर लाइन हैंडओवर को लेकर विवाद सामने आया। नगर पालिका के चेयरमैन के प्रतिनिधि हाजी रईस ने मंत्री को बताया कि सीवर लाइन में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। हाजी रईस ने आरोप लगाया कि वर्ष 2016 में ठेकेदार ने विभागीय अफसरों की मिलीभगत से 86 करोड़ रुपये का भुगतान करा लिया।

# धनखड़ खुद को आरएसएस का एकलव्य बताते हैं: खड़गे

## सरकार की तारीफ करते हैं, विपक्ष को विरोधी समझते हैं, इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव पर इंडिया ब्लॉक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- सभापति राज्यसभा में स्कूल के हेडमास्टर की तरह व्यवहार करते हैं। विपक्ष का सांसद 5 मिनट भाषण दे तो वे उस पर 10 मिनट तक टिप्पणी करते हैं। सभापति सदन के अंदर प्रतिपक्ष के नेताओं को अपने विरोधी के तौर पर देखते हैं। सीनियर-जूनियर कोई भी हो, विपक्षी नेताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर अपमानित करते हैं। सदन में एक्सपीरियंस नेता हैं, जर्नलिस्ट हैं, लेखक हैं, प्रोफेसर हैं। कई फील्ड में काम कर सदन में आए हैं। 40-40 साल का अनुभव रहा है, ऐसे नेताओं की भी सभापति प्रवचन सुनाते हैं। आमतौर पर विपक्ष चेयर से प्रोटेक्शन मांगता है, सभापति ही संरक्षक होता है। लेकिन उनके व्यवहार के कारण हम अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर हुए हैं। अगर सभापति ही प्रधानमंत्री और सत्तापक्ष का गुणगान कर रहा हो तो विपक्ष की कौन सुनेगा। उनके खिलाफ हमारी कोई निजी दुश्मनी, द्वेष या राजनीतिक लड़ाई नहीं है। देश के नागरिकों को हम विनम्रता से बताना चाहते हैं कि हमने सोच-विचारकर संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए मजबूरी में ये कदम उठाया है।



### नड्डा बोले, अविश्वास प्रस्ताव मुद्दा भटकाने की कोशिश

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी का क्या संबंध है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का सवाल है। यह देश की संप्रभुता पर भी प्रश्नचिह्न है। हम सोरोस पर इसलिए बात करना चाहते हैं, क्योंकि हम आम आदमी के लिए प्रतिबद्ध हैं। चेयर पर आरोप लगाकर अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास किया। यह मुद्दे को भटकाने के लिए कुत्सित प्रयास है।

### कांग्रेस ने सदन की गरिमा गिराई, माफी मांगें: रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 72 साल बाद किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना। ऐसा सभापति मिलना मुश्किल है। विपक्ष ने सदन की गरिमा गिराई है। जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस के बीच रिश्ता क्या है, उन्हें ये बताना चाहिए। कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए।

### मैंने इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा: दिग्विजय

संसद के बाहर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है। वे सत्ता पक्ष के सांसदों को नियम के विपरीत बोलने की छूट देते हैं, जबकि विपक्षी सांसदों को चुप कराते हैं।

### इंडिया ब्लॉक के नेता बोले, विपक्ष की आवाज दबा रहे धनखड़

जो व्यवहार हमारे चेयरमैन का है, हम उससे खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे हैं। हमें बोलने का मौका नहीं मिल रहा है। सत्तापक्ष को पूरा मौका मिलता है।
–नदीम उल हक, टीएमसी नेता

अपोजिशन पार्टी के नेता कोई भी बात कहना चाहे, तो सभापति का आदेश हो जाता है कि नथिंग विल गो ऑन द रिकॉर्ड। देश के दूसरे सबसे बड़े पद के खिलाफ हम अविश्वास प्रस्ताव लाएं ये अच्छा नहीं लगता।
–जावेद अली खान, सपा नेता

सत्तापक्ष के नेता जिस तरह की शब्दावली का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे दुख हो रहा है। कल को सरकार बदलती है तो क्या हम डेमोक्रेसी को कायम रख पाएंगे।
–मनोज झा, राजद नेता

सदन में मैं 22 साल से हूं और 4 चेयरमैन मैंने देखे हैं। आज जो हालात देख रहा हूं, पहले कभी नहीं देखा। हमारे चेयरमैन साहब मजा लेते हैं। वो संसद नहीं, सर्कस चला रहे हैं।
–संजय राउत, शिवसेना यूबीटी नेता

### अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा

इससे पहले आज अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा हुआ। राज्यसभा कल तक के लिए और लोकसभा दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। हालांकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, हमारा मकसद है कि संसद चले, सदन में चर्चा हो। वे (सत्ता पक्ष) मुझे क्या कहते हैं, ये मायने नहीं रखता। हम चाहते हैं कि 13 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हो। संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया।

### राहुल गांधी बोले, हम अडाणी पर चर्चा नहीं छोड़ेंगे

संसद के शीतकालीन सत्र का आज 12वां दिन है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम अडाणी मुद्दे पर चर्चा नहीं छोड़ेंगे। राहुल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से भी मुलाकात की और कार्यवाही से अपमानजनक बातें हटाने की मांग की। राहुल ने कहा- हमारा मकसद है कि संसद चले, सदन में चर्चा हो। वे (सत्ता पक्ष) मुझे क्या कहते हैं, ये मायने नहीं रखता। हम चाहते हैं कि 13 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हो। इधर, राज्यसभा में सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर हंगामा हुआ। राज्यसभा पहले 12 बजे तक, फिर 12 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी का क्या संबंध है, ये सामने आना चाहिए। विपक्ष ने 10 दिसंबर को राज्यसभा के सेक्रेटरी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस दिया था। इसमें 60 सांसदों के दस्तखत थे। विपक्ष का आरोप है कि धनखड़ सदन में बोलने नहीं देते। उनका रवैया पक्षपातपूर्ण है।

### राधाकृष्णनन ने कहा था, मैं सदन में हर पार्टी से जुड़ा हूं

सभापति राजनीति से परे होते हैं। आज सभापति नियमों को छोड़कर राजनीति ज्यादा कर रहे हैं। अंबेडकरजी ने संविधान में लिखा है कि भारत के उप-राष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति होंगे। पहले राज्यसभा सभापति राधाकृष्णन ने 1952 को सांसदों से कहा था कि मैं किसी भी पार्टी से नहीं हूं। इसका मतलब है कि मैं सदन में हर पार्टी से जुड़ा हूं। ये निष्पक्षता को बताता है। सदन में मैं हर पार्टी का आदमी हूं।

### खड़गे बोले, धनखड़ सरकार की तारीफ करते हैं, खुद को आरएसएस का एकलव्य बताते

3 साल में उनका आचरण पद की गरिमा के विपरीत रहा है। कभी सरकार की तारीफ के कसीदे पढ़ते हैं, कभी खुद को आरएसएस का एकलव्य बताते हैं। ऐसी बयानबाजी उनके पद को शोभा नहीं देती। कन्नड़ में कहते हैं कि खुद बाड़ी लगा रहे हैं फसलों की सुरक्षा के लिए और बाड़ी ही खेत को खा रही है तो रक्षा कौन करेगा। हम सुरक्षा उनसे मांगते हैं, अपेक्षा उनसे करते हैं। वे ध्यान नहीं देते, रूलिंग पार्टी के मेंबर्स को कहने के लिए इशारा करते हैं। जब भी विपक्ष सवाल पूछता है तो मंत्रियों से पहले चेयरमैन खुद सरकार की ढाल बनकर खड़े होते हैं। उनके आचरण ने देश की गरिमा को बहुत नुकसान पहुंचाया है। देश के संसदीय इतिहास में ऐसी स्थिति ला दी है कि हमें उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लाना पड़ा।

---

गाजियाबाद वकीलों की प्रदेशव्यापी हड़ताल समाप्त

# कार्य पर लौटेंगे अधिवक्ता



**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

37 दिन पुरानी अधिवक्ताओं की हड़ताल जिला जज के साथ बैठक में वार्ता के बाद समाप्त हो गई है । जिला जज और बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में घटित घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं होने के आश्वासन और पुलिस आयुक्त के साथ वार्ता करके अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने की बात पर सहमति बनी। जिसके बाद दोनों पक्षों में आम सहमति के बाद जारी हड़ताल समाप्त करने पर सहमति बनी ।

गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने संयुक्त रूप से प्रेस से वार्ता करते हुए जानकारी दिया कि सकारात्मक माहौल में जिला जज के साथ वार्ता हुई । दोनों पक्षों द्वारा बीती घटना पर खेद व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसी किसी घटना के पुनरावृत्ति नहीं होने की बात कही।

### हड़ताल वापसी से खिले चेहरे, आज से लौटेंगी रौनक

37 दिन पुरानी हड़ताल वापसी के बाद स्टाम्प वेंडर्स,टाइपिस्ट , स्टेशनरी सहित रोजमर्रा के दुकानदारों सहित वादकारियों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। ज्ञात हो कि 29 अक्टूबर को एक जमानत अर्जी पर बहस को लेकर जनपद न्यायाधीश की अदालत में जनपद न्यायाधीश और पूर्व बार अध्यक्ष नाहर सिंह यादव के बीच नोंक-झोक के बाद पुलिस ने अदालत में ही वकीलों पर लाठीचार्ज कर दिया था। घटना के विरोध में चार नवंबर से अधिवक्ता कचहरी में हड़ताल पर थे।

---

# दिल्ली में बांग्लादेशियों पर एक्शन

**एलजी के आदेश के बाद कई जगह चला अभियान, 150 लोगों के खंगाले गए दस्तावेज**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना निर्देश के बाद दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने बुधवार को कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की तलाश की। पुलिस को कई संदिग्ध भी मिले हैं। इनकी रिपोर्ट तैयार कर जल्द एफआरआरओ (फारनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन आफिस) को साझा की जा रही है। उपराज्यपाल ने देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से वापस भेजने के निर्देश दिए थे। इसके तहत दक्षिणी पूर्वी जिला पुलिस की कई टीम ने कालिंदी कुंज स्थित 100 फुटा रोड पर सत्यापन अभियान चलाया। इसके तहत यहां रहने वाले करीब 150 महिला, पुरुष व बच्चों के पहचान संबंधी दस्तावेजों की वेरिफिकेशन की गई। इस दौरान पुलिस को कुछ संदिग्ध भी मिले। उन्होंने खुद को आसाम का बताया, लेकिन पहचान संबंधी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पुलिस ने इनके बारे में सारी जानकारी रिकार्ड में लेकर पता कर रही है।

---

# अगले साल से सीधे एटीएम से निकाल सकेंगे अपने पीएफ का पैसा: श्रम सचिव



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

श्रम मंत्रालय देश के विशाल कार्यबल को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने आईटी सिस्टम को अपग्रेड कर रहा है। अगले साल से ईपीएफओ ग्राहक सीधे एटीएम से अपने भविष्य निधि को निकाल सकेंगे। श्रम सचिव सुमिता डावरा ने मंगलवार को यह बात कही। श्रम सचिव ने कहा , ÷हम दावों का तेजी से निपटान कर रहे हैं और जीवन को आसान बनाने और प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए काम कर रहे हैं। एक दावेदार, लाभार्थी या बीमित व्यक्ति न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ एटीएम के माध्यम से अपने दावों तक आसानी से पहुंच सकेगा।÷ उन्होंने एएनआई को बताया, ÷सिस्टम विकसित हो रहे हैं और हर दो से तीन महीने में आपको महत्वपूर्ण सुधार दिखाई देंगे। मेरा मानना है कि जनवरी 2025 तक इसमें बड़ा सुधार होगा।÷ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सात करोड़ से अधिक सक्रिय योगदानकर्ता हैं। श्रम सचिव ने जीवन को आसान बनाने के लिए ईपीएफओ सेवाओं को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयासों पर भी जोर दिया। गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभ देने की योजना के बारे में, डावरा ने कहा कि इस मामले में प्रगति हो रही है, लेकिन इसके लिए उन्होंने किसी समयसीमा के बारे में नहीं बताया। उन्होंने कहा, ÷बहुत काम किया गया है, और हमने एक योजना की रूपरेखा तैयार की है जो अब अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।÷ इन लाभों में चिकित्सा स्वास्थ्य कवरेज, भविष्य निधि और विकलांगता के मामलों में वित्तीय सहायता शामिल हो सकती है। गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण लाभ प्रदान करने के लिए एक रूपरेखा का प्रस्ताव करने के लिए विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों वाली एक समिति की स्थापना की गई है।

### श्रम सचिव ने बेरोजगारी पर भी बात की

गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को पहली बार सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में परिभाषित किया गया था, जिसे संसद जिसे संसद ने पास किया। उनकी सामाजिक सुरक्षा और कल्याण से संबंधित प्रावधान संहिता में शामिल हैं। श्रम सचिव ने बेरोजगारी पर भी बात की और कहा कि इसके बढ़ने की दर में गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 2017 में बेरोजगारी दर छह प्रतिशत थी। आज यह घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा, हमारा कार्यबल बढ़ रहा है। श्रम बल भागीदारी दर बढ़ रही है और श्रमिक भागीदारी अनुपात, जो दर्शाता है कि वास्तव में कितने लोग कार्यरत हैं, 58 प्रतिशत तक पहुंच गया है और इसमें वृद्धि जारी है।

---

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 45 पंचायतों को किया सम्मानित कहा, विकसित देश के लिए गांवों का विकास जरूरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय पंचायती राज पुरस्कार से 45 पंचायतों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की 64 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं। इसलिए, एक विकसित देश बनाने के लिए गांवों का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा, बीते दस वर्षों में सरकार ने पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए गंभीर प्रयास किए हैं, जिसका मकसद ठोस नतीजे हासिल करना था। मुर्मू ने कहा, विकसित भारत की नींव केवल आत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीयों निकायों पर रखी जा सकती है। पंचायतों को अपनी आय के स्त्रोत को विकसित करने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके। इससे ग्राम सभाओं को आत्मविश्वास मिलेगा और देश को भी ताकत मिलेगी। पुरस्कार प्राप्त करने वाली पंचायतो को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा, यह पुरस्कार आपके समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने भरोसा जताया कि यह सम्मान उन्हें और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करेगा और अन्य ग्राम पंचायतों को भी गांवों के विकास में प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं को सियासी रूप से मजबूत बना रही हैं। उन्होंने कहा, यह खुशी की बात है कि महिलाएं स्थानीय स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सभी चुने हुए प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को निर्भीक होकर पूरी क्षमता के साथ निभाएं। राष्ट्रपति ने पंचायत चुनावों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव जन प्रतिनिधियों को लोगों के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि पंचायत चुनाव निष्पक्ष तरीके से समय पर हों। चुनाव के दौरान और बाद में हिंसा की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव हमेशा एक सौहार्दपूर्ण माहौल में होने चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, यह याद रखना चाहिए कि गांववाले अपने ही बीच से जनप्रतिनिधियों को चुनते हैं, ताकि उनके भले के लिए काम किया जा सके। मुर्मू ने यह भी कहा कि पंचायती राज प्रणाली का मकसद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जवाबदेह बनाना और प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर विवाद ऐसे होते हैं जो स्थानीय स्तर पर हल किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे ग्राम पंचायत स्तर पर ही गांवों के विवादों का समाधान करें।

---

# भारत पहुंचे नेपाल के सेना प्रमुख सिग्देल, भारतीय सेनाध्यक्ष से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर की बात



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल ने बुधवार को भारत के सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मुलाकात की। चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे नेपाल के सेना प्रमुख ने भारतीय समकक्ष के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि नेपाल के सेना प्रमुख की यात्रा दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। नेपाल के सेना अध्यक्ष 11-14 दिसंबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। 15 दिसंबर को वह काठमांडू रवाना होंगे। नेपाल के सेनाध्यक्ष सिग्देल ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री से भी मुलाकात की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मुलाकात के दौरान व्यापक रक्षा और सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

---

# खाद्य विभाग की लापरवाही जानलेवा साबित हो रही, रेड़ीपटरी से लेकर नामचीन ख़ान पान स्थल पर स्वास्थ्य मानकों की अनदेखी

**■ अवैध खाद्य सामग्रियों पर छापामार कार्रवाई में लापरवाही**

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



जनपद गाजियाबाद का बढ़ता दायरा और विकास योजनाओं के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश हज़ारों की संख्या में मज़दूर और कामगार बढ़ते जा रहे हैं। इतना ही नहीं चतुर्दिक विकास और भाजपा सरकार की विकास की नीतियों, कनेक्टिविटी, सड़क, स्वास्थ्य और सुरक्षा की गारंटी के दावे के बाद और अपराध नियंत्रण के तरीक़ों पर जनता का विश्वास बढ़ा है। इस भरोसे के कारण आस पड़ोस के राज्यों के निवासियों के लिये गाज़ियाबाद सपनों का शहर बनता जा रहा है। लेकिन खाद्य विभाग द्वारा अवैध खाद्य सामग्रियों पर छापेमारी में दिखाई दे रही लापरवाही एक गंभीर चिंता का विषय है। खाद्य सुरक्षा एक मौलिक अधिकार है और खाद्य विभाग की यह लापरवाही न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को खतरे में डालती है बल्कि पूरे खाद्य आपूर्ति श्रृंखला की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाती है। जिसके कारण अभी भी जनपद के अधिकांश परिवार स्वास्थ्य को लेकर खाद्य विभाग की कार्यवाही को लेकर निराश है। जिसके कारण हानिकारक और मिलावटी सामग्रियों का प्रयोग धड़ल्ले से खाद्य पदार्थों में हो रहा है। जिसके कारण आम जनता स्वास्थ्य रक्षा के लिए मोटे पैसे चुकाने को मजबूर है। अवैध खाद्य सामग्री के सेवन से कई तरह की बीमारियां हो रही हैं, जिसमें खाद्य विषाक्तता से लेकर गंभीर बीमारियां भी शामिल हैं।कई मामलों में यह जानलेवा भी साबित होता है। इतना ही नहीं अवैध खाद्य सामग्री का बाजार वैध व्यवसायियों के लिए एक बड़ी चुनौती है और इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंच रहा है।अच्छे और ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर जमकर ग़ैर मानक और मिलावटी खाद्य सामग्री का जमकर उपयोग होटल और खाद्य पदार्थ बेचने वाले कर रहे हैं। प्रदेश सरकार के मुखिया स्वयं औद्योगिक क्षेत्र के रूप में गाजियाबाद और नोएडा के तर्ज़ अन्य जिलों के लिए योजनाओं का पिटारा खोलने में लगे हैं लेकिन खाद्य विभाग की लापरवाही से सरकार की छवि खराब हो रही है और लोगों का विश्वास कम हो सकता है। जिसका ख़ामियाज़ा जनता और सरकार को भुगतना पड़ सकता है।

### कैसे हो नियंत्रण सरकार करे उपाय

**कड़े कार्रवाई:** अवैध खाद्य सामग्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और दोषियों को कठोर सजा दी जानी चाहिए। जिसका नितांत अभाव रहता है। कर्मचारियों की कमी और निजी स्वार्थ की पूर्ति की नीति से कड़े कदम उठाने की ज़हमत विभाग नहीं उठाना चाहता है। अधिकारियों की कार्यालय के कुर्सी प्रेम और प्रशासनिक मीटिंग की जद्दोजहद के गाए जनता के हित के आवश्यक कार्य अधूरे पड़े रहते हैं। जिससे कड़ी कार्यवाही के अभाव में मिलावटखोर ज्यादा सक्रिय हो रहे हैं।

**नियमित निरीक्षण का अभाव:** खाद्य उत्पादकों और विक्रेताओं का नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए। जिसका नितांत अभाव जनपद के सीमा क्षेत्र में देखा जा रहा है। दूध से लेकर खाद्य तेलों से लेकर अन्य सामग्रियों में मिलावट का खेल जमकर खेला आज रहा है। अधिकारी और फील्ड कर्मचारी से अगर शिकायत करो तो आश्वसन में कार्यवाही की बात कहकर पल्ला झाड़ना आम हो गया है।

**जागरूकता अभियान की कमी:** आम जनता को खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे सुरक्षित खाद्य पदार्थों का चयन कर सकें। इसके लिए विभागीय स्तर पर होटल से लेकर सड़कों तक जगह जगह जागरूकता संबंधी प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता होती है।लेकिन शायद ही कोई ऐसा रेस्टुरेंट अथवा होटल होगा जहां खाद्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क अथवा शिकायत के लिए कोई बोर्ड चस्पा होगा। जिसका फायदा होटल संचालक उठाते है।

**शिकायत प्रणाली को मजबूत बनाना:** लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए एक मजबूत प्रणाली प्रदान की जानी चाहिए। जिसका नितांत अभाव है। विभाग को अपने कार्यालय और संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी और कर्मचारी का नंबर और पता लगा बोर्ड की अनिवार्यता करनी चाहिए। जिससे मिलावट और मनमानी रोकने के में एक कदम मजबूती से बढ़ाया आज सके।

### नागरिकों को भी सजग बनने की जरूरत

**जागरूक रहें:** खाद्य उत्पादों के लेबल को ध्यान से पढ़ें और खराब या संदिग्ध दिखने वाले खाद्य पदार्थों से बचें। अगर कोई खाद्य सामग्री अथवा पदार्थ पर संदेह हो तो तत्काल उसकी शिकायत कंपनी अथवा उपभोक्ता मामलों के संबंधित अधिकारी से करें।

**शिकायत दर्ज करें:** यदि आप किसी भी प्रकार की खाद्य सुरक्षा समस्या का सामना करते हैं तो तुरंत खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज करें। अधिकारी और कर्मचारी को लिखित में अपनी शिकायता दर्ज करवाए अथवा मेल करके मामले की सूचना जरूर दे।

### सामाजिक क्रांति के अग्रदूत बने

सामाजिक कुरीतियों की तरह अपने आस पास ऐसे मिलावटखोरों अथवा गलत समान बेचने अथवा प्रयोग करने वाले के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाए और शिकायत करें। अपने समुदाय को जागरूक करें अपने दोस्तों और परिवार को खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)